सुप्रभात
रांची, शनिवार
08.06.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net जेष्ठ, शुक्ल पक्ष, द्वीतिया, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 324



12 कांग्रेस ने आप का छोड़ा साथ

# राष्ट्रपति ने दिया न्योता, कल शपथ लेंगे मोदी

### 25 करोड़ लोगों को गरीबी से निकलना गर्व की बात

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** शुक्रवार को कार्यवाहक पीएम नरेंद्र मोदी एनडीए संसदीय दल का नेता चुने गये। नेता चयन के बाद एनडीए की ओर से सरकार बनाने का दावा पेश किया। एनडीए की तरफ से नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने मोदी को सरकार बनाने का न्यौता दिया। 73 वर्षीय नरेंद्र मोदी नौ जून को तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे। शपथ ग्रहण में बांग्लादेश, श्रीलंका, भूटान, नेपाल, मालदीव और मॉरीशस जैसे देशों के राष्ट्राध्यक्ष शामिल होंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात के बाद संसदीय दल के नेता नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हम अपने अगले कार्यकाल में उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने के प्रयासों में कोई कमी नहीं रखेंगे। यह 18वीं लोकसभा नयी ऊर्जा, युवा ऊर्जा का सदन है।

**देश को निराश नहीं करूंगा**

सरकार बनाने का न्योता मिलने के बाद मनोनीत प्रधानमंत्री मोदी ने देश के नाम संबोधन में कहा, बीते 10 सालों की तरह इस बार भी आप लोगों ने हमें सरकार बनाने का मौका दिया है। देशवासियों को इसबार भी निराश नहीं होना पड़ेगा। पिछले कार्यकाल में भारत दुनिया के लिए विश्वबंधु बनकर उभरा है। इसका सबसे ज्यादा फायदा अब मिलना शुरू हो रहा है। उन्होंने कहा कि दुनिया अनेक संकटों, अनेक तनावों, आपदाओं से गुजर रही है। हम भारतीय भाग्यशाली हैं कि इतने बड़े संकटों के बावजूद भी हम आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में जाने जाते हैं विकास के लिए दुनिया में प्रशंसा हो रही है।

(शेष पेज 11 पर)



### संविधान को माथे से लगाया



एनडीए संसदीय दल की बैठक पुराने संसद भवन के सेंट्रल हॉल में आयोजित की गयी थी। वहां पहुंचने के बाद मोदी ने सबसे पहले संविधान को माथे पर लगाकर प्रणाम किया था। एक्स पीएम मोदी ने यह तस्वीर भी शेयर की है। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा है कि यह संविधान की ताकत है कि एक गरीब और पिछड़े परिवार का बेटा देश की सेवा में सक्षम है। मेरे जीवन का प्रत्येक क्षण डॉ बाबा साहेब अंबेडकर द्वारा दिए गए भारत केसंविधान में निहित महान मूल्यों को बनाए रखने के लिए समर्पित है। हमारा संविधान करोड़ों लोगों को आशा, शक्ति और सम्मान देता है।

### शपथ ग्रहण आज ही अच्छा होता : नीतीश

बैठक को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि शपथ ग्रहण आज हो जाता तो अच्छा होता। हम पूरी तरह से मोदी के साथ हैं। जो काम रह गया है वो मोदी जी इस बार पूरा करेंगे। 'इस बार जो इधर-उधर जीत गया है, वो अगली बार हारेंगे। बिहार के सीएम और जदयू नेता ने कहा कि हमारी पार्टी नरेंद्र मोदी जी को प्रधानमंत्री पद के लिए समर्थन देती है। खुशी की बात है कि वे 10 साल से पीएम हैं और फिर पीएम बनने जा रहे हैं। जो काम बचा है वे उस काम को पूरा करेंगे।

### हम साथ-साथ चलेंगे : नायडू

एनडीए सांसदों को संबोधित करते हुए चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि टीडीपी एनडीए के साथ है। हम पीएम मोदी के 'सबका साथ-सबका विकास' के साथ मिलकर चलेंगे। टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ने कहा- हमने शानदार बहुमत हासिल किया है। चुनाव प्रचार के दौरान देखा है कि 3 महीने तक पीएम मोदी ने कभी आराम नहीं किया। उन्होंने दिन-रात प्रचार किया. उन्होंने जिस भावना के साथ शुरूआत की उसी से खत्म भी किया।

### राष्ट्रपति 9 को शाम 7 बजे दिलायेंगी शपथ

राष्ट्रपति भवन में 9 को शाम 7 बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू प्रधानमंत्री के साथ-साथ केंद्रीय मंत्रिपरिषद के अन्य सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायेंगी। राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति को बताया है कि शपथ ग्रहण के लिए 9 जून की शाम को उन्हें सुविधा रहेगी, तब तक वह मंत्री परिषद की सूची भी सौंप देंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वह देशवासियों को विश्वास दिलाते हैं कि 18वीं लोकसभा में पांच वर्ष के कार्यकाल में वे उसी गति और समर्पण भाव से देश की आशाओं और आकांक्षाओं को पूर्ण करने में कोई कमी नहीं छोड़ेंगे।

### 10 साल का काम तो सिर्फ ट्रेलर था

सांसदों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 2024 का जनादेश एक बात को बार-बार पुख्ता कर रहा है कि आज के परिदृश्य में देश का भरोसा सिर्फ और सिर्फ एनडीए पर है। जब इतना अटूट भरोसा हो तो देश की अपेक्षाएं बढ़ना स्वाभाविक है। मैंने पहले भी कहा था कि हमने जो 10 साल काम किया, वो तो सिर्फ ट्रेलर है... ये सिर्फ चुनावी बयान नहीं था, ये मेरा कमिटमेंट था। मोदी ने कहा कि वे केवल सत्ता सुख के लिए साथ नजर आते हैं।

### आदिवासी बहुल राज्यों पर बोले

एनडीए संसदीय दल की बैठक में मोदी ने कहा कि हमारे देश में 10 राज्य ऐसे हैं जहां हमारे आदिवासी भाइयों की संख्या निर्णायक रूप से अधिक है, एनडीए इन 10 राज्यों में से 7 में सेवा कर रहा है। चाहे वह गोवा हो, झारखंड हो या पूर्वोत्तर, जहां ईसाइयों की संख्या निर्णायक रूप से अधिक है, एनडीए को उन राज्यों में भी सेवा करने का अवसर मिला है। मोदी ने कहा कि एनडीए का मतलब है गुड गवर्नेंस...देश के लोगों ने पिछले दस साल में यह महसूस किया है. गरीबों का कल्याण ही हमारा मकसद है।

## न्यूज डायरी

### जवान को पैरालिसिस अटैक,रांची एयरलिफ्ट

**चाईबासा।** सारंडा जंगल में तैनात सीआरपीएफ 26 बटालियन के जवान उत्तम कुमार को पैरालिसिस अटैक आने तथा स्थिति गंभीर होने के बाद तत्काल उन्हें बीएसएफ का हेलिकॉप्टर से बेहतर इलाज हेतु रांची भेजा गया। शुक्रवार सुबह अचानक बीएसएफ के हेलिकॉप्टर ने मेघाहातुबुरु मैदान स्थित हेलिपैड पर लैंड किया। स्ट्रेचर से हेलिकॉप्टर में चढ़ाया और रांची ले गये।

### बिना विभाग के मंत्री रहेंगे आलमगीर आलम

**रांची।** कैश कांड में जेल में बंद ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के सभी विभाग सीएम चंपाई सोरेन ने अपने पास ले लिया है। अब वह बिना विभाग के मंत्री रहेंगे। इसे लेकर मंत्रिमंडल सचिवालय व निगरानी विभाग में नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।

### केजरीवाल की जमानत पर 14 तक टली सुनवाई

**नयी दिल्ली।** दिल्ली अबकारी नीति कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले के आरोपी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर शुक्रवार को विशेष अदालत में सुनवाई 14 जून के लिए स्थगित कर दी गयी।

### लाखों के पैकेज की नौकरी वाले युवक ने की आत्महत्या

**गिरिडीह ।** एक बड़े कारोबारी के बेटे और लाखों का पैकेज की नौकरी करने वाले चंद्रजीत सिंह वाधवा ( 24) का शव शुक्रवार दोपहर उसके मकतपुर लोहार गली रोड स्थित आवास में फंदे से लटका मिला। इस दौरान मृतक के नाना ने गिरिडीह नगर थाना पुलिस को जानकारी दी की उनका नाती चंद्रजीत सिंह वाधवा को वो कॉल कर रहे थे, लेकिन कॉल उठा नहीं रहा था। इसके बाद नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद भी पुलिस जवानों के साथ तुरंत उसके मकतपुर लोहार गली रोड स्थित आवास पहुंचे और घर का मेन गेट तोड़ कर भीतर गए, तो देखा कि शव फंदे से लटक रहा है। मृतक के जेब से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ, जिसने मृतक चंद्रजीत ने अपने इच्छा से आत्महत्या की बात लिख रखी थी। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं हो सका है। मृतक के पिता करोड़ों रुपए की संपति के मालिक है तो वो खुद भी प्राइवेट जॉब करता था।

### दुष्कर्म-हत्या मामले में सीडब्ल्यूसी ने लिया संज्ञान

**पलामू।** जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र की रहने वाली 13 साल की आदिवासी किशोरी की दुष्कर्म के बाद हत्या मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। इस बीच सीडब्ल्यूसी पलामू ने मामले में संज्ञान ले लिया है। रामगढ़ थाना पुलिस से रिपोर्ट मांगी है। 13 वर्षीय आदिम जनजाति लड़की की बिहार के सासाराम में दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गयी थी। 3 जून को उसका शव गांव लाकर दफना दिया गया था।

# टैक्स वसूली के लक्ष्य को हासिल करें : मुख्यमंत्री

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने वाणिज्य कर विभाग को चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में राजस्व प्राप्ति के निर्धारित छह हजार करोड़ रुपए के लक्ष्य को हासिल करने के लिये सभी समुचित कदम उठाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि राजस्व संग्रहण के कार्य में तेजी लायें। मुख्यमंत्री शुक्रवार को वाणिज्य कर विभाग द्वारा राजस्व संग्रहण की समीक्षा कर रहे थे।

मौके पर वाणिज्य कर विभाग की ओर से बताया गया कि चालू वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में छह हजार करोड़ रुपए के राजस्व संग्रहण के लक्ष्य की तुलना में 35 सौ करोड़ रुपये टैक्स की वसूली की जा चुकी है । इसके साथ टैक्स वसूली के कार्य मे तेजी लाई जा रही है। ज्ञात हो कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 26000 करोड़ रुपये के राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य वाणिज्य कर विभाग ने रखा है।

**जीएसटी आकलनपर दिये अहम निर्देश :** मुख्यमंत्री ने वाणिज्य कर विभाग से कहा कि ओडिशा, बिहार, छत्तीसगढ़ और बंगाल जैसे राज्यों के संदर्भ में जीएसटी से संबंधित आकलन प्राप्त कर तुलनात्मक प्रतिवेदन तैयार करें। इस मौके पर वाणिज्य कर विभाग की ओर से बताया गया कि जीएसटी कंपनसेशन के रूप में भारत सरकार के द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 में 165 करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध कराई गयी। लेकिन अबतक देय राशि का भुगतान लंबित है।



### वन टाइम सेटलमेंट से राजस्व बढ़ाने का प्रयास

वाणिज्य कर सचिव ने मुख्यमंत्री को इस बात से अवगत कराया कि विभाग के द्वारा वन टाइम सेटलमेंट स्कीम के माध्यम से राजस्व बढ़ाने की दिशा में प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से वाणिज्य कर विभाग में एडिशनल कमिश्नर और ज्वाइंट कमिश्नर के रिक्त पदों को भरने की दिशा में आवश्यक निर्देश देने का आग्रह किया।

### एक सीओ समेत चार अफसर पर गिरी गाज

**रांची।** अब चंपाई सोरेन सरकार एक्शन मोड में आ चुकी है। सीएम चंपाई सोरेन ने एक सीओ समेत चार अफसरों पर विभागीय कार्रवाई की अनुमति दे दी सीएमओ शुक्रवार बताया कि जिन चार पर कार्रवाई की अनुमति मिली है वे हैं-राम प्रवेश कुमार, चंद्रशेखर सिंह, अवधेश कुमार पांडेय और डॉ अशोक कुमार पाठक। इनमें दो अधिकारी सेवानिवृत हो गए हैं। धनबाद बलिपुर के तत्कालीन अंचल अधिकारी राम प्रवेश कुमार पर झारखंड सरकारी सेवक नियमावली 2016 के तहत एक वेतन वृद्धि पर रोक के प्रस्ताव को सरकार ने स्वीकृति दी है। चन्द्रशेखर सिंह, जिनपर बीडियो सोनवर्षा में पदस्थापन के दौरान

#### सीएम ने दी कार्रवाई की अनुमति

अनियमितता को लेकर विभागीय कार्रवाई चल रही थी। सेवानिवृति के बाद उनपर लगे आरोप सही पाये जाने के बाद उनके पेंशन को रोकने के प्रस्ताव को सरकार ने मंजूरी दी है। वहीं अवधेश कुमार पांडेय, सेवानिवृत तत्कालीन नगर आयुक्त, धनबाद पर पद पर रहते हुए गंभीर आरोप लगे थे। विभागीय जांच में इसे सही पाया गया। उनकी 5 फीसदी पेंशन की राशि की कटौती के प्रस्ताव को सरकार ने स्वीकृती दी है। वहीं, डॉ अशोक कुमार पाठक तत्कालीन सिविल सर्जन, बोकारो पर विभागीय कार्रवाई की सरकार ने स्वीकृति दी है।

# लैंड फॉर जॉब मामले में लालू समेत 78 पर चार्जशीट दायर

## सीबीआइ ने नौकरी पानेवाले 38 उम्मीदवारों को भी बनाया आरोपी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** जमीन के बदले नौकरी (लैंड फॉर जॉब) मामले में सीबीआइ ने शुक्रवार को दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में अंतिम चार्जशीट दाखिल कर दी। चार्जशीट में लालू यादव सहित अन्य 78 लोगों को आरोपित बनाया गया है। इनमें रेलवे में नौकरी पाने वाले 38 उम्मीदवार भी शामिल हैं। स्पेशल जज विशाल गोगने ने चार्जशीट पर 6 जुलाई को सुनवाई करने का आदेश दिया। सीबीआई ने अदालत को बताया कि सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी का इंतजार है। अदालत 6 जुलाई को आरोप पत्र पर विचार करेगी। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से पेश वकील डीपी सिंह ने कहा कि इस मामले में अभियोजन चलाने के लिए अनुमति का इंतजार किया जा रहा है। इससे पहले 31 मई को राऊज एवेन्यू कोर्ट ने सीबीआई को अंतिम चार्जशीट दाखिल करने के लिए एक हफ्ते का समय दिया था, जिसके बाद सीबीआई ने आज चार्जशीट दाखिल की है। कोर्ट ने 7 मार्च को राबड़ी देवी मीसा भारती, हीमा यादव और हृदयानंद चौधरी को नियमित जमानत दी थी। इस मामले में कोर्ट ने 27 जनवरी को इडी की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। 9 जनवरी को ईडी ने इस मामले में चार्जशीट दाखिल की थी। इडी ने इस मामले में अमित कात्याल को गिरफ्तार किया था। अमित कात्याल अभी अंतरिम जमानत पर है। इस मामले में ईडी के पहले सीबीआइ ने केस दर्ज किया था। सीबीआई का मामला भी दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में ही चल रहा है। सीबीआइ से जुड़े मामले में कोर्ट ने 4 अक्टूबर, 2023 को बिहार के पूर्व उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी को जमानत दी थी। कोर्ट ने 22 सितंबर, 2023 को सीबीआई की ओर से दाखिल दूसरी चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। 3 जुलाई, 2023 को सीबीआई ने पूरक चार्जशीट दाखिल की थी। कोर्ट ने 27 फरवरी, 2023 को सभी आरोपितों के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। 7 अक्टूबर, 2022 को लैंड फॉर जॉब मामले में सीबीआई ने लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी और मीसा भारती समेत 16 आरोपितों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। सीबीआई ने मई के तीसरे सप्ताह में इस मामले में लालू यादव के परिजनों से जुड़े 17 ठिकानों पर छापेमारी की थी। ये छापेमारी लालू यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और बेटी मीसा भारती के पटना, गोपालगंज और दिल्ली स्थित ठिकानों पर की गयी थी।



### लेवी वसूलने जा रहे तीन नक्सली गिरफ्तार

**खूंटी।** पीएलएफआई के नक्सली अपनी जीविकोपार्जन के लिए राशन दुकानदारों से लेवी वसूली करते थे। इस मामले में तोरपा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को पीएलएफआई के तीन नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान राहुल साहू, बालेश्वर साहु उर्फ बुधु, लुकस होरो उर्फ लुका के रूप में की गयी। वहीं, पुलिस को गिरफ्तार नक्सलियों के पास से 4 मोबाइल, पीएलएफआई संगठन के विस्तार के प्रेस विज्ञप्ती और दो बाइक बरामद किया गया है।

# सांसद गलत फोन रिसिव के शिकार से बचें: मोदी

## मंत्रिमंडल को लेकर न लॉबिंग करें और न ही किसी पर यकीन

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** मनोनीत पीएम मोदी ने साफ कर दिया है कि मंत्रिमंडल को लेकर कोई भी न लॉबी करे और न ही किसी पर यकीन करे। उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति उन्हें जानता है, उन्हें पता है कि हम किस तरह से काम करते हैं। मोदी ने यह भी कहा कि आपमें से किसी को भी मंत्रिमंडल में शामिल होने को लेकर कोई फोन जाये, तो आप पहले उस फोन की ऑथेंसिटी चेक कर लेना, अन्यथा आपको दिक्कत होगी। नरेंद्र मोदी ने कहा कि अक्सर सांसद गलत फोन रिसिव के भी शिकार हो जाते हैं, और वे वैसे सोर्स पर निर्भर हो जाते हैं, जिनकी सत्यता संदिग्ध होती है। हालांकि, मीडिया में मोदी मंत्रिमंडल को लेकर तरह-तरह की खबरें चल रहीं हैं। खबरों के मुताबिक किसी भी हाल में भाजपा टॉप चार मंत्रालयों के साथ समझौता नहीं कर सकती है। सूत्रों के उनके गृह, वित्त, विदेश और रक्षा विभाग भाजपा नेताओं के पास ही रह सकते हैं। कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी में जो भी मंत्रालय आते हैं, भाजपा हर हाल में चाहेगी कि उन्हें अपने पास ही रखें। यह पहली बार होगा कि नरेन्द्र मोदी किसी गठबंधन सरकार का नेतृत्व करेंगे। लिहाजा अटकलों का बाजार गर्म है। हां, उनके पक्ष में एक बात जरूर जाती है कि भाजपा को 240 सीटें मिली हैं, यानी उनकी जितनी संख्या है, कोई भी दूसरा दल उनके आसपास भी नहीं है। मीडिया रिपोर्ट की मानें को टीडीपी ने स्पीकर पद को लेकर अपनी मांग रखी है।

(शेष पेज 11 पर)

# मोदी कैबिनेट 3.0 में झारखंड से इन्हें मिल सकता है मौका

## चर्चा में निशिकांत,अन्नपूर्णा, सीपी चौधरी, विद्युत वरण महतो, वीडी राम भी शामिल

एजेंसी

**नयाी दिल्ली।** पीएम मोदी के नये कैबिनेट में झारखंड से भाजपा के आठ व आजसू के एक सांसद में किसी दो को मौका मिलने की संभावना है। एनडीए के अहम सहयोगी के तौर पर आजसू के चंद्रप्रकाश चौधरी को मौका मिलता है तो भाजपा के किसी एक सांसद को मंत्री पद दिया जा सकता है। मोदी के दूसरे कैबिनेट में कृषि व जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री का अहम दायित्व अर्जुन मुंडा के जिम्मे था। पर इसबार अर्जुन मुंडा खूंटी संसदीय क्षेत्र से चुनाव हार चुके हैं। वहीं कोडरमा संसदीय क्षेत्र से लगातार दूसरी बार बड़े अंतर से चुनाव जीतीं अन्नपूर्णा देवी निवर्तमान सरकार में केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री हैं। उनको भी नये कैबिनेट में अवसर मिलने की उम्मीद है। चर्चा में निशिकांत और वीडी राम के भी नाम है। निशिकांत लगातार चौथी बार सांसद बने हैं। साथ ही संताल इलाके पाटी के एकमात्र सांसद हैं। वहीं राज्य में नवंबर-दिसंबर महीने में विधानसभा के चुनाव भी होने हैं। आगामी चुनावों में कुरमी वोटरों को साधने की भी चुनौती है। इस दिशा में पार्टी आगे बढ़ी तो एनडीए के सहज सहयोगी आजसू के चंद्रप्रकाश चौधरी व जमशेदपुर से भाजपा सांसद विद्युतवरण महतो के नाम पर भी विचार हो सकता है। विद्युतवरण जहां तीसरी बार लगातार सांसद बने हैं, वहीं चंद्रप्रकाश चौधरी का यह दूसरा टर्म है।

लोकसभा की एससी आरक्षित सीट पर पलामू से जीते बीडी राम को दलित समाज को साथ जोड़े रखने की कवायद में भाजपा मौका दे सकती है। बीडी राम लगातार तीसरी बार लोकसभा के सांसद चुने गये हैं। वह झारखंड के डीजीपी भी रह चुके हैं।



### चार मंत्रालय पर नीतीश की नजर

**नयी दिल्ली।** नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का दारोमदार दो बड़े घटक दलों जदयू और टीडीपी पर टिका है। इस स्थिति का फायदा उठाने के लिए दोनों राजनीतिक दल तैयार हैं और अपनी-अपनी मांगों की लिस्ट पीएम मोदी के सामने रख चुके हैं। सूत्र बता रहे हैं कि नीतीश कुमार केंद्र सरकार में इस बार तीन कैबिनेट और एक राज्यमंत्री की उम्मीद कर रहे हैं। नीतीश कुमार की नजरें तीन अहम मंत्रालयों रेल, ग्रामीण विकास, कृषि और सड़क-परिवहन मंत्रालय पर लगी है। राजनीतिक गलियार में चर्चा है कि अगर नीतीश कुमार को मनमाफिक चार मंत्री पद मिले तो जदयू कोटे से ललन सिंह, संजय झा,दिनेश चंद्र यादव और कौशलेंद्र कुमार मंत्री बन सकते हैं। इनमें ललन सिंह भूमिहार, संजय झा ब्राह्मण, दिनेश चंद्र यादव यादव और कौशलेंद्र कुमार कुर्मी समुदाय से ताल्लुक रखते हैं। वैसे चर्चा रामप्रीत मंडल और लवली आनंद की भी है। मंडल इबीसी हैं, जबकि आनंद राजपूत समुदाय से हैं।

(शेष पेज 11 पर)

### यूपी में सड़क हादसा टाटा के तीन की मौत

**जमशेदपुर।** उत्तरप्रदेश में शुक्रवार को हुई एक सड़क हादसे में जमशेदपुर के तीन लोगों की मौत हो गयी। जानकारी के मुताबिक तीनों कार से जा रहे थे इसी दौरान कार अनियंत्रित होकर हाइवे से नीचे गड्ढे में गिर गयी। मृतकों में जमशेदपुर के टिनप्लेट निवासी कविश्वरी जसवीर सिंह मत्तेवाल, उनके दामाद हरचरण सिंह व तारसिक्का गांव के गुरप्रीत सिंह शामिल हैं। यह हादसा यूपी के फतेहपुर जिले के खागा कोतवाली क्षेत्र में हुआ। तीनों लोग सफेद रंग की कार (जेएच-05-सीएल-2674) में सवार होकर अमृतसर से जमशेदपुर आ रहे थे। हादसा शुक्रवार की दोपहर दो बजे ब्राह्मणपुर मोड़ के पास हुआ।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 68800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 97000 रु./प्रति किलो |



# अभी नहीं मिलेगी गर्मी से राहत, 11 जून तक चलेगा हीट वेव

दुमका, पाकुड़, साहिबगंज और गोड्डा को छोड़कर सभी जिलों में हीट वेव की चेतावनी

## झारखंड में 16-17 जून को मॉनसून करेगा प्रवेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड के लोग फिलहाल गर्मी से बेहाल हैं। सभी राज्य में मानसून के प्रवेश करने का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन मौसम विभाग की मानें तो इस बार राज्य में 16 या 17 जून को ही मॉनसून का प्रवेश होगा। 11 जून तक कई जिलों में हीट वेव की चेतावनी जारी की गयी है। वहीं, राजधानी रांची में पूरे दिन धूप खिली रही। इस दौरान अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि न्यनतम तापमान 27 डिग्री रहा। सबसे अधिक तापमान गढ़वा में रिकॉर्ड किया गया। जहां का अधिकतम पारा 45 डिग्री रहा।



### पलामू और चतरा का पारा 44 डिग्री से.

वहीं, पलामू और चतरा कास तापमान 44 डिग्री तो कोडरमा व लातेहार 43 डिग्री सेल्सियस रहा। उसी तरह देवघर और धनबाद का पारा 42 तो दुमका, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज में 40 डिग्री रहा। जबकि गिरिडीह और बोकारो में 41 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं सबसे कम तापमान रामगढ़ में दर्ज किया गया। जहां का पारा 37 डिग्री था। रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो 8 जून से 11 जून तक झारखंड का मौसम इसी तरह रहेगा। इस दौरान दुमका, पाकुड़, साहिबगंज और गोड्डा को छोड़कर सभी जिलों में हीट वेव की चेतावनी जारी की गयी है।

**रांची में 11 से 13 जून तक बारिश होने की संभावना :** मौसम विज्ञान केंद्र रांची के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने कहा है कि उत्तर-पश्चिम मध्य प्रदेश से एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन बना है, जो झारखंड होकर पश्चिम बंगाल की तरफ चल रहा है। इस वजह से रांची के कई इलाकों में 11 से 13 जून तक बारिश होने की संभावना है।

**आज इन जिलों में बारिश और वज्रपात की संभावना :** झारखंड के कई जिलों में कल गर्मी से थोड़ी राहत मिल सकती है। मौसम विभाग की मानें तो रांची, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम, खूंटी, सरायकेला और पूर्वी सिंहभूम के कई इलाकों में बारिश और वज्रपात की संभावना है।

# दुमका सीट पर पुनर्मतदान की मांग

**रांची।** भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल न्यायिक मामले के प्रमुख सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में चुनाव आयोग पहुंच कर दुमका सांसद नलिन सोरेन के विजय जुलूस में नाचने वाले थाना प्रभारी की बर्खास्त करने की मांग की है। सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि पांच जून को कुंडहित मुख्य सड़क पर दुमका लोक सभा से विजयी प्रत्याशी का विजय जुलूस था और उसमें नाला विधान सभा अंतर्गत जामताड़ा जिला के कुंडहित थाना प्रभारी सुरेश दुबे का सार्वजनिक नाच चल रहा था। थाना प्रभारी का काम विजय जुलूस में विधि व्यवस्था देखना काम होता है न कि विजय जुलूस में नाचना। उन्होंने कहा कि किस प्रकार झामुमो ने प्रशासन का उपयोग चुनाव में किया है, उसका उदाहरण मात्र है। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की है की सुरेश दुबे को बर्खास्त कर दुमका लोक सभा सीट पर पुनः मतदान हो।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT, ROAD DIVISION, GUMLA**

**e-Procurement Notice - 2nd Call**

e-Tender Reference No. RCD/GUMLA/ 463 Date :- 06.06.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Improvement of Riding Quality Work of Kamdara - Bero Road (0.00 Km to 23.46 Km) under Road Division, Gumla for The year 2023-24 |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs.- 14,58,17,452.00(Rs. Fourteen Corer Fifty Eight lacs Seventeen Thousand Four Hundred Fifty Two One) Only. |
| 3. | Time of Completion | 06 Months |
| 4. | Last date/Time for receipt of bids | 18/06/2024 Up to 12:00 Noon |
| 5. | Date of Publication of Tender on website | 10/06/2024 From 10:30 A.M. |
| 6. | Opening Date of Tender | 19/06/2024 12.30 PM |
| 7. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Road Construction Department, Road Division, Gumla. |
| 8. | Contact no. of e-Procurement officer | 06524-222097 |
| 9. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2401010 |

1. Tender amount can be increased or decreased.
2. Details can be seen on website https://jharkhandtenders.gov.in
3. Cost of bidding document & bid security shall be payable online in adherence to memo No -120 Dt- 03.10.2023 of IT & e-governance Department, Govt. of Jharkhand.

Sd/-
Executive Engineer,
RCD, Road Division, Gumla

PR 325416 (Road) 24-25 (D)



**कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा**

विज्ञापन संख्या–01 / 2024

नियुक्ति

1. जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा में एल0 ए0 डी0 सी0 एस0 के कार्यालय में पूर्णतः अनुबंध के आधार पर (शुरूवात में एक वर्ष के लिए जो कार्य संतोषजनक पाये जाने पर पुनः एक वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकेगा) कार्यालय सहायक / लिपिक–सह–रिसेप्सनिस्ट–सह–डाटा इंट्री ऑपरेटर (टाईपिस्ट) एवं कार्यालय पिउन (मुंशी / परिचारक) की नियुक्ति हेतु योग्य उम्मीदवारों से विहित पत्र में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।
2. रिक्तियों की विवरणी निम्नांकित हैं :–

| क0 सं0 | पदनाम | कुल रिक्त पद |
|---|---|---|
| 1. | कार्यालय सहायक / लिपिक–सह–रिसेप्सनिस्ट–सह–डाटा इंट्री ऑपरेटर (टाईपिस्ट) | 01 |
| 2. | कार्यालय पिउन (मुंशी / परिचारक) | 01 |

3. **शैक्षणिक योग्यता एवं मानदेय** :– पदों की शैक्षणिक योग्यता एवं मानदेय निम्न है :–

| क0 सं0 | पदनाम | मानदेय (प्रतिमाह) | योग्यता | भर्ती का तरीका |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कार्यालय सहायक / लिपिक–सह–रिसेप्सनिस्ट–सह–डाटा इंट्री ऑपरेटर (टाईपिस्ट) | 15000 / – | स्नातक या समकक्ष तथा बुनियादी वर्ड प्रोसेसिंग कौशल और कंप्युटर संचालित करने की योग्यता एवं डाटा फीड करने एवं इंट्री का अनुभव, याचिका के उचित सेटिंग के साथ अच्छे टाईपिंग की गति, श्रुतिलेख लेने एवं अदालत में प्रस्तुतियों के लिए फाइलें तैयार करने एवं संधारित करने की क्षमता। | लिखित परीक्षा एवं साक्षातकार |
| 2. | कार्यालय पिउन (मुंशी / परिचारक) | 10000 / – | मैट्रिक या समकक्ष | स्किनिंग टेस्ट एवं साक्षातकार |

4. उम्मीदवार भारत का नागरिक हो, मानसिक, शारीरिक रूप से स्वस्थ हो, नैतिक चरित्र अच्छा हो एवं किसी आपराधिक आचरण वाले किसी मामले में वांछित या सजा याफ्ता न हो तथा विवाहित होने की स्थिति में उनका एक से अधिक जीवित पत्नी / पति न हो।
5. उपरोक्त पदों पर उम्मीदवारों की उम्र सीमा दिनांक 31.05.2024 को कम से कम 18 वर्ष तथा सामान्य जाति के लिए अधिकतम 35 वर्ष, पिछड़ी जाति / अत्यंत पिछड़ी जाति के लिए अधिकतम 37 वर्ष, महिलाओं के लिए अधिकतम 38 वर्ष तथा अनुसूचित जाति / जन जाति पुरूष महिला के लिए अधिकतम 40 वर्ष होनी चाहिए।
6. अपनी उम्र, शैक्षणिक तथा वांछित योग्यता से संबंधित प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति एवं आरक्षित वर्ग के आवेदक आरक्षण से संबंधित प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति आवेदन के साथ संलग्न करें।
7. उम्मीदवार अपना आवेदन पत्र देवनागरी लिपि में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा को संबोधित करते हुए विहित प्रारूप में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में विज्ञापन की तिथि से कार्यालय अवधि के दौरान सुबह 07:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक निबंधित डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा अथवा हाथों हाथ जमा कर सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 18.06.2024 है। अंतिम तिथि पर आवेदन अपराह्न 01:00 बजे तक निबंधित डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा अथवा हाथों हाथ स्वीकार किये जायेंगे। उपरोक्त तिथि और समय के उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
8. आवेदक, आवेदन पत्र के साथ तीन अद्यतन पासपोर्ट साईज का फोटोग्राफ संलग्न करें, जिसमें एक आवेदन पत्र पर सटा रहना चाहिए एवं दो अतिरिक्त पासपोर्ट साईज का फोटोग्राफ आवेदन के साथ संलग्न करें। स्व0 पता लिखा लिफाफा 25 से0 मी0 X 11 से0 मी0 (प्रवेश पत्र पर निर्गत करने हेतु) जिस पर 40 / – रूपये का डाक टिकट सटा हुआ हो, आवेदन पत्र के साथ संलग्न हो।
9. महत्वपूर्ण निर्देश :–

i. आवेदन पत्र का प्रारूप क एवं ख के प्रारूप को पृथक पन्नों में आवेदन के साथ संलग्न करें। प्रपत्र क के प्रारूप को हिन्दी में भरें जो स्वहस्ताक्षरित हो। आवेदन प्रपत्र ख को अपनी लिखावट में भरकर आवेदन के साथ संलग्न करें। प्रपत्र ख की कंडिका 4 एवं 5 को छोड़कर अन्य कंडिकाएँ आवेदक स्वयं भरें। आवेदन पत्र का प्रारूप व्यवहार न्यायालय, सिमडेगा की वेबसाइट https://districts.ecourts.gov.in/simdega से भी डाउनलोड किया जा सकता है।
ii. आवेदकों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, (व्यवहार न्यायालय), सिमडेगा में आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक वांछित शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करना अनिवार्य होगा।
iii. उम्मीदवार एक आवेदन पत्र पर केवल एक ही पद के लिए आवेदन कर सकते हैं।
iv. उपरोक्त वांछित सूचनाएँ किसी प्रकार से अपूर्ण होने पर अथवा वांछित प्रमाण पत्र संलग्न नहीं रहने पर उम्मीदवार का आवेदन किसी भी समय रद्द कर दिया जायेगा और तत्संबंधी किसी भी प्रकार का पत्राचार अमान्य होगा।
v. आवेदक का प्रवेश पत्र, जिसमें परीक्षा / साक्षात्कार का स्थान एवं तिथि अंकित होगी, उनके दर्शाये गये पते पर डाक द्वारा भेजा जायेगा।
vi. उम्मीदवार द्वारा नियुक्ति प्रक्रिया को किसी भी रूप से प्रभावित करने के प्रयास को उनकी अयोग्यता मानते हुए उनकी अभ्यर्थिता तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी जायेगी।
vii. लिफाफे के उपर विज्ञापन संख्या, आवेदित पद का नाम एवं श्रेणी बड़े–बड़े एवं साफ अक्षरों में लिखा जाना आवश्यक है।
viii. वर्तमान विज्ञापन में किसी भी प्रकार का संशोधन अथवा निरस्तीकरण का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
ix. परीक्षा / साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने पर कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा।
x. आवेदन भेजने का पता (निबंधित डाक / स्पीड पोस्ट या हाथों हाथ)

सेवा में,
सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, (व्यवहार न्यायालय), सिमडेगा।
पिन कोड– 835223

ह0 / –
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
(व्यवहार न्यायालय), सिमडेगा।

PR.NO.325370 Simdega(24-25):D


झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लि. के भवन निर्माण की योजनाओं की समीक्षा

# राज्य में स्वीकृत थाना भवनों का जल्द निर्माण हो : सीएम

गोड्डा, जामताड़ा और पाकुड़ में नई पुलिस लाइन का शीघ्र होगा उद्घाटन, थाना परिसरों में पौधरोपण करने का दिया निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड के भवन निर्माण से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा की। इस मौके पर झारखंड कॉरपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक प्रशांत सिंह ने बताया कि गोड्डा, जामताड़ा और पाकुड़ में नई पुलिस लाइन का निर्माण हो चुका है। इसका शीघ्र उद्घाटन किया जाना है। वहीं, पुलिस भवन, पुलिस लाइन और थानों से संबंधित 290 भवनों के निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। उन्होंने प्रस्तावित नये पुलिस मुख्यालय से जुड़ी जानकारी भी मुख्यमंत्री को दी।

### सभी लंबित योजनाएं शीघ्र पूरी करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा जिन भवन निर्माण योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाना है, उसमें पूरी पारदर्शिता बरती जानी चाहिये। मुख्यमंत्री ने स्वीकृत सभी थाना भवनों का निर्माण शीघ्र शुरू करने और लंबित भवनों का निर्माण कार्य यथाशीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी थानों के परिसर में वन विभाग के सहयोग से पौधरोपण करने को भी कहा। मौके पर मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार और मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल मौजूद थे।

## आलमगीर के सभी विभाग सीएम को आवंटित

अब बिना विभाग के मंत्री रह गये आलमगीर आलम

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्ण ने ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के विभागों को वापस लेते हुये मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को आवंटित कर दिया गया है। सीएम को पूर्व में आवंटित विभागों के अलावा ग्रामीण विकास विभाग ग्रामीण कार्य विभाग पंचायती राज विभाग और संसदीय कार्य विभाग का भी काम काज सौंप दिया गया है। मुख्यमंत्री की सलाह पर राज्यपाल ने यह संशोधन किया है। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

मालूम हो कि आलमगीर आलम मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की गिरफ्त में हैं और फिलहाल जेल में हैं। उनके जेल में रहने की वजह से इन विभागों का कामकाज पूरी तरह से प्रभावित हो गया था। योजनाओं के आवंटन से लेकर स्वीकृति में परेशानी हो रही थी। आलमगीर आलम ने अपने पद से इस्तीफा नहीं दिया है।

## दपूरे के नए सीपीआरओ बने ओम प्रकाश चरण

**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे के नये सीपीआरओ ओम प्रकाश चरण ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। इससे पहले चरण खड़गपुर के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के पद पर कार्यरत थे। 2013 बैच के भारतीय रेलवे यातायात सेवा के अधिकारी ओम प्रकाश के पास ट्रेन परिचालन और रेलवे के वाणिज्यिक पहलुओं का व्यापक अनुभव है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ की बैठक

# अब विस चुनाव को लेकर मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में जुट जाएं

मतदान कर्मियों एवं चुनाव कार्य से जुड़े वाहन मालिकों का भुगतान करने का निर्देश



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने शुक्रवार को सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ बैठक की। यह बैठक संपन्न हुए लोकसभा निर्वाचन में कोई भी अप्रत्याशित कमियों का आकलन कर उन्हें सुधारने तथा आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए विमर्श के उद्देश्य से बैठक आहूत की गयी थी। उन्होंने कहा कि राज्य में लोकसभा निर्वाचन निष्पक्ष, भयमुक्त और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने में निर्वाचन से जुड़े सभी पदाधिकारियों, कर्मियों ने अपनी महती भूमिका निभायी है। यह भी कहा कि झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए अभी से तैयारी प्रारंभ कर दें। लोकसभा चुनाव के दौरान बने बूथ अवेयरनेस समूहों और ईएलसी समूहों को सक्रिय करना होगा। उन्होंने निर्देश दिया कि सरकारी भवनों आदि पर दीवार लेखन कर संबंधित बूथ लेवल ऑफिसर का नाम एवं नंबर अंकित करायें ताकि मतदाता अपने क्षेत्र के बीएलओ से सुगमता से संपर्क कर सकें।

उन्होंने कहा कि विधानसभा निर्वाचन के परिप्रेक्ष्य में मतदाता सूची के प्रकाशन का कट ऑफ डेट 1 अक्टूबर रखा जा रहा है। इस तिथि के पूर्व घर-घर जाकर मतदाताओं का पुनरीक्षण कर लें। इस दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सभी मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से मिलान करते हुये नये मतदाताओं को जोड़ने के साथ जो मतदाता शिफ्ट कर चुकें हैं अथवा जिनकी मृत्यु हो गयी है, उनका नाम सूची में अद्यतन करें।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि पदाधिकारी 80 प्रतिशत से कम मतदान वाले मतदान केंद्रों का स्वयं भौतिक निरीक्षण करें। उन्होंने सभी उप निर्वाचन पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि चुनाव आयोग के निर्देश पर शत प्रतिशत मतदान केंद्रों पर न्यूनतम सुविधा सुनिश्चित करायें। श्री कुमार ने कहा कि मतदान कर्मियों एवं मतदान कार्य में लगे वाहनों के मालिकों को नियमानुसार समय पर भुगतान सुनिश्चित करें।

# जेएमएम और आजसू के गढ़ में 'टाइगर' जयराम महतो ने दिखायी अपनी ताकत

प्रभात सिंह



**रांची।** झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम कुमार महतो झारखंड की राजनीति में एक उभरता हुआ चेहरा हैं। जयराम और उनकी टीम का कमाल जितना लोकसभा में दिखा उससे कहीं अधिक विधानसभा में असर दिखायेगा। गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के डुमरी और गोमिया झारखंड मुक्ति मोर्चा और आजसू पार्टी का गढ़ रहा है। पिछले लोकसभा चुनाव में डुमरी से आजसू को एक लाख से अधिक वोट मिले थे, जबकि इस चुनाव में आजसू को 55,421 वोट मिले। डुमरी विधानसभा सीट झामुमो के कब्जे में है और यहां की विधायक बेबी देवी राज्य में मंत्री भी हैं। पिछले साल हुए विधानसभा उपचुनाव में बेबी देवी को एक लाख से अधिक वोट मिले थे। वहीं झामुमो प्रत्याशी मथुरा महतो को 52,193 वोट ही मिला। डुमरी से पहली बार चुनाव लड़ रहे जयराम को 90,541 वोट मिले थे।

गोमिया की बात करें तो यहां के विधायक आजसू के लंबोदर महतो हैं बावजूद इस क्षेत्र से सीपी चौधरी को 66,488 वोट मिले। यह क्षेत्र भी झामुमो के प्रभाव वाला भी है, फिर भी झामुमो प्रत्याशी को 58,828 वोट ही मिला। यहां जयराम को 70,828 वोट मिले। कोयलांचल की धरती पर कमोबेश हर वर्ग ने जयराम को स्वीकार किया है। जयराम को 3,47,322 लोगों का वोट के रूप में समर्थन मिला। यह चुनौती विधानसभा में दोनों ही दलों के लिए मुसीबत बननेवाली है।

इसी तरह भाजपा का गढ़ माने जाने वाले बाघमारा विधानसभा क्षेत्र में भी जयराम ने अच्छा प्रदर्शन किया। यहां 46,272 मतदाताओं ने जयराम को तरजीह दी जबकि झामुमो के मथुरा प्रसाद महतो को 51,140 और आजसू के सीपी चौधरी को 81,597 वोट मिले। बेरमो क्षेत्र एनडीए के साथ-साथ इंडिया गठबंधन के प्रभाव वाला है। इस क्षेत्र में भी जयराम को काफी समर्थन मिला। बेरमो में आजसू के सीपी चौधरी को 84,651, झामुमो प्रत्याशी को 51,140 और जयराम को 46,272 वोट मिले।

### मथुरा टुंडी में सिर्फ 933 वोटों से रहे आगे

गिरिडीह लोकसभा सीट पर टुंडी से झामुमो प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो विधायक हैं, बावजूद मथुरा महतो इस क्षेत्र से महज 933 वोटों से आगे चल सके। मथुरा को 73,771 और सीपी चौधरी को 72,838 वोट और जयराम को 59,421 वोट मिले। अगर गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र की बात करें तो यहां आजसू ने बाजी मारी। इस विधानसभा क्षेत्र से आजसू प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी को 86,901 वोट मिले और झामुमो प्रत्याशी मथुरा महतो को 72,082 वोट मिले। जयराम को 21,786 वोटों से संतोष करना पड़ा।

## छविरंजन समेत आठ की हिरासत अवधि दो सप्ताह बढ़ी

**रांची।** चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की बिक्री से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले में आरोपी रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन समेत आठ की न्यायिक हिरासत अवधि पीएमएलए कोर्ट ने दो सप्ताह बढ़ा दी है। इससे पूर्व जेल में बंद आरोपियों को वीसी के माध्यम से पेश किया गया। अदालत ने अगली पेशी की तारीख 21 जून निर्धारित की है। वर्तमान में यह मामला पुलिस पेपर सौंपने पर चल रहा है। जिस पर शुक्रवार को सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया है। अदालत अपना आदेश 21 जून को सुनाएगी। हालांकि आरोपियों को ईडी ने पुलिस पेपर सौंप चुकी है। लेकिन सौंपे गए पुलिस पेपर के कुछ पृष्ठ अस्पष्ट है। जिसके कारण उसे पढ़ा नहीं जा रहा है। ऐसे पेज को आरोपियों की ओर से स्पष्ट पेपर मांगा जा रहा है, जिस पर सुनवाई जारी थी।

# लोहरदगा में बीजेपी की हैट्रिक का सपना रह गया अधूरा, सुखदेव ने त्रिकोणीय संघर्ष में जीती सीट

लोहरदगा के लौटकर कुबेर सिंह

**रांची।** झारखंड में इस बार लोहरदगा लोकसभा चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबले में आखिरकार सुखदेव भगत ने रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज कर ली। निर्दलीय चमरा लिंडा के बुलंद हौसले से भी सुखदेव भगत डिगे नहीं, बल्कि 66.45 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं के मताधिकार ने कांग्रेस के सुखदेव भगत 139138 मतों से जीत दर्ज करवा दिया। अब सवाल उठता है कि आखिर भाजपा के समीर उरांव ने लोहरदगा सीट क्यों गंवाई। बताया जाता है कि समीर उरांव एसटी, एससी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे, लेकिन समीर उरांव की ओर ने लोहरदगा, गुमला में कोई काम नहीं किया गया। यह भी बात सामने आयी कि समीर के नये चेहरे को मतदाता नहीं पहचान रहे थे। वहीं, कांग्रेस के सुखदेव भगत की पहुंच एक-एक गांव और एक-एक मुहल्ले में थी। रिपोर्ट के मुताबिक, लोहरदगा के शहरी क्षेत्रों में मुस्लिम, आदिवासी वोटरों ने कांग्रेस को ही चुना।

### लोहरदगा सीट में कितने वोटर्स?

लोहरदगा लोकसभा में वर्ष 2024 में कुल मतदाताओं की संख्या 14 लाख 41 हजार 302 है। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 7 लाख 13 हजार 911, महिला मतदाता 7 लाख 27 हजार 387 और थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या चार है। इस बार 13 मई को संपन्न मतदान में इनमें से कुल 9 लाख 57 हजार 690 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। इस बार के चुनाव में पुरुष की अपेक्षा 4.40 प्रतिशत अधिक महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

### कौन हैं कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव



लोहरदगा संसदीय सीट के कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी रह चुके हैं। वर्ष 2005 में वीआरएस लेने के बाद सुखदेव भगत ने राजनीति में कदम रखा और लोहरदगा सीट से कांग्रेस टिकट पर पहली बार में ही विजयी रहे। लेकिन वर्ष 2009 और 2014 के विधानसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। लेकिन 2015 के उपचुनाव में वो लोहरदगा सीट से फिर से कांग्रेस टिकट पर चुनाव में विजयी रहे। इस बीच सुखदेव भगत को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी भी सौंपी गई। जिसके बाद 2019 में वे लोहरदगा संसदीय सीट से कांग्रेस टिकट पर चुनाव लड़े, लेकिन बीजेपी के सुदर्शन भगत से हार का सामना करना पड़ा। बाद में वे कांग्रेस छोड़ कर बीजेपी में शामिल हो गए और वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी टिकट पर लोहरदगा से चुनाव लड़ा, लेकिन उस चुनाव में भी वे कांग्रेस के रामेश्वर उरांव से हार गए। जिसके बाद कुछ महीनों बाद वे कांग्रेस में वापस लौट आएं और इस बार कांग्रेस ने उन्हें लोहरदगा सीट से उम्मीदवार बनाया।

### लोहरदगा सीट पर चुनाव परिणाम

| पार्टी | प्रत्याशी | कुल वोट | जीत/हार |
|---|---|---|---|
| बीजेपी | समीर उरांव | 483038 | + 139138 |
| कांग्रेस | सुखदेव भगत | 343900 | -139138 |

### लोहरदगा लोकसभा सीट से कब कौन जीता

| वर्ष | विजेता सांसद | राजनीतिक दल |
|---|---|---|
| 1957 | इग्नेस बेक | झारखंड पार्टी |
| 1962 | डेविड मुंजनी | निर्दलीय |
| 1967 | कार्तिक उरांव | कांग्रेस |
| 1971 | कार्तिक उरांव | कांग्रेस |
| 1977 | लालू उरांव | जनता पार्टी |
| 1980 | कार्तिक उरांव | कांग्रेस |
| 1984 | सुमति उरांव | कांग्रेस |
| 1989 | सुमति उरांव | कांग्रेस |
| 1991 | ललित उरांव | भाजपा |
| 1996 | ललित उरांव | भाजपा |
| 1998 | इंद्रनाथ भगत | कांग्रेस |
| 1999 | दुखा भगत | कांग्रेस |
| 2004 | रामेश्वर उरांव | कांग्रेस |
| 2009 | सुदर्शन भगत | भाजपा |
| 2014 | सुदर्शन भगत | भाजपा |
| 2019 | सुदर्शन भगत | भाजपा |
| 2024 | सुखदेव भगत | कांग्रेस |

सुप्रभात
शनिवार 08.06.2024
धनबाद, वर्ष 01, अंक 49
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ



## स्पीड न्यूज

### कुमारधुबी में सर्पदंश से तीन वर्षीय बच्चे की मौत



**मैथन।** कुमारधुबी क्षेत्र पंचमोहली गांव के पांडेयकुली निवासी धीरज पांडेय के तीन वर्षीय पुत्र देव पांडेय की मौत सांप के काटने से हो गई। परिवार वालों का रो-रो के बुरा हाल है, जबकि पूरे पांडेयकुली में मातम छा गया है। ग्रामीणों ने बताया कि गुरुवार की शाम करीब छह बजे देव अपने ही घर के आंगन में खेल रहा था।तभी सांप ने उसे बायें पैर में काट लिया। बच्चे ने रोते हुए अपनी मां को बताया। मां को लगा कि किसी कीड़े ने काटा है। इसके बाद उन्होंने बच्चे को स्नान कराया और खाना खिलाया। खाना खाने के बाद बच्चा पुनः आंगन में खेलने चला गया। खेल के दौरान बच्चे को पुनः सांप ने काटा, जिससे वह रोने-चिल्लाने लगा। बच्चे के रोने की आवाज सुनकर परिजन पहुंचे। बच्चा कुछ बताता एवं परिजन कुछ समझ पाते, तब तक उसके पूरे शरीर में जहर फैल गया था। बेहोशी की हालत में परिजन उसे डॉक्टर के पास ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

### उपेंद्र हत्याकांड में आरोपी भाइयों को कोर्ट ने किया रिहा

**धनबाद।** अपने चचेरे भाई रिकवरी एजेंट उपेंद्र सिंह की हत्या करवाने के नामजद आरोपी सिंटू सिंह व पिंटू सिंह को आज अदालत से बड़ी राहत मिली। जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनीकांत पाठक की अदालत ने दोनों भाइयों को साक्ष्य के अभाव में रिहा कर दिया । अभियोजन आरोपी भाइयों के विरुद्ध आरोप अदालत में साबित नहीं कर सका। 7 फरवरी 23 को पुलिस ने सिंटू व पिंटू सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजा था रिकवरी एजेंट उपेंद्र सिंह की हत्या एक फरवरी 23 को पीके राय मेमोरियल कॉलेज के पास गोली मारकर कर दी गई थी। उपेंद्र सिंह की पत्नी ने चचेरे देवर पिंटू सिंह, सिंटू सिंह, प्रिंस खान, गॉडविन खान और केंदुआ के राजेश चौहान सहित अन्य पर हत्या का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

### मटकुरिया गोलीकांड में पूर्व डीआईजी का बयान दर्ज

**धनबाद।** मटकुरिया गोलीकांड की सुनवाई जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी के अदालत में हुई। सुनवाई के दौरान कांड के आरोपी पूर्व मंत्री बच्चा सिंहए मन्नान मल्लिकए व अन्य हाजिर नहीं थे। अपर लोग अभियोजक समिति प्रकाश ने पूर्व डीआईजी संजय रंजन सिंह को बतौर गवाह पेश किया जिसका प्रति परीक्षण बचाव पक्ष द्वारा किया गया अदालत ने अभियोजन को गवाह पेश करने का आदेश दिया है। मालूम हो की 27 अप्रैल 11 को मटकुरिया में बीसीसीएल के आवासों को अतिक्रमण से मुक्त कराने गये पुलिस बल के साथ आंदोलनकारियों की हिंसक झड़प हुई थी। घटना में तत्कालीन एसपी आरण्के धान जख्मी हो गए थे। वहीं विकास सिंह समेत चार लोगों की मौत हो गई थी। तत्कालीन एसडीओ जॉर्ज कुमार के लिखित प्रतिवेदन पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की थी। अनुसंधान के बाद पुलिस ने 38 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था।

## आदर्श आचार संहिता समाप्त होते ही सक्रिय हुआ धनबाद जिला प्रशासन

# बलियापुर में विकास योजनाओं का निरीक्षण

### डीसी का निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** आचार संहिता के समाप्त होते ही जिले में चल रही विकास योजना का निरीक्षण कार्य प्रगति की जानकारी लेने का काम शुरू हो गया है। इसके तहत आज बलियापुर प्रखंड की मई पंचायतों में चल रहे कार्यों का मुआयना किया गया। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार आज बलियापुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा ने प्रखंड के सुरुंगा, अलकडीहा और आमझर पंचायत में मनरेगा, अबुआ आवास योजना और 15वें वित्त आयोग की योजनाओं का निरीक्षण किया। सुरुंगा और आमझर पंचायत में मनरेगा के तहत बिरसा सिंचाई कूप योजना का निरीक्षण करते हुए योजना से संबंधित सूचना पट्ट लगाने का निर्देश संबंधित रोजगार सेवक को दिया गया। अबुआ आवास को जल्द पूरा करने का निर्देश लाभुक को दिया गया। उक्त तीनों पंचायत में योजनाओं के क्रियान्वयन विभागीय नियमानुसार करने के लिए संबंधित पंचायत सचिव को निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त प्रखंड कार्यालय कक्ष में सभी रोजगार सेवकों को मनरेगा के तहत आम बागवानी, बिरसा सिंचाई कूपए मानव दिवस सृजन, पोटो हो खेल मैदान आदि महत्वपूर्ण आयामो में अपेक्षित प्रगति करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा विशाल कुमार, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी मोहम्मद आलम, संबंधित कनीय अभियंता, संबंधित पंचायत के पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक एवं मुखिया मौजूद रहे।



अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त करते अधिकारी।

### जीटी रोड पर अवैध बालू लदे 4 ट्रैक्टर और 407 ट्रक जब्त

**धनबाद में बालू माफिया के खिलाफ अभियान**

धनबाद। जिले के बिभिन्न भागों में नदियों से बालू के अवैध उत्खनन और मनमाने दर और बिक्री करने वाले बालू माफिया के खिलाफ जिला प्रशासन ने सघन अभियान शुरू किया है। इसके तहत बीती रात छह वाहनों पर लदे अवैध बालू को जब्त कर लिया गया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध आनुमाण्डल पदाधिकारी उदय रजक के नेतृत्व में खनन टास्क फोर्स ने बीती रात अवैध बालू लदे 4 ट्रैक्टर एवं दो 407 ट्रक को जब्त किया है। श्री रजक ने बताया कि खनन टास्क फोर्स ने बीती रात से अहले सुबह तक निरसा, गोविंदपुर, मैथन पावर लिमिटेड (एमपीएल), सरायढेला, धनबाद थाना क्षेत्र में औचक छापामारी अभियान चलाया। छापामारी के क्रम में निरसा थाना क्षेत्र से अवैध बालू लदे 2 तथा एमपीएल व गोविंदपुर थाना क्षेत्र में एक-एक ट्रैक्टर जब्त किया गया। वहीं सरायढेला थाना क्षेत्र तथा धनबाद थाना क्षेत्र से अवैध बालू लदे एक-एक 407 ट्रक को जब्त किया गया। सभी वाहनों को संबंधित थाना को सुपुर्द कर एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। छापामारी टीम में परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, माइनिंग इंस्पेक्टर बिनोद बिहारी प्रमाणिक, अंचल अधिकारी निरसा इंद्र लाल ओहदार, अंचल अधिकारी धनबाद शशिकांत सिंकर भी शामिल थे।

## गो रक्षा दल पर तस्करों ने किया हमला, प्रखंड अध्यक्ष सहित चार घायल, कार को किया क्षतिग्रस्त

### प्राथमिकी दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता



मैथन। निरसा थाना क्षेत्र के एनएच टू पर गो तस्करों ने रक्षा दल पर जानलेवा हमला किया है। घटना डिनोबली स्कूल के पास गुरुवार रात नौ बजे की है। निरसा प्रखंड अध्यक्ष अभिजीत दास एवं उनके साथी काजल गोप, बुबाई पांडेय व संदीप रविदास हमले में जख्मी हुए हैं। सभी का इलाज एसएनएमएमसीएच धनबाद में चल रहा है। सरायढेला थाना में मामला भी दर्ज है।

#### क्या है पूरा मामला

गो रक्षा दल के सदस्यों को गुप्त सूचना मिली कि निरसा से मैथन की ओर मवेशी लदा वाहन जा रहा है। सूचना मिलने पर निरसा प्रखंड अध्यक्ष अभिजीत दास के नेतृत्व में दल के सदस्य निजी कार से रात नौ बजे डिनोबली स्कूल के पास पहुंचे। मवेशी लदा वाहन को पकड़ लिया। साथ ही चालक के साथ मारपीट की। तभी पीछे से एक बड़ी कार पर सवार 8-10 लोग आये। उनके हाथों में लाठी, डंडा, रड एवं अन्य हथियार थे। जब तक गो रक्षा दल के लोग कुछ समझ पाते, सभी ने एक साथ हमला बोल दिया। कार में तोड़फोड़ भी की। कहा जा रहा है कि निरसा के शमसाद खान मवेशी लदे वाहनों को पार कराता है। आरोप है कि हमलावर रक्षा दल के एक सदस्य को उठाकर ले गए व पीटकर मुगमा जीटी रोड के पास फेंक दिया। जख़्मी अभिजीत दास ने मोबाइल से एसएसपी को घटना की जानकारी दी।

## मकतपुर के युवक ने फंदे से झूलकर की आत्महत्या

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** नगर थाना क्षेत्र के मकतपुर लोहार गली निवासी लाखों के पैकेज पर नौकरी करने वाले 24 वर्षीय चंद्रजीत सिंह वाधवा का शव शुक्रवार दोपहर को उसके घर में फंदे से लटका हुआ मिला। मृतक के नाना ने नगर थाना पुलिस को जानकारी दी। सूचना मिलने पर नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद पुलिस जवानों के साथ तुरंत उसके आवास पहुंचे और घर का मेन गेट तोड़ कर अंदर जाने पर देखा कि शव फंदे से लटक रहा है। इस बीच पड़ोसी व अन्य रिश्तेदार भी पहुंचे। पुलिस ने रिश्तेदारों के सहयोग से शव को नीचे उतारा और उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक के जेब से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ, जिसमें उसने अपनी इच्छा से आत्महत्या की बात लिखी है। हालांकि कारण स्पष्ट नही हो पाया है। पिता करोड़ों रुपये की संपत्ति के मालिक थे। वह खुद भी



मृत युवक की फाइल फोटो।

प्राइवेट जॉब करता था। वह कोलकाता में अपनी मां के साथ रहता था। पिता गुरुनाम सिंह की मौत डेढ़ माह पहले ही हुई थी। पिता की मौत के बाद वह मां के इलाज के लिए कोलकाता गया था और वहीं रहता था। परिजनों के अनुसार तीन दिन पहले ही चंद्रजीत पुश्तैनी घर गिरिडीह आया था। घर पर वह अकेले ही रह रहा था। गुरुवार की रात करीब नौ बजे अंतिम बार उसकी बात नाना से हुई थी। दूसरे दिन जब सुबह 8 बजे तक उसने कॉल नहीं उठाया, तो नाना ने नगर थाना पुलिस को जानकारी दी।

## बहन पर भाई ने किया जानलेवा हमला

### पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** शिवलीबाड़ी अंसार मोहल्ला की तरन्नुम बानो पर छोटे भाई रूस्तम अंसारी ने फिर जानलेवा हमला किया। लेकिन इस बार वह पुलिस की गिरफ्त से बच नहीं सका। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके से उसे गिरफ्तार कर लिया और जेल भेज दिया। तरन्नुम की शिकायत पर एक माह पूर्व ही भाई, बहन व बहनोई के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है। जिसमें रूस्तम फरार चल रहा था। तरन्नुम ने बताया कि एक माह पूर्व छोटा भाई रूस्तम अंसारी, मंझला भाई अलताब आलम, बहन तबस्सुम खातुन व बहनोई जावेद आलम ने उस पर जानलेवा हमला किया था। उसके भय से वह चाची के घर रह रही थी। गुरुवार की रात करीब 9 बजे छोटा भाई रूस्तम पहुंचा एवं दरवाजा पर जोर जोर से धक्का मारा। भद्दी भद्दी गाली देने लगा। वह डर गई और ओपी प्रभारी को फोन पर ी सूचना दी। पुलिस तत्काल पहुंची और भाई को गिफ्तार कर लिया। ओपी प्रभारी पंकज कुमार ने कहा कि तरन्नुम की लिखित शिकायत पर फरार रूस्तम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### गैस सिलेंडर से लगी आग, बाल-बाल बचे लोग

**घर का सारा सामान जलकर हुआ राख**

**गिरिडीह।** सदर प्रखंड के सिकदारडीह पंचायत के हंडाडीह निवासी अजित राम के घर में गैस सिलेंडर से आग लग गई। खपरैल होने के कारण आग पूरे घर में फैल गई, जिससे घर में रखा सारा सामान जल गया। हालांकि घर के लोग समय पर घर से बाहर निकल जाने के कारण बाल बाल बच गए। घटना की जानकारी देते हुए उनकी पत्नी पूनम देवी ने बताया कि दोपहर खाना बनाने के दौरान अचानक गैस सिलेंडर जलने लगा और देखते ही देखते आग की लपट तेज हो गई। खपड़े का घर होने के कारण आग तुरंत बांस में लग गई। लपट इतनी तेज थी की आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया। बताया कि आज पर काबू पाए जाने तक लगभग 75 हजार रुपये का सामान जल कर राख हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही मुखिया प्रतिनिधि मेहताब मिर्जा मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को प्राकृतिक आपदा राहत कोष से मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।





## एक नजर में

### शैक्षिक संस्थानों के आसपास धारा 144 : सिगरेट व अन्य तम्बाकु उत्पाद की बिक्री पर रोक

**धनबाद।** अनुमंडल दंडाधिकारी उदय रजक ने धनबाद अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सभी निजि एवं सरकारी स्कूलोंए महाविद्यालय तथा विश्व विद्यालय के कैंपस के अंदर एवं कैंपस के बाहर 100 गज की परिधि में दंण्प्रण्सं की धारा.144 के तहत अगले 60 दिनों तक के लिए निषेधाज्ञा लागू की है। इस संबंध में श्री रजक ने बताया कि कोटपा एक्ट के कंडिका.6 में वर्णित है कि कोई भी व्यक्ति किसी भी शैक्षणिक संस्थान के 100 गज के दायरे में सिगरेट या किसी अन्य तम्बाकु उत्पाद को नहीं बेचेगाए बिक्री के लिए पेश नहीं करेगा या बिक्री की अनुमति नहीं देगा। उक्त परिपेक्ष्य में इसकी गंभीरता को देखते हुए सभी शैक्षणिक संस्थान के कैंपस के अंदर एवं कैंपस के 100 गज के परिधि में दंप्रसं की धारा.144 लगाया जाना आवश्यक है। निषेधाज्ञा के तहत धनबाद अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सभी निजी एवं सरकारी स्कूलोंए महाविद्यालय तथा विश्व विद्यालय के कैंपस के अंदर एवं कैंपस के बाहर 100 गज की परिधि में कोई भी व्यक्ति सिगरेट या अन्य तम्बाकु उत्पाद नहीं बेचेगाए बिक्री के लिए पेश नहीं करेगा तथा बिक्री की अनुमति नहीं देगा। निषेधाज्ञा अगले 60 दिनों तक के लिए प्रभावी रहेगी।

### अनुसंधानकर्ता को कोर्ट में हाजिर होने का आदेश

**रंजय हत्याकांड**

**धनबाद।** झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह का करीबी माना जाने वाले रंजय सिंह हत्याकांड में शुक्रवार को अनुसंधानकर्ता निरंजन तिवारी गवाही के लिये आज अदालत में हाजिर नहीं हुए। बचाव पक्ष द्वारा उनका प्रति परीक्षण किया जाना था 31 मई को समयाभाव के कारण उनका प्रति परीक्षण पूरा नहीं हो पाया था अदालत ने अनुसंधानकर्ता को हाजिर होने का आदेश दिया है। रंजय सिंह उर्फ राजीव रंजन सिंह की हत्या बिग बाजार के सामने चाणक्य नगर मोड़ पर 29 जनवरी 2017 के संध्या करीब 5.30 बजे रामेश्वर तिवारी के घर के समीप गोलियों से भून कर कर दी गई थी ।

### रंगदारी व सरकारी काम में बाधा के दो मामलों में जयराम की जमानत पर सुनवाई

**धनबाद।** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे जेबीकेएसएस के केन्द्रीय अध्यक्ष जयराम महतो की अग्रीम जमानत की अर्जी पर सोमवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अपर लोक अभियोजक उमेश दीक्षित ने कांड दैनिकी प्रस्तुत करने हेतु समय की याचना की। जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार सिंह की अदालत ने दोनो मामलों मे पुलिस को कांड दैनिकी प्रस्तुत करने का आदेश देते हुए 14 जून की तारीख निर्धारित की है। प्राथमिकी भौंरा ओपी के एसआई जीतेन्द्र कुमार के शिकायत पर जयराम महतो, खेमलाल महतो, विशाल महतो एवं अज्ञात के विरुद्ध दर्ज की गई थी जबकि दूसरी प्राथमिकी विनोद कुमार पांडे के शिकायत परकरण महतो, खेमलाल महतो, विशाल महतो, दिनेश महतो, रंजीत महतो, सुशील महतो, गया राम महतो, सचिन महतो, अशोक महतो, भीम महतो, अंगद महतो, मखन लाल महतो, अर्जुन महतो, युद्धिष्ठिर महतो समेत अन्य के विरुद्ध दर्ज की गई थी ।

### चिरकुंडा में असामाजिक तत्वों ने दो मंदिरों की मूर्तियों को किया क्षतिग्रस्त

**लोगों में आक्रोश, आंदोलन की दी चेतावनी**



**मैथन।** चिरकुंडा थाना क्षेत्र के बराकर नदी किनारे स्थित दो मंदिर की मूर्तियों को कुछ असामाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया है। इस कुकृत्य से लोगों में भारी आक्रोश है। झरिया पाड़ा के नागरिकों ने चिरकुंडा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। सूचना मिलते ही एसडीपीओ रजत मणिक बाखला व चिरकुंडा थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे और मामले जांच शुरू की। उन्होंने आक्रोशित लोगों को समझा-बुझा कर शांत कराया। एसडीपीओ श्री बाखला ने कहा कि जांच की जा रही है, जिसने भी गलत काम किया है, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नागरिकों ने लिखित शिकायत में कहा है कि कुछ असामाजिक तत्वों ने गुरुवार को दोपहर कादिर मोहल्ला के बराकर नदी किनारे स्थित दो सौ साल से भी अधिक पुराने भोलेनाथ मंदिर पर हमला कर मूर्तियों को क्षतिग्रस्त कर दिया। नागरिकों ने कहा कि 5 साल पहले भी बिल्कुल इसी तरह की घटना इसी मंदिर में हुई थी। उस समय एमपी गुप्ता थाना प्रभारी थे। उन्होंने मामला शांत कराया था। नागरिकों ने कहा कि गुरुवार को ही दूसरी घटना फकीर मोहल्ला के समीप ग्राम काली मंदिर में घटित हुई। वहां भी मूर्तिं क्षतिग्रस्त कर दी गई।

## कसियाटांड़ में चोरों ने लाखों की सम्पत्ति उड़ाई

### सात लाख के सामान की चोरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के 99 कोयलांचल सीटी कसियाटांड में गुरुवार की रात चोरों ने दो घरों का ताला तोड़कर लगभग 50 हजार नगद समेत लाखों रुपये के सामानों की चोरी कर ली ।शुक्रवार सुबह चरी की सूचना मिलनेपर बरवाअड्डा पुलिस मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी लिय। इस सबंध में व्यवसायी राजू सिंह ने बताया कि उनकी सास की तबीयत खराब है । उन्हे देखने गुरुवार शाम पूरे परिवार के साथ कतरास गये थे । शुक्रवार की सुबह करीब आठ बजे मोबाइल फोन से अपने घर पर लगे सीसीटीवी कैमरा को देखा तो पाय कि घर दरवाजा खुला हुआ है। तत्काल वापस घर पहुंचा तो देखा आमलमीराए दिवान व बक्सा टुटा हुआ है। घर के सामान बिखरे पडे हैं। छानबीन किया तो पाया कि एक सोने का हारए 3 सोने का कानबालीए 4 सोने का चैनए 4 सोने किअंगूठी समेत लगभग 30 हजए रुपये नगद गायब है । श्री सिंह के कहा कि चोरी की गई सामानों की कीमत लागभग 6 से 7 लाख रुपये होगा। वही चोरो ने ठीक राजू सिंह के घर के सामने स्थित रेलकर्मी राजू सिंह के घर मे भी चोरी की घटना का अंजाम दिया। राजू सिंह के घर के लोग गर्मी का छुट्टी मनाने सभी बाहर गये हुए थे।वही श्री सिंहलोको पायलट की ट्रेनिंग लेने खड़कपुर गए हुए थे। घर मे किसी के ना रहने का फायदा उठाते हुए चोरो ने घर दरवाजा का लॉक टुटा तोड़ के घर में रखे जेवरात और नगद रुपये चोरी कर लिया। शुक्रवर सुबह जब पड़ोसियों नेउनके घर का दरवाजा का लोक टूटा हुआ देखा को इसकी जानकरी श्री सिंह को दिया। सूचना पर श्री सिंह लगभग 3 बजे घर पहुंचे।

छानबीन में पाया कि 15 हजार रुपये नगदए एक सोने के गले का हारए एक जोडी सोने का झुमकाए दो पीस सोने का लोकेटएचार पीस पायलए 8 चांदी का सिक्का 8 समेत अन्य सामान गायब है।चोरी गये सामानों की कीमत लगभग 7 लाख रुपये होगी। भुक्तभोगी परिवार ने बताया कि चोरी की घटनाएं यहां हमेशा होते रहती है। इसके लिए गार्ड दोषी है। गार्ड की मिलीभगत से चरी हो रही है। पुलिस जांच करें। वही चोरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गयी है। सिसिटीवी मे तीन नकाबपोश चोर दिख रहे है।

### बिरनी के मजदूर की मुंबई में हुई मौत, घर पहुंचा शव

**गिरिडीह।** बिरनी प्रखंड अंतर्गत ग्राम राजमनिया निवासी बांधो साव के 42 वर्षीय पुत्र प्रकाश साव का निधन मुम्बई में हृदय गति रुकने से हो गया था। शुक्रवार को उसका पार्थिव शरीर राजमनिया गांव पहुंचने के बाद परिजनों के बीच चीत्कार मच गया। शव के घर पहुंचने की सूचना पर पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो, जिप उपाध्यक्ष छोटेलाल यादव सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि राजमानिया पहुंचे औरए अंतिम क्रिया में शामिल होकर शोक संवेदना व्यक्त की।

## धनबाद रेल मंडल माल ढुलाई में नंबर वन : डीआरएम

### 25 हजार करोड़ की कमाई की, आधुनिकिरण, यात्री सुविधाओं में भी बढ़ोतरी

डीएचएन 7 फोटो-17

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** भारतीय रेल में धनबाद रेल मंडल हर साल नये नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। यात्री सुविधा, रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण, माल ढ़लाई, ट्रेनों में टिकट जांच अभियान के माध्यम से राजस्व संग्रह में भी अव्वल है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में माल ढुलाई से 25048.43 करोड़ रुपये तथा यात्री टिकट से 446.11 करोड़ रुपये की कमाई कर नंबर वन पर रहा। बिलासपुर, खुर्दा रोड और चक्रधरपुर को पीछे छोड़ते हुए धनबाद रेल मंडल ने यह मुकाम हासिल किया है। 2024 के अप्रैल-मई में माल ढुलाई से 4256.95 तथा यात्री टिकट से 82.59 करोड़ की आय प्राप्त हुई है,जो रेलवे के अन्य डिवीजन से बेहतर है। उक्त बातें शुक्रवार को अपने कार्यालय परिसर में डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने कही। उन्होंने बताया कि रेलवे के पहिये की मरम्मत के लिए आधुनिक मशीन खरीदी गई है। इसके अलावा धनबाद रेल डिवीजन के चार छोटे स्टेशनों पर खुद से टिकट काटने के लिए यूटीएस मशीन लगाई गई है। तीन स्टेशनों पर टिकट बुकिंग एजेंट के माध्यम से टिकटों की बुकिंग शुरू की गई है। मौके पर एडीआरएम (इन्फ्रा), एडीआरएम (ओपी) सहित मंडल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।



### छह स्टेशनों पर बना फुट ओवरब्रिज

इसके अलावा पिछले वित्तीय वर्ष में 6 स्टेशनों पर फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कराया गया है। 13 स्टेशनों पर दिव्यांग यात्रियों के लिए नयी सुविधाएं बहाल की गई हैं। 11 छोटे छोटे स्टेशनों पर यात्रियों के बैठने के लिए अलग अलग 56 शेड की व्यवस्था की गई है। धनबाद स्टेशन पर डिजिटल टॉवर घड़ी लगाई है। इसके अलावा 2 वाटर कूलर लगाया है तथा अन्य पांच स्टेशनों पर कुल 8 वाटर कूलर लगाये गए है। धनबाद-चंद्रपुरा रेल लाइन की आग बुझाने के लिए अभी सोनारडीह स्टेशन पर पटरी के नीचे बालू की भराई की जा रही है। बरकाखाना में वाटर ट्रिटमेंट प्लांट लगाया गया है जो 0.05 एमएलडी का वाटर ट्रिटमेंट करेगा। आचार संहिता के कारण रेल योजनाओं का काम रुक गया था, लेकिन अब उसे तेजी से आगे बढ़ाने का काम किया जायेगा। उन्होंने बताया कि ट्रेनों में सुरक्षित यात्रा तथा अनधिकृत रूप से रेल पटरियों को पार नहीं करने के लिए लोगों को जागरूक भी करने का काम किया गयो है। पर्यावरण को लेकर भी लोगों को जागरूक करने का काम कर रहे हैं। रेलवे की खाली जमीन पर अधिक से अधिक हरियाली लाने का प्रयास किया जा रहा है।

# अरूप समर्थकों व कंपनी कर्मियों के बीच नोकझोंक

## पार्टी का झंडा लगाने के सवाल पर हुई हाथापाई,समझाने पर लौटे,थाने मे शिकायत

खबर मन्त्र संवाददाता



**मैथन ।** गोपीनाथपुर कोलफीलड प्राइवेट लिमिटेड कंपनी क्षेत्र में शुक्रवार को झंडा लागाने एवं कार्यालय में जारन प्रवेश करने को लेकर कंपनी के सुरक्षाकर्मियों व कर्मचारियों और पूर्व विधायक अरूप चटर्जी के समर्थकों के ीच जमकर हाथापाई व नोंकझोंक हुई। मामले की गंभीरता को समझते हुए पूर्व विधायक अरूप चटर्जी अपने समर्थकों के साथ वहां से वापस लौट गए। मामले की सूचना पाकर निरसा पुलिस पहुंची।

**यह है मामला**

इस सांध में जानकारी देते हुए जीसीपीएल के सुरक्षाकर्मियों एवं कर्मचारियों में ाताया कि शुक्रवार की दोपहर पूर्व विधायक अरुप चटर्जी समर्थकों के साथ कंपनी के कोलियरी कार्यालय पहुंचे।

वे लोग जारन कार्यालय में प्रवेश करना चाह रहे थे। साथ ही पार्टी का झंडा लगाना चाह रहे थे। हमलोगों ने कहा कि किसी भी पार्टी या यूनियन का झंडा यहां पर नहीं लगने देंगे। हमलोगों ने पूर्व विधायक को बताया कि कंपनी प्रांधन का कोई कार्यालय में अभी उपस्थित नहीं है। पूर्व विधायक चाहें तो अकेले कार्यालय जाकर देख सकते हैं। परंतु अन्य लोगों को अंदर नहीं जाने देंगे। यदि सभी को प्रवेश करने दिया तो हमें नौकरी से निकाल दिया जाएगा।

इस बात पर पूर्व विधायक के समर्थक आग बबूला हो गए। कम्पनी के कर्मियों ने आरोप लगाया कि पूर्व विधायक एवं उनके समर्थक अपना दबदाबा कायम कर कंपनी से रंगदारी वसूलना चाहते हैं। यह होने नहीं देंगे। इस सांध में पूर्व विधायक अरुप चटर्जी का कहना है कि हम लोग कंपनी प्रांधन से वार्ता के लिए गए थे। कंपनी रिवेन्यू शेयरिंग में चालू होने वाली है। कंपनी को 5 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले स्थानीय लोगों को काम देना होगा। साथ ही 5 किलोमीटर के दायरे में पड़ने वाले गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, ाजिश्ी-पानी की व्यवस्था निशुल्क करनी होगी। कंपनी के लठैतों ने रोक दिया। कंपनी चालू भी नहीं हुई है तो रंगदारी का सवाल कहां से आ गया। आगे रणनीति बनाकर आंदोलन और तेज करेंगे।

स्पीड न्यूज

### शांतिपूर्ण चुनाव कराए जाने पर थानेदार को किया सम्मानित

**कतरास ।** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के कतरास अंचल के 99 बूथों पर शांतिपूर्ण मतदान कराये जाने पर अंजुमन कमेटी पचगढ़ी बाजार मस्जिद पट्टी के सदर मो शब्बीर आलम उर्फ पप्पू एवं कमेटी के सदस्यों ने कतरास थाना प्रभारी असित कुमार सिंह को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। उन्होंने कमेटी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के हर अच्छे काम में प्रशासन आपके साथ खड़ा रहेगा। मौके पर कमेटी के मो कलीम, मो महबूब आलम, मो मंजर आलम, मो अमजद हुसैन, मो नदीम अहमद, मो जाहिद हुसैन, मो जहीर, अनजर अहमद, मो शाहजाद आदि मौजूद थे।

### दुमका के सांसद का कतरास में भव्य स्वागत



**कतरास ।** दुमका के नवनिर्वाचित सांसद नलिन सोरेन शुक्रवार को कतरास पहुंचे, जहां उनका पच गढ़ी बाजार स्थित पंडित अजय शर्मा के आवास पर भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने वहां आयोजित पूजा में भाग लिया। उन्होंने कहा कि दुमका के शिकारी पाड़ा विधानसभा क्षेत्र से वह सात बार विधायक रहे। इस बार लोकसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने उन्हें दुमका से सांसद का टिकट दिया था, जिसमें उन्हें जनता का आशीर्वाद मिला है। उन्होंने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन के साथ झारखंड अलग राज्य की जो लड़ाई उनलोगों ने लड़ी, उसका लाभ इस चुनाव में मिला। उन्होंने कहा कि झामुमो सुप्रीमो के मार्ग दर्शन में वह दुमका में विकास कार्य को लेकर हमेशा से तत्पर रहे हैं। बेरोजगारों को नियोजन कैसे मिले, इसपर चिंतन मनन करना है। किसानों को साल ाुर पानी कैसे मिले, इस पर विचार करना है। दुमका में हाई कोर्ट के बेंच के लिए वह हमेशा से प्रयासरत रहे हैं।

### अद्वया, रेड क्रॉस व ए एस जी हॉस्पिटल ने लगाया नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर

**धनबाद ।** शुक्रवार को अद्वया सोशल फाउंडेशन,भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी ने ए एस जी अस्पताल के सौजन्य से जरूरतमंदों के लिए गोल्फ ग्राउंड के समीप रेड क्रॉस सोसाइटी में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। अद्वया फाउंडेशन की सचिव ने बताया कि इस शिविर में खास बात रही किओल्ड एज होम वृद्धा आश्रम में रहने वाले वृद्धजनों की भी गहनता से आंखों की जांच की और मुफ्त दवा दी। कुछ लोगों को जांच के बाद ऑपरेशन की सलाह दी गई।

अद्वया फाउंडेशन की सचिव ने बताया की नेत्र जांच शिविर में स्टेट को- ऑर्डिनेटर किरण सिन्हा,संस्था की सदस्य डॉली सिन्हा श्रीवत्स, राजेश सिंह,अनुराधा सिंह, सोनी कुमारी राणा प्रताप एवं अन्य उपस्थित थे।

# सिंदरी थाना के समीप जेनरल स्टोर व कार्यालाय से हजारों की चोरी

## थाना से 100 मीटर की दूरी पर एक ही रात में दो चोरी

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी ।** सिंदरी थाना से मात्र सौ मीटर की दूरी पर रोहड़ाबांध के तन्मय जेनरल स्टोर और संवेदक रॉकी सिंह के कार्यालय में चोरों ने नकदी समेत लगभग 38 हजार रुपये की चोरी कर ली। मामला शुक्रवार की सुाह प्रकाश में आया। सिंदरी चेमर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष दीपक कुमार दीपू ने प्रशासन से चोरों को पकड़ने का आग्रह किया है। जेनरल स्टोर के संचालक तन्मय सेन ने ाताया कि गुरुवार की देर रात दुकान ांद कर घर चले गए थे। सुबह छः बजे बगल के दुकानदार ने दुकान का सामान बाहर बिखरे पड़े होने की जानकारी आवास पर आकर दी। दुकान में आकर देखा तो पता चला कि ताला काटकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। गल्ले में रखे 3 हजार रुपये नकदी गायब हैं। लगभग 15 हजार रुपये के हार्लिक्स, किसमिश, कोल्डड्रिंक, मिक्चर और बिस्किट भी गाया हैं। एफसीआईएल संवेदक रॉकी सिंह के रोहड़ाांध हनुमान मंदिर के समीप कार्यालय में रखे 20 हजार रुपये के कोल की चोरी की जानकारी भी दी गई है। उन्होंने इसकी सूचना सिंदरी चेमर के अध्यक्ष को दी। अध्यक्ष ने सिंदरी पुलिस से अविलां कार्रवाई की मांग की है।

# अलौकिक तरीके से सजा शनिदेव का दरबार, लगा छप्पन भोग

## भंडारा के साथ शनि जन्मोत्सव संपन्न



**कुमारधुबी ।** चिरकुंडा सोनारडंगाल स्थित श्री श्री शनिदेव मंदिर में 15 वां तीन दिवसीय शनि जन्मोत्सव शुक्रवार को हवन, पूर्णाहुति और भंडारा के साथ संपन्न हो गया। रात में बाबा श्याम और शनिदेव के अलौकिक तरीके से दरबार को सजाया गया। छप्पन भोग लगाया गया। श्याम भजन हुआ। मुस्कान जागरण म्यूजिकल ग्रुप के कलाकार संचालक मनोज मालाकार, मुस्कान, कुमार राकेश, रवि विश्वकर्मा ने सांईनाथ तेरे हजारों हाथ, हारे के सहारे, श्याम तेरी वंशी, बांगर भोला आदि भक्ति गीत प्रस्तुत कर खुब तालियां बटोरी। मुख्य यजमान अमित गोयल एवं उनकी पत्नी कविता गोयल मौजूद थे। शनिवार को भी भंडारा होगा।

# पानी-बिजली उपभोक्ता मंच का चरणबद्ध आंदोलन का निर्णय

**मुश्किल से 15 दिन मिलता है पानी, मात्र 12 घंटे होती है विद्युत आपूर्ति**

खबर मन्त्र संवाददाता



**जोड़ापोखर ।** पानी-बिजली उपभोक्ता मंच की बैठक जेलगोड़ा मानस मंदिर के प्रांगण में हुई, जिसकी अध्यक्षता किशोर कुमार ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि लगातार बिजली की कटौती को लेकर चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किया जाएगा। इससे पहले महाप्रबंधक सहित सभी अधिकारियों से मिल कर सभी उपकरणों के नवीनीकरण की मांग की जाएगी। बिजली विभाग द्वारा बार बार डिगवाडीह विद्युत सब स्टेशन के भागा फीडर में आये दिन तकनीकी खराबी बता कर मात्र 12 घंटे ही बिजली की आपूर्ति की जाती है।

**आधा पानी तो बिल भी हो आधा**

बैठक में मुख्य वक्ता शुभाशीष राय ने कहा कि जामाडोबा जल संयंत्र केंद्र द्वारा महीने में मात्र 15 दिन मुश्किल से पानी की सप्लाई की जाती है,जबकि बिल उपभोक्ताओं से पूरा वसूला जाता है। झारखंड सरकार जब बिजली पर सब्सिडी देती है तो बिजली की पूरी आपूर्ति की जाए। बैठक में इम्तियाज अंसारी, अभिमन्यु राम,रामनराय, संजय पांडेय, बिजय श्रीवास्तव, रमेश श्रीवास्तव, सूरज कुमार आदि मौजूद थे।

# गोविंदपुर-निरसा जीटी रोड पर नेरो मोड़ बागसुमा की क्रॉसिंग बंद

**गोविंदपुर।** गोविंदपुर-निरसा जीटी रोड पर नेरो मोड़ बागसुमा के क्रॉसिंग को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा बंद कर दिया गया है। इस क्रॉसिंग के बंद हो जाने से ग्रामीण परेशान हैं। इस क्रॉसिंग के उत्तर और दक्षिण कई शिक्षण संस्थान हैं । दोनों और कई गांव भी हैं। देवली पंचायत के मुखिया शांति राम रजवार, बागसुमा के मुखिया निमाई चंद्र महतो, प्रो शंकर सिंह चौधरी, अमित ओझा, स्वदेश प्रेम सिंह चौधरी, विश्वनाथ पाल, नवल किशोर चौधरी, समरेश सिंह, अनंत मंडल, सुरजीत साहा आदि ने शुक्रवार को बताया कि उन्होंने ग्रामीणों की ओर से आपत्ति प्राधिकरण के अधिकारियों के समक्ष जता दी है। उन्होंने कहा कि इस क्रॉसिंग से प्रतिदिन हजारों विद्यार्थी एवं लोगों की आवाजाही होती थी। इसके उत्तर में केके पॉलिटेक्निक, केके इंजीनियरिंग कॉलेज, केके बीएड कॉलेज, केके नर्सिंग स्कूल, केके पब्लिक स्कूल, कई हार्डकोक इंडस्ट्रीज, कांटा, नेरो गांव तो दक्षिण में राजकीयकृत श्री श्री नरसिंह नारायण उच्च विद्यालय बागसुमा, मध्य विद्यालय बागसुमा, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बागसुमा, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बागसुमा, पंचायत सचिवालय बागसुमा समेत दर्जनों गांव है। सैकड़ो विद्यार्थी एवं ग्रामीण इसी क्रॉसिंग पर जीटी रोड आर- पार करते थे। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क के दोनों ओर के लोगों को आने-जाने में भारी मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है ।

# डिजनीलैंड मेला में अंडरवाटर फिश टनेल होगा मुख्य आकर्षण का केंद्र

## जिला परिषद मैदान में आज उद्घाटन करेंगी : शारदा सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद ।** गर्मी की छुट्टियों को खुशनुमा बनाने के लिए धनबाद में एक बार फिर धनबाद एक्सपो डिजनीलैंड मेला जिला परिषद मैदान में धूम मचाने आ गया है। मेला 8 जून शनिवार से शुरू होगा, जिसका उद्घाटन धनबाद के जिला परिषद धनबाद चेयरमैन शारदा सिंह एवं अन्य शाम 6 बजे करेंगे। यह जानकारी शुक्रवार को मेला प्रबंधक रंजीत साहा, अवध बिहारी एवं विपलव चक्रवर्ती, पगड़ी बाबा ने प्रेस कांफ्रेंस के जरिये पत्रकारों को दी। मेला रोजाना संध्या 4 बजे शुरू होगा, जो रात्रि 10 बजे तक चलेगा। बार मेले का मुख्य आकर्षण अंडर वाटर फिश टनेल है। मेले में बच्चे और बड़ों के लिए कई तरह के झूले लगाये गए हैं। ब्रेक डांस, टोरा टोरा, ज्वाइंट व्हील, कोलंबस ड्रैगन, चन्द्रतारा झुला, मिकी माउस, धूम बाइक, मिनी ब्रेक हेलीकाप्टर और हॉर्स राइड जैसे मनोरंजन के सामान मौजूद रहेंगे। मेले में विभिन्न प्रान्तों के स्टॉल होंगे। सहारनपुर फर्नीचर, बनारसी सिल्क साड़ी, सहित 50 से अधिक स्टाल लगाए जाएंगे, जिसमे फर्नीचर उडेन हेंडीक्राफ्ट, फैंसी लेडिस सैंडिल और बैग, कारपेट, किचेन वेयर, वास्तु के सामान, कोलकाता ज्वेलरी, कंगन चूड़ी और खादी वस्त्र, रेडिमेड कपड़े, कांच के आइटम की खरीदारी भी कर सकेंगे।

# कोडरमा से अन्नपूर्णा देवी की जीत पर एनडीए ने निकाला विजय जुलूस

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह ।** कोडरमा लोस से अन्नपूर्णा देवी की जीत पर एनडीए कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को बिरनी प्रखंड के बिराजपुर चौक से पलौन्जिया बाजार तक विजय जुलूस निकाला। ढोल एवं ध्वनि यन्त्र के साथ कार्यकताओं ने झूमते हुए क्षेत्र का ाुमण किया और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। नेतृत्व ाुाजपा मंडल अध्यक्ष राजदेव साव ने किया। जीत की खुशी में एनडीए कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को गुलाल-अबीर लगाया तथा मिठाइयां बांटी। कार्यकर्ता हाथ में नरेंद्र मोदी एवं अन्नपूर्णा देवी की तख्तियां लेकर जुलूस में शामिल हुए। विजय जुलूस में विहीप जिला मंत्री निरंजन कुमार, प्रखण्ड मंत्री बालेश्वर साव, सांसद प्रतिनिधि देवनाथ राणा, प्रेमचंद प्रसाद कुशवाहा, कैलाश पासवान, आजसू केंद्रीय सदस्य कंचन राय, आजसू प्रखंड उपाध्यक्ष अमित गुप्ता, राजेन्द्र यादव, गोविंद निर्मल साव, छत्रधारी दास, मुखिया दिलीप रविदास, बृजनन्दन वर्मा, पंकज हिंदुस्तानी, मनु कुमार, उत्तम साव, सिकन्दर राणा, प्रिंस कुमार, प्रवीण कुमार, बद्री राम, त्रिाुुवन साव, बीरेंद्र साव, रामकृष्ण वर्मा, मुखिया सत्येंद्र राउत आदि मौजूद थे।

# बांसजोडा 12 नंबर में जोरदार आवाज के साथ बना गोफ

## भूंधसान व अग्निप्रभाव से परेशान तीन हजार लोगों के लिए फिर एक नई मुसीबत

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद ।** बांसजोड़ा 12 नंबर में अग्नि प्रभावित भूंधसान से परेशान करीब तीन हजार लोगों के लिए फिर एक नई मुसीबत तब खड़ी हो गई, जब गुरुवार दोपहर यहां देवी मंदिर के पास जोरदार आवाज के साथ गोफ बना। गोफ से जहरीली गैस का रिसाव हो रहा है। जानकार इसे कॉर्बन मोनोऑक्साइड गैस कहते हैं। एक महिला घर का कचरा फेंकने गई तो बाल बाल बच गई है। महिला बता रही है कि यहां की जमीन भूंधसान व अग्निप्रभावित तो करीब तीन साल से है। अब जमीन दलदल जैसी महसूस होने लगी है। गोफ आठ फीट लम्बी और छह फीट चौड़ी है। मंदिर और आबादी गोफ से मात्र पांच मीटर की दूरी रह गई है। घटना से पहले वहां एक बबूल का पेड़ था, जो आग व गैस से सूख चुका था। पहले पेड़ गिरा और फिर भूंधसान होकर गोफ बन गया। आसपास के लोग जहरीली गंध व गैस से परेशान हैं। गोफ,गैस से ज्यादा प्रभावित ग्रामीण महिला मंजू देवी,पनवा देवी,सीता देवी,कांति देवी,द्रोपदी कुमारी,पूनम देवी आदि ने बताया कि गैस रिसाव से सर चकरा रहा है। आसपास के करीब 50 घरों की दीवार और जमीन में दरार पड़ चुकी है। घरों की जमीन गर्म रहती है। बावजूद लोग रहने को मजबूर हैं।

ज्ञात हो कि बांसजोड़ा 12 नंबर व छह नंबर की आबादी के बीच करीब 3600 डायमीटर में आग फैली हुई है। भूंधसान एरिया के तीन तरफ 600 घरों की आबादी है। पूर्वी छोर में पक्की सड़क है। करीब तीन साल पहले यहां मात्र एक चिंगारी से पूरा क्षेत्र अग्नि प्रभावित में बदल गया। कुछ परिवार तो जगह छोड़कर जा चुके हैं। सिजुआ क्षेत्र के बांसजोड़ा कोलियरी में पड़ने वाले इस क्षेत्र के लोग आग व ाुूंधसान से निजात के लिए बीसीसीएल के अधिकारी का चक्कर लगाकर थक चुके हैं। मगर आश्वासन के सिवा कुछ भी नही मिला। बांसजोड़ा कोलियरी के जीएल ध्रुवे ने कहा कि काम हो रहा है। जमीन चिन्हित की गई है। गोफ होने की जानकारी मिली है।

एक नजर में

### उसरी नदी पर 6 करोड़ की लागत से नवनिर्मित पुल का विधायक ने किया उद्घाटन



**गिरिडीह ।** लगभग दस साल बाद शहर की उसरी नदी पर नया पुल बनकर तैयार हुआ और लंबे इंतजार के बाद गिरिडीह शहरी क्षेत्र को सिरसिया, शीतलपुर, ब्लॉक, सहित आस पास के ग्रामीण इलाकों से जोड़ने के साथ ही जामताड़ा रोड से आवागमन सुचारू रूप से शुरू हो पाया है। शुक्रवार को बरगंडा उसरी नदी पर करीब 6 करोड़ की लागत से बने नवनिर्मित पुल का उद्घाटन सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने किया। उद्घाटन समारोह में भाजपा के पूर्व विधायक लक्ष्मण स्वर्णकार, जेएमएम उपाध्यक्ष शाहनवाज अंसारी, जेएमएम नेत्री प्रमिला मेहरा, रॉकी सिंह, अभय सिंह, रामजी यादव, सोमनाथ केशरी समेत सिरसिया और सिहोडीह के स्थानीय लोग मौजूद थे। समारोह को संबोधित करते हुए सदर विधायक ने कहा कि पुल बन जाने से पूरे शहर को फायदा होगा। पिछले कई साल से वह खुद चाहते थे कि पुल का उद्घाटन जल्दी कराकर जनता को समर्पित किया जाए। अब यह पुल शहर में बिरसा मुंडा पुल के नाम से जाना जाएगा।

### एबीवीपी ने की कतरास कॉलेज में बॉयज कॉमन रूम देने की मांग की



**कतरास ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को कतरास कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य से मुलाकात की व छात्रों की सुविधा के लिए बॉयज कॉमन रूम की मांग की। विदित हो कि अभी कतरास कॉलेज में नामांकन हेतु दस्तावेज का सत्यापन हो रहा है। प्रतिदिन सैकड़ों छात्र-छात्राएं घंटों भर कड़ी धूप में खड़े रहते हैं। कॉलेज परिसर में छात्रों के बैठने के लिए सामान्य कक्ष की ाुी कोई व्यवस्था नहीं ह। तेज धूप के कारण पिछले दिनों एक छात्र बेहोश हो गया था। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने कहा है कि यदि सात दिनों के अंदर बॉयज रूम को लेकर कॉलेज प्रबंधन ने कोई निर्णय नहीं लिया तो परिषद आवाज उठाएगी। मौके पर प्रियांशु मोदी, गोपाल केवट, सिंटू मुखर्जी, रोहित राज दे, कुणाल पासवान, शुभम पॉल आदि मौजूद थे।

### भाजपा प्रत्याशी की जीत पर झरिया में लोगो के बीच कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई



**धनबाद ।** धनबाद लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो की जीत पर झरिया क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को एक दूसरे को मिठाई खिला कर खुशियां मनाई। ओबीसी एससी-एसटी एवं माइनॉरिटी प्रतिनिधियों ने पार्टी के नेता योगेंद्र यादव को उनके जामाडोबा स्थित आवासीय कार्यालय में बधाई दी। चुनाव के दौरान झरिया क्षेत्र में उनके अड्डूतपूर्व योगदान की सराहना की। श्री यादव ने केंद्रीय व प्रदेश नेतृत्व को बधाई देते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। इससे देश और प्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापित होंगे। मौके पर गोपाल यादव, दामोदर प्रसाद, अरुण प्रसाद यादव, बसंत कुमार यादव, संजय राम, राकेश दास, बरमेश्वर चौधरी, नवल प्रसाद, रामस्वरूप प्रसाद, स्वादिष्ट कुमार, मुकेश यादव, पप्पू यादव आदि मौजूद थे।

### रेजली तालाब के जीर्णोद्धार कार्य पर लगा ग्रहण



**गोविंदपुर ।** जिला खनिज विकास फाउंडेशन ट्रस्ट की करीब 5 करोड़ की लागत से गोविंदपुर के ऐतिहासिक रेजली तालाब के जीर्णोद्धार कार्य पर ग्रहण लग गया है। बारिश के कारण तालाब के गहरीकरण का काम ठप हो गया है। तालाब के जिस हिस्से को गहरा किया जाना है, वहां पानी जम गया है। पिछले कई दिनों से कमोबेश बारिश हो जा रही है। इस कारण संवेदक चाह कर भी काम नहीं कर पा रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि जनप्रतिनिधियों के काफी प्रयास के बाद जिला प्रशासन ने ब्रिटिश काल में 1882-83 में बने तालाब के जीर्णोद्धार की स्वीकृति दी थी, परंतु नवंबर 2023 में शिलान्यास के बाद विगत 7 माह में काम की बहुत प्रगति नहीं हो पाई। संवेदक अप्रैल माह में तालाब के सूखने का इंतजार करते रह गए। गुरुवार को अधिवक्ता एवं भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष जया कुमार, बलराम साव, कांग्रेस नेता अनिल कुमार साव एवं मोइन अंसारी, विनोद बर्मन राजा दास आदि ने निर्माण कार्य का मुआयना किया और संवेदक से बारिश के पूर्व गहरीकरण का काम पूरा कर लेने की अपील की। कहा कि इस कार्य में लघु सिंचाई प्रमंडल और संवेदक को गोविंदपुर वासियों का पूरा सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस कार्य में लीपापोती व खानापूरी का लोग एकजुट होकर विरोध करेंगे।छोटा पोकलेन मनाया मंगाया गया है : संदीप रेजली तालाब जीर्णोद्धार कार्य की देखरेख कर रहे लघु सिंचाई प्रमंडल धनबाद के सहायक अभियंता संदीप कुमार ने बताया कि बड़ा पोकलेन काम नहीं कर रहा है। मशीन फंस जा रही है । इसके लिए छोटा पोकलेन मंगाया गया है और अब गहरीकरण का कार्य तेज गति से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 20 जून तक मानसून आने की संभावना है और विभाग का प्रयास है कि इसके पूर्व गहरीकरण का कार्य समाप्त कर दिया जाए।

# शातिर अपराधी चंदन का नाले में मिला शव, हत्या की आशंका

- किसी का फोन आने पर नीमटोला गया था मुलाकात करने
- हत्या समेत आधा दर्जन मामलों में जा चुका था जेल



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** शहर में आपराधिक वारदातों से पहचान बनाने और करीब आधा दर्जन मामलों में जेल जा चुके शिवपहाड़ा निवासी 30 वर्षीय चंदन सिंह का शव शुक्रवार की शाम नगर थाना की पुलिस ने कड़हरबील के नीमटोला में एक नाले से बरामद किया है। नगर थाना की पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम घर में पहुंचा दिया है। शनिवार को शव का पोस्टर्मार्टम कराया जाएगा। परिजनों ने इसे सोची समझी हत्या बताया है। देर शाम तक कांड को लेकर परिजनों की ओर से बयान दर्ज नहीं कराया जा सका था। मृतक छह साल की बेटी का पिता था।

मृतक के भाई विवेक सिंह ने बताया कि सुबह करीब 9 बजे चंदन के मोबाइल पर किसी का फोन आया। इसके बाद वह जल्द आने की बात कहकर निकल गया। दोपहर को कुंदन शर्मा और कुंदन सिंह ने उसे फोन कर बताया कि चंदन नीम टोला में शराब पीने के बाद गाली गलौज कर रहा है। उसे समझा दीजिए। काम में व्यस्त होने की वजह से फोन पर बात ध्यान नहीं दिया। शाम करीब छह बजे एक आदमी ने आकर बताया कि चंदन का शव नाले में पड़ा हुआ है। जाकर देखा तो भाई का शव मुंह के बल नाले में थोड़े पानी के बीच पड़ा हुआ था। सिर से खून बह रहा था। भाई ने बताया कि पहले चंदन को शराब पिलाकर नशे में कर दिया गया। इसके बाद सिर पर प्रहार कर नाले में फेंक दिया। कहा कि अगर स्वयं गिरा होता तो पैर में चप्पल नहीं होती और चेहरे पर ही चोट का निशान होता। लेकिन चेहरे के अलावा सिर के पीछे भी गहरी चोट है। पुलिस का कहना है कि अब तो पोस्टमार्टम के बाद ही पता चलेगा कि उसकी गिरने से मौत हुई है या फिर हत्या के बाद शव को नाले में फेंक दिया गया है।

### हत्या समेत कई मामलों में जा चुका था जेल

पुलिस सूत्रों की माने तो चंदन शातिर अपराधी था। वह हत्या समेत कई छोटी मोटी वारदातों में जेल जा चुका है। उसके खिलाफ आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज है। करीब आठ साल पहले वाटर पार्क में एक युवक की हत्या में जेल गया था। करीब पांच साल पहले शिवपहाड़ में घोड़ा अस्पताल के सामने सिपाही को चाकू मार दिया था। उसने अब कितनी घटनाओं को अंजाम दिया है, इसका ब्यौरा तैयार किया जा रहा है।

### बयान

चंदन सुबह ही घर से निकला था और शाम को उसका शव बरामद हुआ। स्वजनों ने हत्या की शंका व्यक्त की है, उसी आधार पर अनुसंधान किया जाएगा। उसके खिलाफ कई मामले दर्ज हैं।

# सहारा इंडिया मे डुबे पैसे दिलाने की सीपीआई नेता से पहल करने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/ललपनिया।** साडम पुर्वी तथा साडम पश्चिम पंचायत के सैकड़ो लोग साडम स्थित भारती कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यालय शुक्रवार को पहुंचे और पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा झारखंड आंदोलनकारी इफ्तिखार महमूद से सहारा इंडिया द्वारा हड़प लिया गया पैसा वापस करवाने हेतु प्रयास करने का आग्रह किया।मजदूरी या अन्य छोटा-मोटा धंधा करके जीवन निर्वाह करने वाले लोगों ने श्री महमूद को बतलाया कि आर्थिक तंगी के बावजूद भविष्य के लिए कमाई में से थोड़ा-थोड़ा पैसा सहारा इंडिया में जमा करते रहे हैं। निर्धारित अवधि पूरा होने के बाद दो गुना होने का सपना दिखलाकर पैसा को पुणः सहारा इंडिया द्वारा जमा रख लिया गया और अब सहारा के एजेंट निष्क्रिय हो गया है। गोमिया स्थित सहारा का कार्यालय भी बंद हो जाने से जमा पैसा वापस मिलने की संभावना खत्म हो गई है। लोगों ने निराश होकर श्री महमूद से पैसा वापस करवाने का आग्रह किया।श्री महमूद ने लोगों को भरोसा देते हुए कहा कि सहारा में जमाकताओं का पैसा डूबाने में केंद्र सरकार के सहकारिता मंत्रालय तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) का सहभागिता दिखलाई पड़ रहीं है। कहा कि सहकारिता मंत्रालय ने वर्ष 2015 ईस्वी में ही सहारा का निबंधन रद्द कर दिया था किंतु इसकी जानकारी सार्वजनिक नहीं किया गया। परिणाम स्वरूप जमाकताओं से पैसा जमा लेने का काम सहारा ने 2015 ईस्वी के बाद भी जारी रखा। भारत सरकार की संस्था सेबी (भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड) का काम जमाकताओं को सुरक्षा देने का है, लेकिन सेबी भी सहारा के पक्ष में ही दिखलाई पड़ रही है। श्री महमूद ने कहा कि समाज के जिन लोगों को आर्थिक विकास के लिए सरकार की मदद की जरूरत पड़ती है वैसे ही लोग सरकारी लापरवाही के कारण सहारा द्वारा लूट लिये गये है। उन्होंने कहा कि सहारा में जमा कताओं का डूब गया पैसा निकलने का प्रयास किया जाएगा।

## स्पीड न्यूज

### दो साइबर अपराधी को ट्रांजिट रिमांड पर ले गई मुंबई पुलिस

**दुमका।** महाराष्ट्र की मुंबई पुलिस दो साइबर अपराधी को ट्रांजिट रिमांड पर अपने साथ शुक्रवार को मुंबई ले गई। साइबर अपराधी जरमुंडी थाना क्षेत्र के चोरखेदा गांव निवासी सिंकू कुमार एवं अदन कुमार मंडल है। जानकारी के अनुसार टावर लोकेशन के आधार पर दक्षिण मुंबई थाना पुलिस की चार सदस्यीय टीम दुमका पहुंची थी। टीम का नेतृत्व इंस्पेक्टर प्रकाश पाटिल कर रहे थे। मुंबई पुलिस दुमका पहुंच जरमुंडी पुलिस के सहयोग से दोनों को घर से धर दबोचने में सफल रही। आरोपियों पर मुबई के व्यवसायी से धोखाधड़ी करने में सहयोग का आरोप है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत कर बयान दर्ज करा मुंबई पुलिस अपने साथ ले गई।

### 8 जून को न्यायालय परिसर में आयोजित होगा मासिक लोक अदालत



**बेरमो/तेनुघाट कोट।** माननीय सर्वोच्च न्यायालय, झारखंड उच्च न्यायालय एवं प्रधान जिला जज सह सत्र न्यायाधीश बोकारो के निदेर्शानुसार शनिवार 8 जून को तेनुघाट व्यवहार न्यायालय में मासिक लोक अदालत लगाया जाएगा। मासिक लोक अदालत के सफल निष्पादन के लिए तीन बेंच का गठन किया गया है। इसकी पहले बेंच पर जिला जज द्वितीय सूर्य मणि त्रिपाठी एव अधिवक्ता देव दत तिवारी, दूसरे बेंच पर एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल एव अधिवक्ता उमेश प्रसाद, तीसरे बेंच पर प्रथम श्रेणी न्यायायिक दंडाधिकारी शिवराज मिश्रा एवं अधिवक्ता नरेश चंद्र ठाकुर मौजूद रहेंगे। उक्त बातों की जानकारी अनुमंडल विधिक सेवा पदाधिकारी समिति के सचिव सह एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल ने दी।

# बीएसएल ऑक्सीजन प्लांट में पौधारोपण अभियान हुआ संपन्न



**बोकारो।** विश्व पर्यावरण दिवस अभियान हमारी भूमि-हमारा भविष्य के थीम को ध्यान में रखते हुए मुख्य अतिथि सीजीएम पीके बैसाखिया की उपस्थिति में बीएसएल के ऑक्सीजन प्लांट मे पौधारोपण किया गया। मौके पर श्री बैसाखिया ने विश्व पर्यावरण दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और बीएसएल द्वारा कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने हरित आवरण को बढ़ाने और कार्बन फुटप्रिंट को कम करने की प्रतिबद्धता के लिए ऑक्सीजन प्लांट प्रयासों की सराहना की। इस कार्यक्रम में अधिकारियों और कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी देखी गई जिन्होंने नीम महोगनी आम और अन्य प्रजातियों के पौधे लगाए। बीएसएल में पौधारोपण अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण के प्रति कंपनी के समर्पण पर जोर देता है बल्कि जलवायु परिवर्तन से निपटने और पर्यावरण संरक्षण की टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा देने के वैश्विक प्रयासों के साथ भी जुड़ा है। ऑक्सीजन प्लांट विभाग के विभागाध्यक्ष जीएम संजय गुप्ता ने सभी उपस्थित लोगों की उत्साहपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करते हुए कार्यक्रम का संचालन किया। ऑक्सीजन प्लांट के जीएम राजीव सिंह, वीके शर्मा, एजीएम चैताली दास व रणविजय कुमार का पौधारोपण अभियान में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# सांसद ढुल्लू महतो ने श्रमिक शक्ति को किया नमन, कहा
## सेहत-जांच के बहाने ठेका मजदूरों के खिलाफ साजिश बर्दाश्त नहीं



**बोकारो।** धनबाद लोकसभा के नव निर्वाचित सांसद ढुल्लू महतो श्रमिक शक्ति को नमन करने बोकारो स्टील प्लांट के मेन गेट पर पहुंचे। उन्होंने अपार समर्थन के लिए ड्यूटी पर प्लांट जा रहे मजदूरों को हाथ जोड़कर उनका आभार व्यक्त किया और रास्ते की धूल का तिलक लगाकर शपथ के लिए दिल्ली रवाना हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि सुनने में आ रहा है ठेका मजदूरों का मेडिकल चेकअप हो रहा है। यह जांच यदि मजदूरों को स्वस्थ रखने के ख्याल से हो रहा है तो स्वागत है लेकिन यदि छंटनी की साजिश है तो साजिशकर्ता सावधान हो जाएं। स्वास्थ्य मामले में जो कार्यरत अधिकारी के लिए मापदंड है वही ठेका मजदूरों के लिए होगा। अंतर की कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं जनहित में काम करना चाहता हूं। कामना है कि बीएसएल मजदूर विस्थापित नगरवासी समृद्ध व सुरक्षित हों। इसके लिए आमजनों से सुझाव अपेक्षित है। विचार सुझाव आप दें योजना को अमलीजामा पहनाना मेरा काम है। इस अवसर पर जनता मजदूर सभा के अध्यक्ष साधु शरण गोप ने कहा कि मजदूरों ने अपनी एकजुटता से ढुल्लू महतो जी को सांसद बनाया है। वे कामरेड राय साहब के बाद मजदूरों का दुख-दर्द समझने वाले सांसद साबित होंगे। मौके पर मजदूर नेता प्रेम कुमार संदीप कुमार आश घनश्याम गोप शंकर महथा विस्थापित नेता सहदेव साव बैद्यनाथ बेसरा फूलचंद मंडल मनोज सिंह वकील अग्रवाल पूर्व मुखिया टीना सिंह शिबू महतो माना सिंह राजेश महतो टी डी मंडल मंटू राय सुनीता देवी उमाशंकर गोप भानु गोप राज कुमार महतो श्याम नाथ मंडल देबू पाल पुष्पा देवी मंजू देवी लालाजी महतो सहित सैकड़ों

# अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने अपराध नियंत्रण गोष्ठी की, थाना प्रभारियों को दिए दिशा निर्देश

**साहिबगंज।** शुक्रवार को अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी के कार्यालय में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विमलेश त्रिपाठी के अध्यक्षता में मासिक अपराध नियंत्रण गोष्ठी की बैठक की गयी। इस मौके पर उन्होंने मौजूद थाना प्रभारी को साफ शब्दों में निर्देश देते हुए कहा कि लंबित मामलों का निपटारा जल्द से जल्द करें ताकि केस डायरी और चार्जशीट न्यायालय को जल्द से जल्द समर्पित किया जा सके। वहीं लंबे समय से फरार अपराधी, आरोपी की गिरफ्तारी सुनिश्चित होनी चाहिए इसके लिए सगन छापेमारी अभियान चलाया जाए और आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। गस्ती दल से गस्ती कराया जाए। साथ ही साथ चौक चौराहे पर अत्यधिक भीड़ भाड़ होने पर भी इस पर विशेष नजर होने चाहिए, जितना हो सके भीड़ को नियंत्रित करने का प्रयास करें। तथा क्षेत्र में हो रही बाइक चोरी की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए बाइक चोरों की गिरफ्तारी हो इसके लिए पूरी तरह अपने सूचना तंत्र को मजबूत रखें। इस बैठक में राजमहल थाना प्रभारी गुलाम सरवर तीन पहाड़ थाना प्रभारी मोहम्मद शाहरुख, राधानगर थाना प्रभारी अमित कुमार सहित तालझारी थाना प्रभारी प्रदीप शुधांशू उपस्थित थे।


**सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाइन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड**
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)
गोंदवाना प्लेस, काँके रोड, राँची-834031, झारखंड, भारत

**सूचना**

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"


# क्रांतिकारी इस्पात मजदूर संघ के तत्वावधान में विशाल आक्रोश प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के कोक ओवन एवं कोक केमिकल्स विभाग की बैटरी नंबर एक के सामने ठेका मजदूरों ने चिकित्सा जांच के नाम पर गरीब मजदूरों के पेट पर लात मारने की कथित साजिश के खिलाफ क्रांतिकारी इस्पात मजदूर संघ के तत्वावधान में विशाल आक्रोश प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में कोक ओवन एवं कोक केमिकल्स विभाग के हजारों आक्रोशित मजदूर बैटरी नंबर 8 से जुलूस के रूप में नारेबाजी करते हुए बैटरी नंबर 1 पर एकत्रित हुए जहां प्रदर्शन सभा में तब्दील हो गई। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे संघ के महामंत्री सह-सदस्य एनजेसीएस राजेंद्र सिंह ने कहा कि बोकारो प्रबंधन नित नये नये कानून लाकर मजदूरों के हाथों से नौकरी छीनने की साजिश करती रही है। मजदूरों ने अपनी एकता से हर बार प्रबंधन के मंसूबों पर पानी फेरने का काम किया है। फिर भी ये बाज नहीं आते हैं। इस मजदूर विरोधी प्रबंधन ने मजदूरों के शोषण के लिए एक और कदम आगे बढ़ाकर नया काला कानून लाया है मेडिकल चेकअप का। जो मजदूर अपने हक की मांग करेंगे उन्हें प्रबंधन द्वारा किसी न किसी बहाने अनफिट बताकर काम से निकालने की साजिश है। हम प्रबंधन के आला अधिकारियों से पूछना चाहते हैं कि क्या किसी अधिकारी को शुगर एवं ब्लड प्रेशर की समस्या नहीं है? अगर है तो वह कैसे ड्यूटी कर रहे हैं? अगर फिटनेस के नाम पर ठेका मजदूरों को काम से हटाया जा रहा है तो अधिकारियों को क्यों नहीं? ऐसी दोरंगी नीति किसी भी कीमत पर नहीं चलेगी। अगर मेडिकल चेकअप करना है तो बिल्कुल करिये मगर ड्यूटी में रहते हुए और अगर कोई समस्या है तो उनके इलाज की भी व्यवस्था आप ही को करनी है जैसे अधिकारियों का होता है।

# अधिवक्ता चेम्बर में पंखा के नीचे निश्चिन्त होकर झपकी लेते नजर आए हनुमानजी



**दुमका।** उपराजधानी दुमका में इन दिनों भयानक गर्मी से आम जन ही नहीं बल्कि जानवरों एवं पशु पक्षियां भी गर्मी से परेशान है। इसकी एक बानगी शुक्रवार को दुमका कोर्ट में देखने को मिला। दरअसल कोर्ट में एक हनुमान अचानक ही पहुंचा और किसी काम से अन्यत्र गए अधिवक्ता प्रमोद कुमार साह की कुर्सी पर विराजमान हो गया। अधिवक्ता प्रमोद कुमार साह के बैठने के स्थान के ऊपर एक पंखा लगा हुआ था। पंखा पूरी गति से घूम रहा था। अब गर्मी से परेशान हनुमानजी पंखे की हवा को छोड़ कहीं जाने की जरूरत नहीं समझे और लेने लगे वहीं झपकी। गर्मी से तबाह हनुमानजी को खाना पीना छोड़ पंखे की हवा से राहत मिली और हनुमानजी प्रेम से सो गए। इस बीच अधिवक्ता प्रमोद कुमार कहीं अन्यत्र बैठकर अपना कामकाज करते रहे। गौरतलब है कि शुक्रवार को उपराजधानी दुमका का तापमान 39 डिग्री था। जो कि लोगों को परेशानी में डाल रहा था। झपकी लेते हनुमानजी को डिस्टर्ब करना वकील साहब उचित नहीं समझे और हनुमानजी को छोड़ अन्य कामों में व्यस्त हो गए।


**जिला खेल पदाधिकारी का कार्यालय, हजारीबाग।**
(खेल शाखा)
Email Id- districtsportsofficehzb@gmail.com

पत्रांक– 169 दिनांक– 07.06.2024

:– सूचना :–

निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, के पत्रांक 135 राँची, दिनांक 16.05.2024 द्वारा Tenzing Norgay National Adventure Award- 2023 के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया है।

उक्त प्रतियोगिता में साहसिक गतिविधि (Land, Sea and Air) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले हजारीबाग जिले के इच्छुक अर्हत्ताधारी युवा कर्जन स्टेडियम अवस्थित जिला खेल कार्यालय, हजारीबाग में दिनांक 10 जून 2024 के अपराहन 4:00 बजे तक अपना आवेदन जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

ह0/–
जिला खेल पदाधिकारी,
हजारीबाग

PR 325354 Art Culture Sports and Youth Affairs(24-25)D



**जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी।**

**मत्स्य पालकों के लिए आम सूचना**

एतद् द्वारा खूँटी जिला के मत्स्य कृषकों/केज लाभुकों/मछुआरों को सूचित किया जाता है, कि वर्ष 2024–25 में विभागीय राज्यादेश संख्या 04 दिनांक 30/05/2024 "तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजनान्तर्गत" फीड बेस्ड फिशरीज योजना के तहत् मछली के संवर्धन हेतु 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम 25/– रू0 प्रति कि0 ग्रा0 के अनुदान पर गुणवत्तायुक्त फिश फीड उपलब्ध कराया जायेगा। इस योजना के निम्नांकित मापदण्ड होंगे–

1. फीड का कय किसी भी मान्यता प्राप्त अधिकृत विक्रेता से किया जा सकता है, जिसका बिल GSTIN NO. का होना अनिवार्य है।
2. वैसे लाभुक जो विगत वर्ष में उत्पादित मछली का आंकड़ा संधारित कर रखे हों तथा वर्तमान में केज/बायोफलॉक तालाब/बायोफ्लॉक टैंक, निजी/सरकारी/लीज पर लिये तालाबों में मत्स्य पालन का कार्य कर रहे हो, उन्हें ही फीड कय करने के उपरांत अनुदान की राशि देय होगी। खुले बाजार से फीड कय का भौतिक सत्यापन जिला मत्स्य कार्यालय में पदस्थापित क्षेत्रीय पदाधिकारी के द्वारा करवाना अनिवार्य होगा, जिसके उपरांत राशि डी0 बी0 टी0 के माध्यम से लाभुकों को उपलब्ध कराया जायेगा।
3. 2mm से बड़े साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड विभाग द्वारा स्थापित फिश फीड मिल अथवा झास्कोफिश से उत्पादित फिश फीड के कय पर भी लाभ मत्स्य कृषकों को प्राप्त होगा।

यह योजना पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर संचालित है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
खूँटी।

PR 325299 (Fish) 24-25 (D)


# सीसीएल कथारा प्रबंधन के खिलाफ संयुक्त मोर्चा संघर्ष समिति ने किया विरोध प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/जारंगडीह।** सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के प्रबंधन की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ शुक्रवार को जारंगडीह कोलियरी बचाओ संघर्ष समिति के द्वारा जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। समिति के लोगों ने जारंगडीह कोलियरी खुले खदान से पैदल जुलूस निकाला गया, जो मुख्य सड़क होते हुए कथारा महाप्रबंधक कार्यालय पहुंचा। इस दौरान कथारा क्षेत्रीय प्रबंधक के खिलाफ नारेबाजी की, नारेबाजी में जारंगडीह कोलियरी को बंद करने की साजिश बंद करो जैसे नारे बुलंद हुए। इस दौरान सीसीएल कथारा महाप्रबंधक के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा। प्रदर्शन के दौरान सभा को संबोधित करते हुए गोमिया विधायक डॉ लम्बोदर महतो ने कहा कि वर्तमान समय में जारंगडीह के संदर्भ में जो श्रमिकों के समक्ष समस्या उत्पन्न हुई है, वह सीसीएल प्रबंधन के तुगलकी फरमान के कारण हुई है। इस तुगलकी फरमान को सीसीएल प्रबंधन को निश्चित रूप से वापस लेना होगा। कहा कि जारंगडीह कोलियरी को बचाएं, जारंगडीह कोलियरी से मशीनों को हटाने का कार्य बंद करें। साथ ही डिपार्टमेंटल कार्य चालू रखे।बताता चलू की इसी मद्दे को लेकर एक जून को जारंगडीह बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले संयुक्त ट्रेड यूनियन और कामगारों की बैठक जारंगडीह खुले खदान कार्यालय परिसर में संपन्न हुई थी जिसमे यह फैसला लिया गया था कि जारंगडीह से किसी भी किमत पर प्रबंधन को बाहर भेजने यानी दुसरे कोलियरी मे भेजने नही दिया जायेगा। इसको लेकर चरणबद्ध आंदोलन चलाया जायेगा जिसके पहले चरण का ही हिस्सा था आज का विरोध प्रदर्शन व ज्ञापन सौपना। बताता चलू की एक जून की बैठक हो या फिर आज का विरोध प्रदर्शन दोनो ही मौको पर समिति के नेताओं ने आशंका जताई की यह सीसीएल प्रबंधन की सोची समझी साजिश है पहले कोलियरी के मशीनों को हटा रही है फिर यहां काम करने वाले कामगारों का तबादला करेगे और पुरी जारंगडीह कोलियरी आउटसोर्सिंग के हवाले कर दिया जायेगा। इस मौके पर बेरमो के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल, जेबीसीसीआई सदस्य लखन लाल महतो, अफताब आलम खान, जिप सदस्य सहजादी बानों, राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के अजय कुमार सिंह, निजाम अंसारी, नवीन विश्वकर्मा, अजय कुमार साव, बालगोविंद मंडल, अरविंद कुमार ओझा, विनोद कुमार झा, रामदास केवट, कामोद प्रसाद, राजकुमार मंडल, राकेश कुमार सिंह, नेमचंद मंडल आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।


**जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी**

**आवश्यक सुचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में मत्स्य विभाग के द्वारा जिला के प्रशिक्षित मत्स्य पालकों, जिनके पास एक एकड़ या उससे बड़े जलक्षेत्र के सदाबहार तालाब है पर स्थानिय स्तर पर उत्पादित मत्स्य अंगुलिकायें के कय में 50 प्रतिशत या अधिकतम 1875/– रूपये प्रति एकड़ के दर से अनुदान देने की योजना है। जिला मत्स्य कार्यालय से संबंद्ध मत्स्य बीज उत्पादकों से मत्स्य अंगुलिकायें कय किया जाएगा।

इस योजना से अच्छादित करने हेतु अपने तालाबों की सूची नाम, पत्ता ,मोबाईल नं0, तालाब का क्षेत्रफल के साथ तालाब की GPS फोटो एवं मत्स्य पालन प्रशिक्षण पत्र का छाया प्रति आवदेन पत्र के साथ कार्यालय को उपलब्ध कराने की कृपा करना चाहेंगे ताकि समय पर उक्त योजना से आपको अच्छादित किया जा सके। कार्यालय अवधि में आवदेन पत्र निःशुल्क उपलब्ध है।

यह योजना पहले आओ पहले पाओ के तर्ज पर आधारित है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
खूँटी

PR 325428 Fish(24-25).D

# तीसरी बार मोदी सरकार

भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में राजग की सरकार ने राष्ट्रपति के समक्ष सरकार बनाने का दावा पेश कर दिया है। निश्चित तौर पर राजग गठबंधन को तीसरी बार पूर्ण बहुमत देकर भारतीय जनता ने केन्द्र में सरकार बनाने का जनादेश दिया है। दुनिया के सबसे बड़ें लोकतंत्र के सम्मान में यह चुनाव सबसे कम विवादों के बीच संपन्न हो गया। जनता का जनता के द्धारा जनता के लिये शासन के सूत्रवाक्य पर सरकार चले यह आवश्यक है। देश की सबसे बड़ी समस्या रोजगार की है जिसको लेकर सरकार को ठोस कदम उठाने होंगे। आर्थिक रुप से मजबूत होती सरकार अगर देश के कम आय वर्ग के हित को अनदेखी करेगी तो निश्चित इसके परिणाम भी विपरीत होगा। देश के राज्यों की अलग-अलग समस्या है और आज अधिकतम राज्यों में राजग की सरकार है। ऐसे में सरकारें चाहे वे केन्द्र की हो या राज्य की जनमानस के बीच उनकी छवि एक सहयोगी की होनी चाहिए। वर्तमान सरकार को लेकर सरकारी क्षेत्र में रोजगार सजृन कम करने और कॉन्ट्रेक्ट की नौकरियों को बढ़ावा देने का बड़ा आरोप लगा। हिंदी भाषी उत्तर प्रदेश बिहार और राजस्थान सहित कई राज्यों में सरकारी नौकरियों को लेकर एक आग्रह आम लोगों में है। मादी तीन से उम्मीद होगी कि वे अपनी नीतियों में कुछ बदलाव करेंगे। जहां तक नरेन्द्र मोदी का सवाल है वे अपनी सक्रियता के लिये देश ही नहीं विदेश में भी चर्चित रहें हैं। अथक मेहनत और देश के विकास के लिये उनकी तत्परता का परिणाम है कि तीसरी बार भी उन्हें एक बेहतर परिणाम मिला और उनकी सरकार बरकरार रही। साथ ही विपक्ष भी मजबूत हुआ। कुछ नीतियों और नियमों को लेकर धरातल पर लोगों की आवश्यकता और इच्छा का ख्याल देश की लोकतांत्रिक कल्याणकारी सरकार को रखना होगा इस चुनाव परिणाम से यही संदेश दिया गया है।

# शोध और संस्थान

हमारे पास विश्वस्तरीय शोध को शिक्षण से जोड़ने के कुछ उदाहरण मौजूद हैं। बेंगलूरु स्थित भारतीय विज्ञान संस्थान खासतौर पर अलग है। परंतु मुंबई स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल टेक्नॉलजी जिसे उसके पुराने नाम यूनिवर्सिटी डिपार्टमेंट ऑफ केमिकल टेक्नॉलजी अर्थात यूडीसीटी से अधिक जाना जाता है, वह सबसे उल्लेखनीय उदाहरण है। यूडीसीटी की स्थापना सन 1933 में की गई थी। संस्थान को अपने शोध पर गर्व है लेकिन इसके साथ ही जरा इस बात पर भी विचार कीजिए कि उसने अपने पुराने विद्यार्थियों की मदद से क्या योगदान किया। पुराने विद्यार्थियों की सूची पर एक नजर डालते हैंः मुकेश अंबानी (रिलायंस), अंजी रेड्डी (डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज), मधुकर पारेख (पिडिलाइट इंडस्ट्रीज), के के घार्दा (घार्दा केमिकल्स), अश्विन दानी (एशियन पेंट्स), नीलेश गुप्ता (ल्युपिन), रमेश माशेलकर (एनसीएल के निदेशक और सीएसआईआर के डीजी), एन सेकसरिया (अंबुजा सीमेंट्स) और एमएम शर्मा (जिन्होंने बाद में खुद यूडीसीटी का नेतृत्व किया और उसकी वैश्विक प्रतिष्ठा स्थापित की)। सन 1800 के आरंभ में जब विल्हेम वॉन हंबॉल्ड ने दुनिया के पहले शोध विश्वविद्यालय यूनिवर्सिटी ऑफ बर्लिन के स्थापना सिद्धांत दिए तब से शोध विश्वविद्यालयों का लक्ष्य ज्ञान की तलाश करना रहा है। हमें यह बात इसमें शामिल करनी होगी कि ज्ञान खासतौर पर मानवता के काम तब आता है जब वह विश्वविद्यालय से बाहर छात्रों के मस्तिष्क में विराजमान होता है। यही कारण है कि उच्च शिक्षा में शोध किया जाना चाहिए। स्वायत्त प्रयोगशालाओं में शोध समाज को उसके प्राथमिक लाभ से वंचित करता है। निश्चित तौर पर विश्व के विकास में शोध का ही महत्व है जिससे बड़ें बड़ें बदलाव हुए। भारत के लिये ऐसे शोध बहुत महत्व रखते हैं।

# इंडी गठबंधन : यह जीत नहीं हार है





**- सुरेश हिन्दुस्तानी**

> भाजपा के लिए चिंतन का मुद्दा यह है कि उसके मूल कार्यकर्ता इस चुनाव से दूर रहे। भाजपा नेतृत्व ने जितना भरोसा बाहर से आए नेताओं पर किया, उतना अपने पुराने कार्यकताओं पर नहीं किया। बाहर से आए नेता केवल दिखावा करते रहे और भाजपा के पुराने कार्यकताओं की अनदेखी की गई। जिसके कारण भाजपा का समर्थक मतदाता मतदान केंद्र तक पहुंच ही नहीं सका।

देश में हुए लोकसभा चुनाव के परिणाम आ चुके हैं। ये चुनाव परिणाम कई मायनों में महत्वपूर्ण सन्देश देने वाले कहे जा सकते हैं। इसमें पहली बात यह है कि भारतीय जनता पार्टी ने चार सौ पार का नारा दिया, उसने एक बार फिर से इंडिया शाइनिंग वाले 2004 के चुनाव की याद याद दिला दी। यह संतोष की बात कही जा सकती है कि राजग को सरकार बनाने लायक बहुमत प्राप्त हो गया है। इस चुनाव परिणाम को भाजपा के लिए एक बड़े सबक के रूप में देखा जा रहा है, जबकि अपने राजनीतिक अस्तित्व को बचाने के लिए पिछले दस वर्षों से संघर्ष करने वाले विपक्ष को कायाकल्प करने वाली संजीवनी मिलने के रूप में देखा जा रहा है। बावजूद इसके चुनाव नतीजों को इंडी गठबंधन के लिए हार ही कहा जाएगा।

भाजपा वाले गठबंधन ने भले ही बहुमत का आंकड़ा प्राप्त कर लिया है लेकिन खुद भाजपा के नेता इसे जीत के रूप में प्रचारित करने का साहस नहीं जुटा पा रहे है। इसके विपरीत इंडी गठबंधन तो ताल ठोकते हुए इसे भाजपा की हार बता रहा है। यह सही है कि चुनाव में राष्ट्रीय जनतान्त्रिक गठबंधन को अपेक्षित सफलता नहीं मिली, लेकिन सरकार बनाने लायक सीट की संख्या उसके पास है। इसलिए इसमें कोई संदेह नहीं कि भाजपा के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार बनने जा रही है। इसलिए इस जीत को कई मायनों में ऐतिहासिक ही माना जाएगा। आज नरेन्द्र मोदी उस कतार में शामिल हो गए हैं, जो उन्हें औरों से अलग बनाते हैं।

भाजपा को सबसे बड़ा झटका उत्तर प्रदेश ने दिया है। यहां दो लड़कों की जोड़ी ने भाजपा की उड़ान की गति को बहुत हद तक रोकने में सफलता प्राप्त की है। हम जानते हैं कि जिस प्रकार से समाचार चैनलों ने स्पष्ट रूप से भाजपा की बहुमत वाली सरकार बनाने का पूवार्नुमान दिखाया था, वह परिणाम से मेल रखने वाला नहीं रहा। देश के विपक्षी दलों ने यह आरोप लगाकर इस एग्जिट पोल को पूरी तरह से खारिज कर दिया। कांग्रेस की ओर से यह दावा भी किया गया था कि इंडी गठबंधन को 290 सीटें मिलेंगी और बहुमत की सरकार बनेगी। सबको यही लग रहा था कि कांग्रेस के दावे में दम नहीं है, लेकिन चुनाव के परिणाम ने यह जाहिर कर दिया कि उनके दावे में दम था। दावे में जो सीटों की संख्या बताई गई थी इंडी गठबंधन उस आंकडे से बहुत पीछे रह गया, लेकिन इंडी गठबंधन के कई उम्मीदवार बहुत कम अंतर से पराजित हुए हैं, इसे भी अप्रत्याशित बढ़त के रूप में ही देखा जा रहा है। इंडी गठबंधन के लिए सबसे ज्यादा सुकून देने वाली बात यह भाजपा गठबंधन 300 के पार भी नहीं जा सका।

भाजपा के लिए चिंतन का मुद्दा यह है कि उसके मूल कार्यकर्ता इस चुनाव से दूर रहे। भाजपा नेतृत्व ने जितना भरोसा बाहर से आए नेताओं पर किया, उतना अपने पुराने कार्यकताओं पर नहीं किया। बाहर से आए नेता केवल दिखावा करते रहे और भाजपा के पुराने कार्यकताओं की अनदेखी की गई। जिसके कारण भाजपा का समर्थक मतदाता मतदान केंद्र तक पहुंच ही नहीं सका। यह भी भाजपा के लिए एक बड़ा अवरोधक बनता दिखाई दिया, जबकि इंडी गठबंधन के नेता यह योजना बनाकर मैदान में थे कि अधिक मतदान कराने का प्रयास किया जाए। उत्तर प्रदेश में सपा और कांग्रेस के गठबंधन को मिली सफलता इस बात का परिचायक है कि इन दोनों दलों ने मुस्लिम और यादव मतों पर ज्यादा मेहनत की। इसके अलावा पिछड़े वर्ग के मतदाताओं को भी अपने पाले करने के लिए मेहनत की। इसी मेहनत ने अपेक्षित परिणाम दिए।

यहां यह उल्लेख करना भी महत्वपूर्ण होगा कि इस बार मायावती की बहुजन समाज पार्टी ने इंडी गठबंधन के लिए विजय के द्वार खोलने में मदद की। ऐसा नहीं है कि उनकी मदद करने की मंशा थी, वह मदद नहीं करना चाहती थीं, लेकिन अजा, जजा और पिछड़े वर्ग का जो वोट भाजपा को मिलना था, वह इस बार भाजपा को नहीं मिला। इसे भी भाजपा की हार के रूप में देखा जा रहा है। वैसे राजनीतिक दृष्टि से आकलन किया जाए तो यह भाजपा की बड़ी जीत ही कहा जाएगा, क्योंकि भाजपा के नेतृत्व वाले राजग गठबंधन ने तीसरी बार सत्ता को अपने पास रखा है। इंडी गठबंधन भी इसलिए सक्रिय हो गया है, क्योंकि अगर किसी भी स्थिति में बिल्ली के भाग्य से छींका टूट गया तो मलाई खाने का अवसर मिल सकता है।

परिणामों के बाद अब इसमें कोई संदेह नहीं है कि राजग की सरकार बनेगी, साथ ही एक मजबूत विपक्ष भी होगा। इसलिए अब भाजपा नीत सरकार को बेहद सधे कदमों से चलना होगा। जैसा कि सभी जानते हैं कि जब विपक्ष कमजोर रहा, तब उन्होंने संसद को कई बार बाधित किया। चूंकि अब विपक्ष मजबूत है तो इस बात की बहुत ज्यादा संभावना बन जाती है कि वे छोटी- छोटी बातों पर संसद को बाधित कर सकते हैं। यह बात सही है कि नरेन्द्र मोदी की सरकार ने राजनीतिक भ्रष्टाचार पर बहुत हद तक सफलता प्राप्त की है, और अपने तीसरे कार्यकाल में भी भ्रष्टाचार को समाप्त करने का संकल्प दोहराया है।

हम जानते हैं कि विपक्ष के कई बड़े राजनेता भ्रष्टाचार के आरोप को झेल रहे हैं। इनमें से कई जमानत पर बाहर हैं। इसलिए यह भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सरकार का साथ देंगे, इसकी गुंजाइश कम ही है।

लेकिन यह सच है कि भारत में भ्रष्टाचार का निर्मूलन होना ही चाहिए। यह देश को अच्छा बनाने का कदम है, जिसके लिए सभी दलों को साथ देना चाहिए। जहां तक राजनीति की बात है तो लोकसभा चुनाव के दौरान जिस प्रकार से प्रचार किया गया, उसमें नकारात्मकता अधिक देखी गई। रचनात्मक विरोध तो कहीं भी देखने को नहीं मिला। लेकिन अब चूंकि चुनाव समाप्त हो गए हैं और परिणाम भी आ चुके हैं, इसलिए अब नकारात्मक राजनीति से सभी दलों को तौबा करने की ओर कदम बढ़ाने चाहिए। क्योंकि अब विरोध करने का नहीं, बल्कि देश को बनाने का समय है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## खास बात

### योग पुरुष पतंजलि

**स्वामी मुक्तरथ**



पतंजलि प्राचीन भारत के एक मुनि और नागों के राजा शेषनाग के अवतार थे जिन्हे संस्कृत के अनेक महत्वपूर्ण ग्रन्थों का रचयिता माना जाता है। इनमें से योगसूत्र उनकी महानतम रचना है जो योगदर्शन का मूलग्रन्थ है। भारतीय साहित्य में पतंजलि द्वारा रचित 3 मुख्य ग्रन्थ मिलते हैं। योगसूत्र, अष्टाध्यायी पर भाष्य और आयुर्वेद पर ग्रन्थ। कुछ विद्वानों का मत है कि ये तीनों ग्रन्थ एक ही व्यक्ति ने लिखे, अन्य की धारणा है कि ये विभिन्न व्यक्तियों की कृतियाँ हैं। पतंजलि ने पाणिनि के अष्टाध्यायी पर अपनी टीका लिखी जिसे महाभाष्य का नाम दिया (महा +भाष्य (समीक्षा, टिप्पणी, विवेचना, आलोचना))। इनका काल कोई 200 ई पू माना जाता है।

पतंजलि शुंग वंश के शासनकाल में थे। डॉ. भंडारकर ने पतंजलि का समय 158 ई. पू. द बोथलिक ने पतंजलि का समय 200 ईसा पूर्व एवं कीथ ने उनका समय 140 से 150 ईसा पूर्व माना है। उन्होंने पुष्यमित्र शुंग का अश्वमेघ यज्ञ भी सम्पन्न कराया था। इनका जन्म गोनार्ध (गोंडा,उ०प्र०) में हुआ था, बाद में वे काशी में बस गए। ये व्याकरणाचार्य पाणिनी के शिष्य थे। काशीवासी आज भी श्रावण कृष्ण 5, नागपंचमी को छोटे गुरु का, बड़े गुरु का नाग लो भाई नाग लो कहकर नाग के चित्र बाँटते हैं क्योंकि पतंजलि को शेषनाग का अवतार माना जाता है। पतंजलि महान चिकित्सक थे और इन्हें ही 'चरक संहिता' का प्रणेता माना जाता है। 'योगसूत्र' पतंजलि का महान अवदान है। पतंजलि रसायन विद्या के विशिष्ट आचार्य थे अभ्रक विंदास, अनेक धातुयोग और लौहशास्त्र इनकी देन है। पतंजलि संभवत पुष्यमित्र शुंग (195-142 ई.पू.) के शासनकाल में थे। राजा भोज ने इन्हें तन के साथ मन का भी चिकित्सक कहा है।योगेन चित्तस्य पदेन वाचां मलं शरीरस्य च वैद्यकेन।(अर्थात चित्त-शुद्धि के लिए योग (योगसूत्र), वाणी-शुद्धि के लिए व्याकरण (महाभाष्य) और शरीर-शुद्धि के लिए वैद्यकशास्त्र (चरकसंहिता) देनेवाले मुनिश्रेष्ठ पतंजलि को प्रणाम।) **(सत्यानंद योग मिशन)**

# मन की माया

## धर्म-प्रवाह

**साध्वी मनीषा**

**मन** की माया बड़ी विचित्र है। इसके बड़े ही अलग नियम हैं। इसके खेल निराले हैं। यह इंसान को तरह तरह से भ्रमित करता है। उनमें से इसका एक नियम यह है कि जो भी चिज इसे मिल जाए उसे यह भूलने लगता है। लेकिन यह उसे जरूर याद करता है जो इससे दूर होती है और हर पल उसी के लिए रोता रहता है। मन कभी भी वर्तमान में नहीं रहता। यह सदैव या तो अतीत में जाता है या भविष्य की योजना बनाता है ताकि सत्ता की चाबी इसके हाथ रहे। मन इंसान को इतना व्यस्त रखता है कि वो स्वांस के बारे में चिंतन ही नहीं करने देता इसलिए हृदय में विराजमान परमानंद से दूरी रहती है। आज यदि एक इंसान के पास उसकी मेहनत और नेक कमाई का इतना पर्याप्त है कि वह अपना व परिवार के सदस्यों की जरूरत के लिए काफी है लेकिन तब भी यह मन उस इंसान को शांत नहीं रहने देता और भविष्य में ले जाकर कहना शुरू कर देता है कि और चाहिए। इस प्रकार इंसान सारा जीवन भागदौड़ करके मन के सपने पूरा करने का प्रयत्न करता है और जब सब कुछ ऐशो आराम के संसाधनों के साथ महल बंगला तैयार होता है तब वह ठीक ढंग से उसमें रहने भी नहीं पाता कि यह स्वांस उसका साथ छोड़ देता है। इसलिए सच्चे गुरु से जितना दूरी रहे उतना ही अच्छा है क्योंकि मन दूरी में सदैव दिलचस्पी लेता है। अगर आपने अभ्यास से अपने मन को नहीं साधा हो और ऐसी गुरु कृपा हो जाए कि सच्चे गुरु के बहुत नजदीक रहने का सौभाग्य मिल जाए।

## आपके ट्वीट

यह बहुत खुशी की बात है कि 10 साल से ये पीएम हैं और फिर पीएम होने जा रहे हैं। इन्होंने पूरे देश की सेवा की है और उम्मीद है कि अगली बार सब पूरा कर देंगे। हम लोग पूरे तौर पर सब दिन इनके साथ रहेंगे। हमें लगता है कि अगली बार जब आएंगे तो कुछ सीट जो ये (विपक्ष) जीत गए हैं अगली बार सब हारेंगे।

**-नीतीश कुमार, सीएम, बिहार**

आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का संकल्प है कि देश के हर बेघर के सिर पर पक्की छत हो। सुखद है कि पूर्व की तुलना में,विगत 8 वर्षों में 7 गुना ज्यादा तीव्र गति से आवासों का निर्माण हो रहा है।

**- अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**





मेरे जीवन का हर पल डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर द्वारा दिए गए भारत के संविधान के महान मूल्यों के प्रति समर्पित है। यह हमारा संविधान ही है, जिससे एक गरीब और पिछड़े परिवार में पैदा हुए मुझ जैसे व्यक्ति को भी राष्ट्रसेवा का अवसर मिला है। **-नरेन्द्र मोदी**

# देश में मैला ढोने वालों की दुर्दशा पर कौन ध्यान देगा

**प्रियंका सौरभ**

## समस्या

देश में 28 साल पहले एक कानून के माध्यम से इस पर प्रतिबंध लगाने एवं तकनीकी प्रगति के बावजूद, मानव अधिकारों के प्रति संवेदनशीलता पैदा करने वाली , मैनुअल स्कैवेंजिंग भारत में बनी हुई है। मैनुअल स्कैवेंजिंग का तात्पर्य किसी भी तरीके से मैन्युअल रूप से सफाई करने, शुष्क शौचालयों और सीवरों से मानव उत्सर्जन ले जाने, निपटाने या संभालने के अभ्यास से है। अब जबकि पूरे देश में स्वच्छ भारत अभियान के जरिए साफ-सफाई पर जोर-शोर से चर्चा हो रही है तो यह जरूरी है कि इस अमानवीय पेशे के उन्मूलन के लिए गंभीर प्रयास किए जाएं।

और इस कुप्रथा को समाप्त करने के लिए महात्मा गांधी समेत तमाम महापुरुषों ने समय-समय पर प्रयास किए इसके बावजूद यह व्यवस्था न सिर्फ निजी बल्कि सरकारी प्रतिष्ठानों में भी अपनी जड़ें जमाए रही। अब जबकि पूरे देश में स्वच्छ भारत अभियान के जरिए साफ-सफाई पर जोर-शोर से चर्चा हो रही है तो यह जरूरी है कि इस अमानवीय पेशे के उन्मूलन के लिए गंभीर प्रयास किए जाएं। तब महात्मा गांधी ने 1917 में पूरा जोर देकर कहा था कि साबरमती आश्रम में रहने वाले लोग अपने शौचालय को खुद ही साफ करेंगे। इसके बाद महाराष्ट्र हरिजन सेवक संघ ने 1948 में मैला ढोने की प्रथा का विरोध किया था और उसने इसको खत्म करने की मांग की थी। तब जाकर ब्रेव-कमेटी ने 1949 में सफाई कर्मचारियों के काम करने की स्थितियों में सुधार के लिए सुझाव दिए थे। आजादी के बाद मैला ढोने की हालातों की जांच के लिए बनी एक अन्य समिति ने 1957 में सिर पर मैला ढोने की प्रथा को समाप्त करने का सुझाव दिया था। इतने सालों बाद भी हम देश भर में आए रोज सफाई के लिए सेप्टिक टैंक और नालियों में मानव प्रवेश के कारण हुई मौत की खबरें सुनते है। ऐसी दुखद घटनाओं को समाप्त करने के उद्देश्य से आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने गैर-सरकारी संगठनों से इसके उपयुक्त समाधान की तलाश के लिए एक प्रौद्योगिकी चुनौती शुरू की है। जिस से देश में सीवरों और सेप्टिक टैंकों की सफाई में मानव हस्तक्षेप की जगह नवीनतम तकनीकों को बढ़ावा दिया जा सके। सेप्टिक टैंकों और नालियों की सफाई करने वालों के अलावा मैला प्रथा (मैनुअल स्कैवेंजिंग) भी इस काम में लगे लोगों के लिए अभिशाप बन गई है. मैनुअल स्कैवेंजिंग का तात्पर्य किसी भी तरीके से मैन्युअल रूप से सफाई करने, शुष्क शौचालयों और सीवरों से मानव उत्सर्जन ले जाने, निपटाने या संभालने के अभ्यास से है। 28 साल पहले एक कानून के माध्यम से इस पर प्रतिबंध लगाने एवं तकनीकी प्रगति के बावजूद, मानव अधिकारों के प्रति संवेदनशीलता पैदा करने वाली , मैनुअल स्कैवेंजिंग भारत में बनी हुई है। 2015 में जारी सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना में कहा गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 18 मिलियन मैनुअल मैला ढोने वाले घर थे। अधिकांश सेप्टिक टैंक मैन्युअल रूप से भारतीय शहरों में खाली किए जाते हैं। आंकड़े बताते हैं कि भारत के 80प्रतिशत सीवेज क्लीनर विभिन्न संक्रामक रोगों के कारण 60 की उम्र से पहले मर जाते हैं। ये दुर्घटनाएं शहरी इलाकों में अधिक हैं और क्योंकि देश के 8000 शहरी क्षेत्र हैं और 6 लाख गांव के बड़े हिस्से में सीवेज प्लांट नहीं हैं। मैनुअल स्केवेंजिंग मुख्य रूप से जाति व्यवस्था से दृढ़ता से जुड़ा हुआ है। इस सबसे बड़े अमानवीय पेशे को खत्म करने के लिए समाज द्वारा समर्थन का अभाव भी इसके बने रहने के पीछे एक कारण है। वैसे भी शिक्षा और मानवता का अभाव आज भारत के कई हिस्सों में गायब है। इनके बारे में एक सटीक सर्वे भी नहीं हो पा रहा है।

## कॉर्टून वर्ल्ड

### युद्ध का परिणाम



## लेटर टू एडिटर

### डॉकघर में हो रजिस्ट्री

**पलामू** जिला अधिवक्ता संघ ने डाक अधीक्षक पलामू से पलिखकर कचहरी डाकघर से रजिस्ट्री कार्य बंद रहने के कारण हो रहे परेशानियों से अवगत कराया है। पोस्ट ऑफिस से डाक रजिस्ट्री बंद रहने के कारण लोगों को काफी परेशानी झेलना पड़ रहा है। न्यायालय से संबंधित भी रजिस्ट्री कार्य समय पर नहीं हो पा रहा है। इस पर सरकार ध्यान दें।

**-संतोष पाण्डेय, मेदिनीनगर**

### विस्तार मिले

**हिन्दी** एकमात्र ऐसी भाषा है जो संपूर्ण देश को एक सूत्र में जोड़ने का काम कर सकती है। हिंदी को अधिक शक्तिशाली बनाने की आवश्यकता है। हिंदी को साहित्य, संस्कार एवं संस्कृति के अतिरिक्त शोध, अनुसंधान, ज्ञान-विज्ञान, जनसंचार, प्रौद्योगिकी तथा रोजगार से भी जोड़ने की आवश्यकता है।आज देश में हिंदी को लेकर एक नकरात्मक आग्रह बना हुआ है।

**-शमशेर शर्मा,जमशेदपुर**

# 18 वीं लोकसभा के जनादेश और उसके मायने

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

## सामयिक

अठारहवीं लोकसभा के चुनाव परिणाम ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया है कि मतदाता के मन को समझना इतना आसान नहीं हैं। इसी तरह से एग्जिट पोल के परिणामों और धरातलीय परिणामों में अंतर से साफ हो जाता है कि मतदाता खुलता भी नहीं है तो किसके पक्ष में मतदान करके आया है उसे वह मुखर होकर बताता भी नहीं है। चुनाव परिणामों से सट्टा बाजार की भी पोल खुल कर रह गई है। ऐसे में सवाल यह हो जाता है कि मतदाता इस जनादेश के माध्यम से आखिर संदेश क्या देना चाहते है? लोकसभा चुनाव परिणाम से यह तो साफ हो गया है कि मतदाता ने एनडीए को तीसरी बार सरकार चलाने का अवसर दे दिया है। बहुमत के 272 की तुलना में एनडीए को 293 सीटें मिली हैं। यह अलग बात है कि पिछले दो चुनावों की तरह इस बार भाजपा अकेले स्पष्ट बहुमत का आंकड़ा नहीं छू पाई। बावजूद इसके वह लोकसभा में सबसे बड़े दल के रूप में उभरी है। देखा जाए तो 10 साल बाद किसी भी एक दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है। इससे यह भी तो स्पष्ट हो जाता है कि सत्ता विरोधी लहर उतनी नहीं रही जितनी दस साल के शासन के बाद सामान्यतः आ जाती है पर उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, हरियाणा आदि के माध्यम से मतदाता ने अपनी नाराजगी जाहिर करने में किसी तरह का संकोच भी नहीं किया है। दरअसल जनआकांक्षाओं और सरकार की परफारमेंस के बीच अंतर को पाटने में सरकार पूरी तरह से सफल नहीं रही। हालांकि परफारमेंस के पैरामीटर्स या यूं कहें कि मापदण्ड बदलते रहते हैं। एक बात यह भी स्पष्ट हो जाना चाहिए कि यह मेंडेंट ने केन्द्र सरकार की वर्तमान नीतियों का नकारा नहीं है।

दरअसल जनता कहीं न कहीं संतुलन चाहती हैं। सरकारों को जहां एग्रेसिव होना अच्छा लगता हैं वहीं जनता कहीं न कहीं डिलीवरी सिस्टम को लेकर भी चिंतित रहती है। केवल उज्जवल और एग्रेसिव छवि, सफल विदेश नीति, राष्ट्रीयता और राष्ट्रवाद, धर्म, आर्थिक विकास या यूं कहें कि इकोनॉमिक ग्रोथ के साथ ही बहुत से ऐसे कारक है जिन्हें नकारा नहीं जा सकता। इसमें कोई दोराय नहीं कि दुनिया का सबस बड़ा और सफलतम लोकतंत्र हमारे यहां है। लोकतांत्रिक देशों में सर्वाधिक राजनीतिक दलों वाला भी हमारा ही देश है। हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था व चुनाव व्यवस्था की सारी दुनिया कायल है। पर इसके साथ ही अब आमजन का मनोभाव यह है कि राजनीतिक दलों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए ना कि मंडी बाजार जैसी एक-दूसरे पर छींटाकशी। वास्तविकता तो यह है कि अब प्रमुख राजनीतिक दलों का काम आरोप-प्रत्यारोप लगाने तक सीमित हो गया है। दूसरी बात धर्म की करें तो उत्तर प्रदेश में अयोध्या की सीट पर भाजपा की हार ने पार्टी को निराश किया है। साफ संकेत हैं कि केवल श्रीराम लला या धर्म के नाम पर ज्यादा दिन नहीं चला जा सकता।

एक अन्य बिंदु आर्थिक एजेंडा को लेकर है। कहीं भी मतदाता ने आर्थिक एजेंडे को नकारा नहीं हैं। पर लोग अब महंगाई से त्रस्त हो रहे हैं तो बाजार पर सरकार का नियंत्रण कम होने से परेशान है। जनमानस जहां आर्थिक क्षेत्र में हाई ग्रोथ चाहने लगा है तो सबसे बड़ी समस्या रोजगार के अवसरों को लेकर है। पक्ष व विपक्ष सभी का प्रिय मुद्दा नौकरियां है। सरकार जहां कहती है कि लाखों की संख्या में नौकरी के अवसर विकसित किए हैं वहीं विपक्ष नौकरियां नहीं मिलने की बात करता रहा है। इन चुनावों में भी हिंदी बेल्ट में नौकरियों की कमी का अंडर करंट अवश्य रहा है। इसके साथ ही आम आदमी का जीवनयापन आसानी से हो सके, इसके लिए सरकार को विजिलेंट रहना ही होगा। इसी तरह से आधारभूत संरचनाओं के विस्तार पर जोर देना होगा। स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवहन, सड़क आदि क्षेत्रों में सरकार को अपने एजेंडे को और आगे बढ़ाना होगा। आमजन शांति, प्रेम और स्नेह का वातावरण, तेजी से समग्र विकास, विदेशों में गौरव और आधारभूत सुविधाओं का विस्तार चाहता है। रोजगार की सहज उपलब्धता और बाजार पर सरकार की नियंत्रण होने से जीवनयापन और अधिक आसान हो सकता है।

## स्पीड न्यूज

### विस्थापित-प्रभावित मोर्चा की बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ऑल इंडिया झारखंड रैयत विस्थापित-प्रभावित मोर्चा केंद्रीय कमेटी झारखंड की बैठक शुक्रवार को न्यू बैरक भुरकुंडा में हुई। इसकी अध्यक्षता राजन करमाली व संचालन मोर्चा के केंद्रीय कोषाध्यक्ष आशीष गुप्ता ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार ने कहा कि हमारी मोर्चा लोकल सेल चालू करने का पक्षधर है। भुरकुंडा लोकल सेल जल्द से जल्द चालू कर हमारी मोर्चा शहरी प्रभावित क्षेत्र की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि मोर्चा की भागीदारी सुनिश्चित नहीं की गई तो मोर्चा जन आंदोलन को बाध्य होगा। जिसकी सारी जवाबदेही जिला प्रशासन रामगढ़ एवं सीसीएल प्रबंधन की होगी। बैठक में मुख्य रूप से जगतार सिंह, किशोर नायक, मोर्चा के केंद्रीय महासचिव नरेश नायक, मधु बाउरी, नकुल प्रसाद, केंद्रीय संगठन मंत्री दशरथ सिंह, राजेंद्र नायक, राजेश पासवान, मनोज बेदिया, चंदन साव, बलराम नायक, सोमरा मुंडा सहित कई लोग मौजूद थे।

### सचिन करमाली ने जायसवाल को दी बधाई



**रजरप्पा।** रामगढ़ भाजपा ग्रामीण मंडल के मंत्री सह मीडिया प्रभारी सचिन करमाली ने मनीष जायसवाल को हजारीबाग से सांसद बनने पर दी बधाई । सचिन ने कहा कि उम्मीद करते हैं कि नए सांसद बनने से क्षेत्र में विकास में तेजी आएगा और विधि व्यवस्था में बदलाव आएगी। साथ ही श्री जायसवाल जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे।

### मोटरसाइकिल चोरी मामले में एक गिरफ्तार

**बड़कागांव।** कई महीनो से लगातार मोटरसाइकिल चोरी की घटना हो रही थी जिसको लेकर हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार के निर्देश पर बड़कागांव अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुलदीप कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया और जगह-जगह छापेमारी की गई और गुप्त सूचना के आधार पर मिली जानकारी के अनुसार लातेहार निवासी सलीम अंसारी के पुत्र जसीम अंसारी जो वर्तमान में टंडवा स्थित एनटीपीसी लेबर कॉलोनी में मोबाइल एवं कोल्ड ड्रिंक का दुकान चला रहा है को चोरी की अपाचे मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर बड़कागांव थाना लाया गया जिसने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि चतरा जिला के टंडवा थाना अंतर्गत राजा अंसारी एवं अरशद अंसारी द्वारा क्षेत्र में गिरोह बनाकर मोटरसाइकिल चोरी की घटना को अंजाम दिया जाता है। आगे उन्होंने बताया कि एक चोरी की मोटरसाइकिल केरेडारी थाना अंतर्गत ग्राम पेटो के सुनसान झाड़ीनुमा स्थान में छुपा कर रखा हुआ है जिसे पुलिस द्वारा बरामद कर बड़कागांव थाना लाया गया जिसको लेकर पूर्व में बड़कागांव थाना कांड संख्या 145/ 24 मामला दर्ज किया गया था। उक्त बातें बड़कागांव अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुलदीप कुमार ने पत्रकारों को प्रेस वार्ता के दौरान बताया। उन्होंने बताया कि उक्त गिरोह बड़कागांव, लातेहार एवं चतरा में सक्रिय है जिसमें स्थानीय लोग भी शामिल हैं जिसकी गिरफ्तारी बहुत जल्द होगी। मौके पर छापामारी दल में शामिल सदस्य पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार ,थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह,एएसआई हादी खान ,बसंत प्रसाद ,रामविलास सिंह, दीपक रोशन लकड़ा आदि मौजूद थे।

### नया रोडसेल चालू हो : समिति

भुरकुंडा (रामगढ़) ।बलकुदरा मदनाटांड फुटबॉल मैदान में में गुरुवार को विस्थापित संयुक्त रोडसेल संचालन समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता विजय मुंडा और संचालन विरेंद्र मांझी ने किया। बैठक में भुरकुंडा रोडसेल के चारो राजस्व गांव बलकुदरा, कुरसे, देवरिया, दुंदुवा के बेरोजगार युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोजगार कैसे मिले इस पर चर्चा की गई। चारो राजस्व गांव के ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि भुरकुंडा कोलियरी में राजस्व गांव देवरिया बरगांवा का 1074 एकड़, दुंदुवा का 647.26 एकड़,. बलकुदरा का 198.40 एकड़ एवं कुरसे का 327.68 एकड़ भूमि अधिग्रहण किया गया है। लेकिन सीसीएल प्रबंधन द्वारा हम ग्रामीण-विस्थापितों को कोई लाभ नहीं दिया गया है। चारो गांव के ग्रामीणों को 40 वर्षों से भुरकुंडा लोकल सेल में रोजगार से वंचित रखा गया है। कहा गया कि हमारी जमीन से प्रबंधन कोयला निकाल रहा है और हमें रोजगार से वंचित रखा जा रहा है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। सीसीएल प्रबंधन 15 जून तक हमारी मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं करती है तो 18 जून से बलकुदरा खदान का चक्का जाम कर दिया जाएगा। मौके पर विजय साहु, झरी मुंडा, सन्नी बेसरा, संजय यादव, अमर यादव, योगेंद्र यादव, कमलेश सिंह, शंकर मांझी, अनिल एक्का, कार्तिक मुंडा, मनोज महली, फुलचंद मुंडा, ब्रह्मदेव मुर्मू, राजन करमाली, भोला साव, पप्पू यादव, बिरेंद्र प्रसाद, धनीराम मांझी, शिव लाल मुर्मू, दिनेश मुंडा, संदीप मुंडा, शिवराज हांसदा, जितेंद्र मुंडा, शेखर उरांव, कार्तिक मुंडा सहित दर्जनो ग्रामीण मौजुद थे।

### राज नर्सिंग होम में हृदय जांच व कैंसर जागरूकता शिविर आज

भुरकुंडा (रामगढ़) ।पारस एचईसी रांची एवं लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के सौजन्य से शनिवार को राज नर्सिंग होम में सुबह 11 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक नि:शुल्क हृदय जांच एवं कैंसर जागरूकता शिविर लगाया जायेगा। शिविर में विशेषज्ञ डॉ. महेश कुशवाहा कंस्लटेंट कार्डियोलॉजी एमबीबीएस, एमडी (मेडिसिन), डीएम ( कार्डियोलॉजी) द्वारा मरीजों का नि:शुल्क हृदय जांच कर उचित परामर्श दिया जायेगा। साथ ही कैंसर से गंभीर बीमारी से बचाव को लेकर जागरूक करते हुए उचित परामर्श दिया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए लायन अशोक सिन्हा, लायन अखिलेश शर्मा, लायन राजेंद्र महतो व लायन विजयंत कुमार ने बताया कि शिविर में बीपी, आरबीएस, एसपीओ-2 एवं ईसीजी आदि का नि:शुल्क जांच की जायेगी। भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित गांवों के ज्यादा से ज्यादा लोग उक्त शिविर का लाभ उठाएं।

# धुलकणों से केरेडारी की हवा प्रदूषित

## प्रदूषण का कहर : एक लाख आबादी झेल रही है परेशानी

खबर मन्त्र संवाददाता

- एनटीपीसी और चट्टी बरियातू कोल माइंस में पर्यावरण संरक्षण के नाम पर हो रही है खानापूर्ति
- नियमों को ताक पर रखकर हो रहा है कोयला खनन

**केरेडारी।** एनटीपीसी चट्टी बरियातू व केरेडारी कोयला खनन परियोजना के कोयले की धूल एवं ओबी की धूल से सड़क किनारे पेड़ और पौधे मुरझा गए है। धूल से सने मुरझाये पौधे, आम होती बच्चों-बुजुर्गों की सांस फूलने की समस्या, त्वचा की बीमारी, यह बताने के लिए काफी है कि केरेडारी, चट्टीबरियातू, पाण्डु, कावेद, बेंगवरी में किस प्रदूषित वातावरण में जीने को विवश हैं यहां के ग्रामीण। प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए कई कार्य योजनाएं शुरू की गयी हैं, लेकिन जमीन पर यह फलीभूत नजर नहीं आ रही है। ये सब कागजों तक ही सीमित है। हवा में धूलकण तय मानक से अधिक है। हवा में मौजूद धूलकण की मात्रा में दिन प्रति दिन इजाफा दर्ज किया जा रहा है। आज आलम यह है कि ग्राम केरेडारी, चट्टीबरियातू, पाण्डु, कावेद, बेंगवरी, लोचर, जोरदार के सबसे हरे-भरे क्षेत्रों में कोयले की धूल से पेड़ व पौधे सूख रहे हैं । यहां के लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

**ओपेन कास्ट माइनिंग से असर :** केरेडारी की हवा में सबसे अधिक जहर कोयला घोल रहा है।इसकी वजह से लोग सांस और स्कीन से संबंधित गंभीर बीमारियों से पीड़ित हो रहे हैं। चट्टीबरियातू व केरेडारी कोयला खनन परियोजना में अभी सबसे अधिक कोयला का उत्पादन ओपेन कास्ट माइंस से हो रहा है। यही माइंस प्रदूषण का सबसे प्रमुख स्त्रोत भी साबित हो रही है। इनके खनन के दौरान होने वाली ब्लास्टिंग की वजह से बड़ी मात्रा में धूलकण हवा में पहुंच इसे प्रदूषित कर रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार इसके साथ यहां कोयला और ओवर बर्डेन की अवैज्ञानिक तरीके से होने वाले ट्रांसपोर्टिंग और डंपिंग की वजह से भी काफी मात्रा में धूलकण हवा में पहुंच जा रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण के नाम पर कोयला कंपनियों द्वारा हरियाली लाने और कोयला क्षेत्र की जमीन को बचाने का दावा अब तक असरदार साबित नहीं हुआ है।

### कोयला मंत्रालय में शिकायत करूंगा : रोशल लाल चौधरी



आजसू पार्टी के बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी ने कहा कि प्रदूषण के इस महाकाल की समस्या से केरेडारी के साथ साथ संपूर्ण बड़कागांव विधानसभा की जनता भी जूझ रहे है,जिसपर यहां स्थापित कोल कंपनियां विस्थापितों एवं प्रभावितों के साथ अपना मनमानी रवैया अपनाई हुई हैं,आम जनमानस की जीवन खतरे में है।इस मामले को लेकर मैं कोयला मंत्रालय में शिकायत करूंगा।



### पानी का छिड़काव नहीं करती है कोल कंपनी : खातून



पांडु मुखिया सकीबा खातून ने कहा कि इतनी धूल उड़ती है पंचायत में आवागमन करने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कोल कंपनी पानी का छिड़काव नही करती है कंपनी गांव वालों को सीएसआर फंड से पानी भी नहीं दे रही टैंकरों के माध्यम से एवं गांव में पौधा रोपण का भी कार्य नहीं कर रही है। इस मामले को खान सुरक्षा महानिदेशालय से शिकायत करेंगे।

### कई बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं लोग : बैजनाथ महतो



केरेडारी मुखिया पति बैजनाथ महतो ने कहा कि प्रदूषण इतनी बढ़ गई है कि क्षेत्र में कई बीमारियों से ग्रेसित हो रहे इसे देखते हुए कोल कंपनिया पानी का छिड़काव एवं पौधा रोपण शुरू करे कंपनी नहीं तो बाध्य होकर आंदोलन करेंगे ।

# पतरातू में अपराधियों ने पेट्रोल पंप पर की पांच राउंड फायरिंग

- फायरिंग से अफरा-तफरी और लोगों के बीच दहशत फैल गयी
- सीसीटीवी कैमरे में कैद हुयी अपराधियों की करतूत

खबर मन्त्र संवाददाता



रामगढ़। पतरातू थाना क्षेत्र में तालातांड स्थित भारत पेट्रोलियम के पेट्रोल पंप पर गुरुवार देर रात बाइक पर सवार दो अपराधियों ने कई राउंड की फायरिंग। वे पेट्रोल पंप संचालक शमशेर का नाम ले रहे थे। हालांकि, इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। अपराधियों ने पंप के मालिक शमशेर को खोजते हुए वहां पहुंचे और जब शमशेर नहीं मिले तो उन्होंने पांच राउंड गोलियां चलाईं। गोली चलाने के बाद अपराधियों ने वहां से एक व्यक्ति से बाइक छीनी और हथियार लहराते हुए फरार हो गए। पंप पर ताबड़तोड़ पांच राउंड फायरिंग से वहां अफरा तफरी का माहौल बन गया और लोगों के बीच दहशत फैल गई। माना जा रहा है कि लेवी को लेकर यह फायरिंग की गई है।मामले की सूचना मिलते ही पतरातू एसडीपीओ दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घटना की जांच पड़ताल में जुट गए। पुलिस ने मौके से चार खोखे भी बरामद किए हैं। अपराधियों की करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके फुटेज के आधार पर पुलिस जांच कर रही है। एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार राम ने शुक्रवार को बताया कि गोलीबारी की घटना की जानकारी मिली थी। बाइक पर सवार दो बदमाशों ने गोलीबारी की और एक व्यक्ति की बाइक को लेकर वे फरार हो गए हैं। अपराधियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

### हजारीबाग उपायुक्त ने 20 लिपिकों को दिया नियुक्ति पत्र



**हजारीबाग।** निम्नवर्गीय लिपिक जिला समाहरणालय के पद पर नियुक्ति 20 अभ्यर्थियों को आज उपायुक्त नैंसी सहाय ने नियुक्त पत्र सौंपा। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में 20 अभ्यर्थी उपस्थित रहे जबकि दो अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। नियुक्ति पत्र सौंपने के उपरांत उपायुक्त ने सभी अभ्यार्थियों को शुभकामनाएं दी तथा योगदान करने को कहा। साथ ही कहा हजारीबाग जैसे अच्छे जिले में पोस्टिंग हुई है। मेहनत और ईमानदारी से कार्य करें। इस दौरान अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह मौजूद थे।

## जायसवाल से मिले रंजीत चन्द्रवंशी व गुरुदेव गुप्ता



**बरही।** भाजपा के प्रखर वक्ता सह प्रदेश नेता रंजीत चन्द्रवंशी ने गुरुवार रात हजारीबाग के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जयसवाल से मुलाकात कर ऐतिहासिक जीत की बधाई दी। इस दौरान उनके साथ जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता भी मौजूद थे। उन्होंने नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा की हजारीबाग की जनता को इस बार धरातल पर काम करने वाला सांसद मिला है, लोग काफी उत्साहित होकर अपना मतदान कर उन्हें हजारीबाग संसदीय क्षेत्र की आवाज को संसद भवन में उठाने की जिम्मेवारी सौपी है। आशा ही नही बल्कि पूर्ण विश्वास है कि हजारीबाग लोकसभा वासियों के लाखो मतदाताओं के विश्वास पर वह खरा उतरने का काम करेंगे और हजारीबाग को समृद्ध व विकसित बनाएंगे। कहा कि हजारीबाग संसदीय क्षेत्र की जनता ने उन्हें सर्वाधिक मतदान कर एक कीर्तिमान स्थापित करने का काम किया है। वहीं जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता ने कहा कि पूरे संसदीय क्षेत्र में बरही विधानसभा क्षेत्र से सबसे अधिक मतों से लीड कराने का काम बरही की जनता ने किया है। श्री गुप्ता ने कहा कि मनीष जायसवाल जनजन के नेता है। वह अपने विकास और कार्यों को लेकर जाने जाते है और आगे भी संसदीय क्षेत्र का विकास देखने को अवश्य मिलेगा। कहा कि मोदी जी के हाथों को मजबूत करने के लिए लोगों ने अपना मतदान मनीष जायसवाल को किया है ताकि देश सुरक्षित हाथो में रहे। मौके पर चन्दन कुमार, ऋतुराज सिंह, प्रशांत सिंह, दामोदर प्रसाद, नंदलाल प्रसाद मौजूद थे।

### बरही : रवि यादव ने भाजपा कार्यकर्ताओं को दी बधाई

**बरही।** कोल्हुआकला पंचायत के युवा भाजपा नेता रवि यादव ने पंचायत के कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए बताया कि हम सबों ने अपने अभिभावक बरही विधानसभा के पूर्व विधायक सह पूर्व मंत्री मनोज कुमार यादव के दिशा निर्देश का अनुपालन करते हुए जिस प्रकार अपने पंचायत से भारतीय जनता पार्टी को एक तरफा मत दिलाया है, इसके लिए तमाम सम्मानित एनडीए गठबंधन के कार्यकर्ता का बहुत बहुत आभार व्यक्त किया है। बताया कि जिस आशा और विश्वास के साथ पंचायत वासियों ने देश की उन्नति और प्रगति के लिए भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान किया हैं उसके विश्वास पर पार्टी हर संभव खरा उतरने का काम करेगी। कोल्हुआकला पंचायत में कुल 3753 मत पड़े थे, जिसमें भाजपा को एक तरफ 2420 और विपक्षी कांग्रेस को 882 वोट तथा बाकी मत अन्य वा नोट को मिला। इसके लिए पूरे कार्यकताओं में खुशी का माहौल है। कोल्हुआकला के बूथ नंबर 377 व 378 को मिलाकर 1042 मत पड़े थे। जिसमें भाजपा को 769 वोट व कांग्रेस को 173 वोट पड़ा बाकी अन्य वोट नोटा को मिला।

# एनटीपीसी के सीएमडी ने पतरातु का किया दौरा

खबर मन्त्र संवाददाता

- गुरदीप सिंह ने पीवीयूएनएल के गेस्ट हाउस व कंट्रोल रूम का किया उद्घाटन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** दो दिन के पतरातु दौरे में पहुंचे सीएमडी गुरदीप सिंह ने पहले दिन पीवीयूएनएल पतरातु टाउनशीप के गेस्ट हाउस का उद्घाटन किया और यंग एग्जिक्यूटिव्स के साथ बातचीत की। सीएमडी ने एनटीपीसी लिमिटेड की अहम भूमिका और पावर सेक्टर में किये जा रहे प्लांस के बारे में बताया। वहीं दूसरे दिन शुक्रवार को पीवीयूएनएल पतरातु प्लांट का दौरा कर यूनिट वन कंट्रोल रूम का उद्घाटन किया। मौके पर के सदाशिव मूर्ति सीएमडी बीएचईएल और सीनियर ऑफिशियल भेल और पीवीयूएनएल के कई अधिकरी मौजूद थे। इसके पूर्व गुरूवार को एनटीपीसी लिमिटेड के सीएमडी गुरदीप सिंह और के सदाशिव मूर्ति सीएमडी बीएचईएल ने पतरातु प्लांट का दौरा किया। सीईओ आरके सिंह ने सीएमडी का जोरदार स्वागत किया। मौके पर केएस सुंदरम, निदेशक (प्रोजेक्ट्स), एसएन त्रिपाठी आरईडी सहित यंग एग्जीक्यूटिव व अन्य डिपार्टमेंट के कई मेंबर मौजूद थे।

## एक नजर में

### नीड फाउंडेशन ने किया पौधों का वितरण

**हजारीबाग।** विश्व पर्यावरण दिवस पर नीड फाउंडेशन ने बड़कागांव के कांडतरी पंचायत में पर्यावरण संरक्षण के निमित्त एक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में 1857 की क्रांति के नायक जयमंगल पांडेय के वंशज अधिवक्ता सुनील पांडेय, जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, उपमुखिया राजदेव महतो, उपप्रमुख बचनदेव प्रसाद महतो उपस्थित थे। नीड फाउंडेशन के सचिव शिव शंकर दयाल ने पर्यावरण को हरा-भरा रखने का संकल्प दिलाया। हर घर एक पेड़ हो इसकी संकल्पना के साथ ग्रामीणों को जागरूक किया। मौके पर सुनील पांडेय ने नीड फाउंडेशन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संस्था हमेशा से सामाजिक कार्यों के साथ जुड़ी रहती है। इनके द्वारा किया जाने वाला हर कार्य काफी अलग और अनूठा होता है। शुद्ध हवा, पर्यावरण संरक्षण जीवन जीने का आधार है। जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी ने पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता को बताते हुए कहा कि एक तरफ हम विकास की राह पर हैं तो दूसरी ओर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाकर विनाश को भी आमंत्रण दे रहे हैं। नीड फाउंडेशन के द्वारा वितरित पौधे को लगाकर वृक्ष बनाने तक भरपूर योगदान देने की बात कही। उपप्रमुख बचनदेव महतो ने भी नीड फाउंडेशन के कार्यों की सराहना करते हुए पर्यावरण संरक्षण से संबंधित कई जानकारियां साझा की। नीड फाउंडेशन के कोषाध्यक्ष पप्पू कुमार यादव ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी को पेड़ लगाने हेतु जागरूक किया। इससे पहले फाउंडेशन ने ग्रामीणों के बीच 1000 से अधिक पौधे का वितरण किया। मौके पर कंडतरी पंचायत के ग्रामवासियों के साथ साथ वन समिति के अध्यक्ष बालेश्वर महतो, मनोहर मिंज, कुलेश्वर कुमार, प्यारी महतो , मुनिया देवी, गीता देवी, रीता देवी, अनिता देवी, संगीता देवी, बाली देवी, तुलेश्वर महतो, प्रकाश कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

### चमेली झरना में हजारीबाग का युवक डूबा, मौत

**इचाक।**चमेली झरना में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। हजारीबाग के जैन मंदिर के निकट निवासी जफर अब्बास के पुत्र जमन अब्बास की चमेली झरना में डूब जाने की खबर से स्थानीय लोगों में अफरा तफरी मच गई। ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं यहां पिछले वर्ष भी हुई हैं, जिसमें दो युवक और एक युवती की जान चली गई थी। जानकारी के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे, और स्थानीय लोगों से इस घटना के बारे में पूछताछ किया। मुन्ना सिंह ने मृत युवक के पिता से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया, और इचाक थाना प्रभारी से कहा कि एनडीआरएफ की सहायता से युवक के शव को जल्द निकाला जाए। मुन्ना सिंह ने स्थानीय प्रशासन से कहा कि इस झील के आस पास उचित डेंजर - खतरे के निशान का साइन बोर्ड लगाया जाए। मौके पर मुख्य रूप से बबलू सिंह , दिनेश कुमार यादव, सुजीत सिंह , विक्की कुमार धान इत्यादि लोगों उपस्थित थे।

### जमुआरी में पांच दिवसीय यज्ञ शुरू



**इचाक।** निचली जमुआरी में पांच दिवसीय यज्ञ को लेकर शुक्रवार गाजे-के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों महिला, पुरुष,युवक युवतियां माथे में जय श्री राम , जय माता दी का पट्टी बांधे ,हाथों में बजरंगी ध्वज लिए नाचते झूमते उपरैली जमुआरी, मंगुरा, छबेलावा होते हुए फुरुका कटिया गोसाईं नदी पहुंची. वहां आचार्य श्रीनिवास पांडेय सहयोगी गणेश पांडेय, प्रकाश पांडेय, सुधांशु पांडेय और गिरधारी पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चारन के बीच गंगा पूजन, पृथ्वी पूजन के साथ मुख्य यजमान विकास उर्फ विक्की भारती उनकी पत्नी लक्ष्मी देवी एवं 12 यजमान दंपति समेत 551 कलश में जल भरवाया.इसके बाद सभी कलश यात्री पुन: यज्ञ मंडप पहुंचे। इसके बाद मंडप में कलश स्थापित किया गया। यज्ञ 11 जून को संपन्न होगा। रात में कथा वाचक मिथलेश्वरी शास्त्री द्वारा प्रवचन किया जाएगा। मौके पर समाजसेवी रामलखन मेहता, मुखिया मीणा देवी,रामशरण शर्मा, पंसस प्रतिनिधि छोटन प्रसाद मेहता, प्रदीप मेहता, लक्ष्मण किशोर मेहता, वार्ड सदस्य बेबी गिरी ,राजु मेहता, किशोरी महतो,हरिहर मेहता,ओमप्रकाश मेहता समेत कई गणमान्य लोग शामिल थे।

### अग्रवाल गली बारिस में हो जाती है नारकीय

**बरही।** हल्की बारिश के साथ ही अग्रवाल गली का बुरा हाल हो जाता है। गली पूरी तरह से नाली में बदल जाता है। जहां से पैदल गुजरना दुष्कर होता है। प्रखंड की चहारदीवारी होने के बाद यह बरही वासियों के लिए एक प्रमुख मार्ग बन चुका है। इस मार्ग से ही स्कूली छात्र/छात्राओं का आना जाना लगा रहता है। इस गली में नर्सिंग होम ए लेकर कई दुकानें भी चलती है, जो बरही के एनएच 2 और एनएच 33 दोनो को छूता है। बाबजूद इस गली को यहां के जनप्रतिनिधियों के भाग्य भरोसे छोड़ दिया है। स्थानीय लोगो ने बताया कि गली निर्माण के लिए कई बार जनप्रतिनिधियों से संपर्क किया गया, पर अब तक आश्वासन के सिवाय कुछ भी नही मिला। पंचायत चुनाव के पूर्व तत्कालिनी स्थानीय मुखिया छोटन ठाकुर ने डस्ट भरवाकर कुछ राहत पहुंचाने का काम किया था, जो अब लगभग फिर से पूर्वावस्था में आ चुका है. यदि बरसात के पूर्व कोई स्थाई समाधान नहीं किया गया तो लोगो को एक बार फिर नारकीय स्थिति से गुजरनी पड़ेगी। पूर्व मुखिया छोटन ठाकुर ने बताया कि लगभग डेढ़ किमी अग्रवाल गली के निर्माण कार्य के लिए पूर्व सांसद जयंत सिन्हा ने डीएमएफटी से 38 लाख रुपए की योजना स्वीकृत किया था, इसके लिए सभी कार्य हो चुके थे, परंतु उपायुक्त कार्यालय से स्वीकृति नहीं होने के कारण इसे बनाया नही जा सका है। यह एक बड़ा योजना है जो मुखिया कोष से संभव नहीं है, इसके लिए सांसद या विधायक को पहल करनी होगी। उन्होंने यह भी बताया कि अंबिका सिंह गली, उज्जैना गली, कोनरा की कई गलियां आदि सहित बरही के दर्जनों प्रमुख गालियां खराब है, यदि इसे बरसात के पूर्व नही बनाया गया तो मुहल्लेवासियो की स्थिति नारकीय हो जायेगी।

### खैरा में हर घर नल जल योजना फेल

टाटीझरिया ।प्रखंड के क्षेत्र के विभिन्न पंचायत के कई गांवों में संवेदक द्वारा हर घर नल जल योजना में अनिमियत्ता बरतने की खबरे अब तक कई इलेक्ट्रोनिक,न्यूज पोर्टल, यूट्यूब , हिंदी दैनिक अखबार के पत्रकारों द्वारा अखबारों में प्रकाशित किया गया है। लेकिन अब तक पेय जल स्वक्षता प्रमंडल हजारीबाग विभाग के वरिष्ठ अधिकारी,प्रशासनिक पदाधिकारी गणों ने मामले को संज्ञान में लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। बात दे कि हजारीबाग जिला के टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र के खैरा पंचायत पसंस विनय कुमार , समाज सेवी अरविंद केशरी संग कई ग्रामीणों ने कहा कि संवेदक द्वारा सीमेंट , बालू, छड़, छर्री से निर्मित स्टेंड में लापरवाही बरती गई है। जिसके कारण नल जल योजना के तहत लोहे के खंभा ,टंकी ,सोलर पलेट ,जिसमे लगा होता है वह जमीन में ही बैठता जा रहा है। योजना कार्य के तहत हर घर नल जल योजना की कनेक्शन अब तक खैरा में हुआ भी नही की पानी टंकी में उपयोग किया और बिछाया गया पाइप लाइन टूटना ,फटना , कबड़ना चालू हो गया। वही उन्होंने यह भी कहा कि सीमेंट से निर्मित पानी टंकी का स्टेंड धस जाने तथा पानी टावर टंकी झुक जाने से आस पास के घरों में डर बना हुआ है। मुहल्ले वासी कहते हैं कि कभी भी घरों में भारी भरकम लोहे के खंभा सहित पानी टावर टंकी गिर सकता है।

### मांडू अनुमंडल संघर्ष समिति का स्थापना दिवस मना

**चरही ।** मांडू अनुमंडल संघर्ष समिति चुरचू प्रखंड के द्वारा चौथा स्थापना दिवस चरही के बिरसा फुटबॉल मैदान में मनाया गया। इसकी अध्यक्षता डॉ. रामसेवक प्रसाद तथा संचालन गुड्डू महतो ने किया।इस बैठक में विस्थापन, रोजगार, पेयजल, खेल कूद एवं प्रदुषण संबंधित विचार-विमर्श किया गया।वक्ताओं ने कहा कि यह एक सार्थक कदम है।इसके बाद 6 टिमों के बीच एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट हुआ। टूर्नामेंट चरही और डेमोटांड के बीच खेला गया।जिसमें चरही की टीम विजयी रहा।दोनों विजेता और उप विजेता टीम के खिलाड़ियों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

## स्पीड न्यूज

### पांच ट्रैक्टर जब्त

**चंदवारा (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र के पश्चिमी घाट के नदी किनारे से पुलिस ने बालू लोड पांच ट्रैक्टर को जब्त किया। यह कार्रवाई सीओ अशोक कुमार भारती व थाना प्रभारी अरविंद कुमार के नेतृत्व में की गयी। सभी ट्रैक्टर को चंदवारा थाना परिसर में रखा गया है।

### अग्नि वीर सैनिक को मिठाई खिला कर किया गया स्वागत

**जयनगर (कोडरमा)।** अग्नि वीर सैनिक में चयनित गडगी निवासी रामचंद्र यादव के छोटे पुत्र सचिन कुमार यादव का प्रशिक्षण प्राप्त कर गांव लौटने पर भव्य स्वागत किया गया। वहीं परसाबाद पानी टंकी के समीप सचिन का लोगों ने माल्यार्पण कर मिठाई खिला कर स्वागत किया। बतादें कि सचिन अपने गांव पहुंच कर पहले माता-पिता का आशीर्वाद लिया, फिर बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। उसने अपना प्रशिक्षण सिकंदरबाद के इएमई सेंटर से पूरी की। मौके पर केदारनाथ यादव, सरफुद्दीन अंसारी, लाखप्त यादव, कृष्णदेव यादव, राजेंद्र यादव, रामचंद्र मोदी, प्रयाग यादव, राजेश यादव, उमेश यादव, विकास यादव, पंकज यादव, जकर अंसारी, हरि ओम साव सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### गर्मी की छुट्टी खत्म, आज से खुलेंगे सरकारी विद्यालय

**कोडरमा।** जिले के सभी सरकारी विद्यालय (कक्षा एक से 12वीं) आठ जून से खुलेंगे। 21 मई से गर्मी की छुट्टी को लेकर विद्यालयों को बंद किया गया था। वहीं डीइओ सह डीएसइ अजय कुमार ने शुकवार को बताया कि गर्मी की छुट्टी समाप्त हो गयी। सभी स्कूलों में आठ जून से निर्धारित समय पर कक्षाएं शुरू होगी। मौसम में किसी प्रकार के फेर बदल पर विभागीय आदेश का पालन किया जायेगा। निर्धारित समय पर स्कूलों को खोलने के लिए संबंधित प्रखंड के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी (बीइओ), बीपीओ, बीआरपी सीआरपी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मौसम में बदलाव होने पर जिला प्रशासन की ओर से सूचना जारी की जायेगी।

## कोडरमा रेलवे स्टेशन पर लिफ्ट बना शो-पीस

# बुजुर्ग व दिव्यांग यात्री हो रहे परेशान

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** कोडरमा स्टेशन के पूरब व दक्षिण छोर पर बने लिफ्ट शो-पीस बन कर रह गई है। आए दिन किसी न किसी कारणवश लिफ्ट खराब रहने के कारण दिव्यांग व बुजुर्ग रेल यात्रियों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। वहीं शुक्रवार को भी कुछ ऐसा ही देखने को मिला। लिफ्ट न चलने के कारण बुजुर्ग यात्रियों को चिलचिलाती गर्मी का दंस झेलते हुए सीढ़ियों व रैंप एक से दूसरे प्लेटफार्म पर जाना पड़ रहा है। ऐसे में सीढ़िया चढ़ने में बुजुर्ग यात्रियों की सांसे फूल रही है। वहीं यात्रियों की इस परेशानी से कोडरमा स्टेशन अधीक्षक की ओर से अब तक कोई पहल नहीं की जा सकी है। इस संबंध में जब लिफ्ट मेंटिनेस का कार्य कर रहे अभियंता मो. हैदर व रूपम से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि स्टेशन पर लगा लिफ्ट पब्लिक प्रॉपर्टी होता है। जबकि और जगह में लगाए जाने वाले लिफ्ट की देखभाल के लिए गार्ड तैनात रहते हैं। वहीं लिफ्ट लगाने वाली कंपनी आर नेक्स एलिवेटर के संचालन चंदन कुमार मिश्रा ने बताया कि लिफ्ट लगे काफी वर्ष हो गए है। इसमें जरूरत के अनुसार समय-समय पर मेंटेनेंस का कार्य खोजता है। जबकि लिफ्ट लगने के वक्त कई सामान कम थे। उन्हे हैंडओवर किए जाने के समय पूर्व लिफ्ट लगाने का कार्य सरयूमन लिफ्ट पटना नामक कंपनी को दिया गया था।

## पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम चला



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** विश्व पर्यावरण सप्ताह के तहत हैंड इन हैंड इंडिया के द्वारा जिला के ढाब, बेहराडीह, मधुबन, इंदरवा, भोंडो समेत कई पंचायतों में पर्यावरण जागरूकता को लेकर विभिन्न गतिविधियां संचालित की गई। जिसमें वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण से संबंधित शपथ, निबंध लेखन आदि गतिविधि शामिल किए गए। वहीं लोगों को कई फलदार वृक्ष देकर उसका संरक्षण करने तथा अपने गांव एवं आसपास में उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों जैसे जंगल, पहाड़, नदी, नाले इत्यादि के संरक्षण को लेकर समितियां बनाने एवं उनका संरक्षण करने की शपथ दिलाई गई। वहीं सहायक कार्यक्रम प्रबंधक तुलसी कुमार साव ने कहा कि बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग को नियंत्रित किए बगैर स्वस्थ जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। हमें अपने पूर्वजों की भांति ही अपने जंगलों, पहाड़ों, नदियों, नाले की सुरक्षा करना होगा।

साथ ही जगह-जगह पीपल, बरगद, नीम इत्यादि बड़े वृक्षों का रोपण तथा संरक्षण करना होगा। मौके पर कई एसएचजी समूह के महिलाए एवं बच्चों ने भी अपने विचार रखें तथा सब ने पर्यावरण संरक्षण का शपथ लिया और आने वाले वर्षा ऋतु के दौरान अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने, जंगल, पहाड़, नदी, नाले बचाने का संकल्प भी लिया। मौके पर राजेश कुमार, रूपेश कुमार, राजन विश्वकर्मा, मो. गुलाम जाकिरुल्लाह, तोप्ती सेन राकेश कुमार आदि लोग मौजूद थे।

## उपायुक्त आमजनों के समस्याओं से हुईं रूबरू



**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिले के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने सभी लोगों से एक-एक कर समस्याएं सुनी। जनता दरबार में भूमि की नापी, लंबित आवंटन की राशि उपलब कराने, शिवसागर तालाब का जीर्णोद्धार, आंधी के कारण आवास का नुक़सान होना, सोलर प्लेट लगाने समेत कई मामलों में आवेदन दिया। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याओं को सुनने के पश्चात् उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को सभी आवेदनों का जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया।

## सूखने के कगार पर शिवसागर तालाब



**डोमचांच (कोडरमा)।** प्रखंड का शिवसागर तालाब सूखने के कगार पर पहुंच चुका है। इसका असर आसपास के क्षेत्रों में पड़ रहा है। यहां का जल स्तर नीचे जा रहा है। वहीं रूपनडीह, शिवसागर, डोमचांच, शिवसागर कैंप के अलावा आसपास के क्षेत्रों के कई कुएं सूख चुके हैं। सरकारी चापानल ने भी पानी देना बंद कर दिया है। ग्रामीण मशक्क्त कर पेयजल एवं अन्य कार्यों के लिए पानी की व्यवस्था कर रहे हैं। शिवसागर तालाब के सूख जाने से पशुपालकों की समस्या बढ़ गयी है, जबकि तालाब के सूख जाने से पूरा तालाब दलदल में तब्दील हो गया है। वर्तमान समय में तालाब में बहुत कम पानी बचा है। इसे लेकर महेन्द्र वर्मा, बसंत मेहता सहित कई लोगों ने कहा कि तालाब का जीर्णोद्धार जरूरी है, तभी पानी की समस्या दूर होगी।

## भाजपा की जनवीरोधी नीतियों के खिलाफ लोकतंत्र की रक्षा करने का जनादेश : संजय

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** 18वीं लोकसभा चुनाव के नतीजों ने बीजेपी को झटका दिया हैं। यह चुनाव भाजपा की जनवीरोधी नीतियों के खिलाफ व संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करने का जनादेश जनता ने दिया है। यह बात लोकसभा चुनाव परिणाम पर प्रतिक्रिया देते हुए मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिवमंडल सदस्य संजय पासवान ने कही। उन्होंने कहा कि भाजपा ने लोकसभा में अपना बहुमत खो दिया है, जो उसे पिछले दो चुनावों 2014 और 2019 में मिला था, जिन्होंने इस चुनाव में 400 सीटें जीतने का दावा किया था। उस नरेंद्र मोदी की अजेय छवि को एक करारा झटका है।

यह चुनाव विपक्षी दलों पर चौतरफा हमलों, केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग और धन-बल के बड़े पैमाने पर इस्तेमाल की पृष्ठभूमि में हुए थे। माकपा इन सत्तावादी हमलों के खिलाफ खड़े होने और संविधान, लोकतंत्र और नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए लोगों को बधाई देता है। इंडिया ब्लॉक ने बेरोजगारी, मूल्य वृद्धि, कृषि संकट तथा लोकतंत्र और संविधान पर हमलों और सांप्रदायिक नफरत के मुद्दों को जनता तक ले जाने में कामयाब रही। यदि चुनाव आयोग समान अवसर सुनिश्चित किया होता तो परिणाम भाजपा और एनडीए के लिए और अधिक खराब होता। सीपीआई (एम) और वाम दलों ने देश स्तर पर अपनी सीटों में मामूली सुधार दर्ज किया है। आने वाले दिनों में जनमुद्दों पर हमें संघर्ष जारी रखना होगा। सीपीएम का राज्य सचिवमंडल झारखंड के मतदाताओं को भी लोकसभा के चुनाव में भाजपा का साईज छोटा करने के लिए बधाई देता है। राज्य के मतदाताओं ने प्रधानमंत्री और गृहमंत्री समेत झारखंड के बड़बोले नेताओं द्वारा यहां सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के लिए चुनाव प्रचार के दौरान उठाए गए नफरती बोल और डेमोग्राफी बदल जाने का हौवा खड़ा करने की साजिश को ठुकरा कर अपनी राजनीतिक परिपक्वता का परिचय दिया है।

झारखंड का चुनाव परिणाम इस तथ्य को भी रेखांकित करता है कि राज्य में आदिवासियों के लिए आरक्षित सभी पांच सीटों पर भाजपा पराजित हुई है। राज्य के आदिवासी मतदाताओं ने भाजपा की आदिवासी विरोधी साजिश को पहचानते हुए उसे माकुल जवाब दिया है। इस प्रकार जहां पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा और उसके सहयोगी आजसू को कुल 12 सीटें मिली थी, वहीं इस बार उन्हें 9 सीटों पर संतोष करना पड़ेगा। यदि आइएनडीआइए गठबन्धन में शामिल कांग्रेस पार्टी ने सीट शेयरिंग में और अपने प्रत्याशियों की घोषणा में देर नहीं किया होता तो झारखंड में भाजपा के कद को और छोटा किया जा सकता था। जहां तक इस चुनाव में झारखंड में वामदलों के प्रदर्शन की स्थिति है, वह अच्छी नहीं रही, जबकि राज्य में इंडिया गठबंधन में हुए आंशिक सीट शेयरिंग में माले को एक सीट मिली थी लेकिन कोडरमा सीट पर भाजपा को टक्कर देने के बावजूद माले यह सीट जीत नहीं सका।

सीपीएम ने राज्य की एक सीट राजमहल से चुनाव लड़ा और पिछले बार की अपेक्षा उसे ज्यादा वोट मिले। सीपीआई (एम) झारखंड में भाजपा का कद छोटा करने के लिए राज्य के मतदाताओं को बधाई देते हुए आह्वान करता है कि अगले 6 माह के अंदर होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा को झारखंड से उखाड़ फेंकने की दिशा में आगे बढ़ें।

## जमीनी विवाद में चार घायल, सदर अस्पताल में किया जा रहा इलाज



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत पारहो पंचायत के सपही बथनिया गांव में गोतिया के आपसी जमीनी विवाद में मां पुत्री व दो पुत्र घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार बथनिया निवासी उमेश यादव पिता कोकिला यादव अपने भाई हरि यादव पिता स्व. कोकिला यादव के साथ पहले से जमीनी विवाद चल रहा था। इसी बीच गुरुवार को दोनो परिवार के बीच कहा सुनी हुई और विवाद बढ़ गया, दोनों परिवारों के बीच मारपीट हो गया। जिसमें 33 वर्षीय गायत्री देवी पति उमेश यादव, 16 वर्षीय पुत्री खुशबू कुमारी, 14 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार एवं 12 वर्षीय पीयूष कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद घायलों के परिजन ने सपही पिकेट में आवेदन दिया, जिसके बाद पुलिस ने घायलों को सदर अस्पताल इलाज के लिए भेजा, जहां सभी का इलाज किया जा रहा है। उक्त पूरे मामले में पीड़िता गायत्री देवी पति उमेश यादव ने बताया मेरी खरीदी गई जमीन पर जबरदस्ती हरि यादव के लड़के द्वारा किया जा रहा था, इसके खिलाफ हमने डोमचांच थाना के साथ आरक्षी अधीक्षक कोडरमा के कार्यालय में गुरुवार को आवेदन दिया, जिसमें पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए काम को बंद करवा दिया, इसके बाद काफी उग्र होकर जितेंद्र यादव पिता हरि यादव, कौशल्या देवी पति हरि यादव हरवे हथियार लाठी डंडे से लैस होकर शाम करीब 6:00 बजे हमारे ऊपर हमला कर जख्मी कर दिया। मेरे तीनों बच्चे जब मुझे बचाने आए तो उन लोगों के साथ भी मारपीट किया गया। इस पूरे मामले पर डोमचांच थाना प्रभारी प्रेम कुमार ने बताया कि पीड़िता के द्वारा डोमचांच थाने में आवेदन दिया गया है प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है, दोषियों को किसी भी कीमत पर बक्सा नहीं जाएगा।

## लावालौंग प्रखंड में सरहुल का इतिहास और उत्सव

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चतरा।** लावालौंग प्रखंड क्षेत्र के हेडुम गांव में सरहुल का इतिहास सैकड़ों वर्ष पुराना है और यह त्यौहार मानसून से पहले धूमधाम से मनाया जाता है। ग्रामीण अपने ग्राम देवता की पूजा करते हैं और गांव में समृद्धि और अच्छी फसल की कामना करते हैं। सरहुल के दिन गांव में कोई भी चूल्हा नहीं जलता जब तक कि ग्रामीण अपने ग्राम देवता की पूजा नहीं कर लेते। यह त्यौहार लगभग एक सप्ताह तक चलता है और गांव एक अलग ही रंग में नजर आता है।

सभी ग्रामीण उंच-नीच, स्त्री-पुरुष सारे भेद भुलाकर गांव के बीचो-बीच स्थित माड़र में जमा होते हैं और अपने पारंपरिक वाद्य यंत्र मांदर और नगाड़े के थाप पर नाचते गाते हैं।

सरहुल के दौरान गांव में काफी खुशनुमा और उत्सव का माहौल होता है और ग्राम देवता की पूजा के बाद गांव के प्रत्येक घर में सरई का फूल लगाया जाता है। सरहुल के बाद ही गांव में किसी भी प्रकार का खेती बाड़ी से संबंधित कार्य शुरू किया जाता है।

## गुदरी बाजार में पेयजल संकट गहराया, पानी को तरस रहे लोग



**चतरा।** शहर के गुदरी बाजार में पिछले 10 दिनों से भीषण गर्मी के कारण पेयजल संकट गहरा गया है। तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है, जिससे पानी का जलस्तर काफी नीचे चला गया है। कुएं सूख चुके हैं और चापानल पानी देना बंद कर चुके हैं। लोगों को नहाने-धोने और पीने के पानी के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है। नगर पालिका प्रशासन सप्ताह में केवल दो दिन टैंकर से पानी की आपूर्ति कर रहा है, जिसके लिए लोगों को लंबी-लंबी कतारों में लगना पड़ता है। नगर पालिका की कार्यपालक पदाधिकारी विनीता कुमारी ने बताया कि शहर के लगभग सभी वार्डों में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है। सभी वार्डों में टैंकर से जलापूर्ति कराने का प्रयास किया जा रहा है। जहां पानी नहीं जा पा रहा है, वहां के लोग संपर्क कर सकते हैं और उन्हें पेयजल की आपूर्ति की जाएगी।

## बीडीओ ने कर्मियों के साथ किया समन्वय बैठक, अनुपस्थित कर्मी को स्पष्टीकरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



चतरा। मयूरहंड बीडीओ मनीष कुमार ने कर्मियों को समय पर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया और अनुपस्थित कर्मचारी से स्पष्टीकरण मांगा। पशुपालन विभाग के डॉक्टर को प्रखंड कार्यालय में बैठने को कहा गया ताकि पशुपालकों को परेशानी न हो। जेएसएलपीए पंकज कुमार को प्रखंड में बागवानी सखी और मनरेगा मेट की संख्या उपलब्ध कराने और प्रखंड कार्यालय भवन में दीदी कैफे कैंटीन खुलवाने का निर्देश दिया गया। बीडीओ ने मुख्यमंत्री स्वस्थ सहायता योजना का लाभ आम लोगों तक पहुंचाने और केसीसी का लाभ अधिक लोगों को देने को कहा। हर पंचायत भवन में एक प्रज्ञाकेंद्र संचालित होना चाहिए और पंचायत समन्वय समिति की हर महीने बैठक होनी चाहिए। बिरहोर टोला में खराब चापाकल को ठीक करने और कुपोषित बच्चों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर लगाने का निर्देश दिया गया। बीडीओ ने बिरहोर परिवारों के लिए एक विस्तृत सर्वेक्षण करने का प्रस्ताव रखा, जिसमें आवास, पेंशन, पानी आदि सुविधाओं का खाका तैयार किया जाएगा। बीडीओ ने बिरहोर टोला में शेष सुविधाओं को तुरंत बहाल करने का भी निर्देश दिया।

## कोयला ट्रांसपोर्टिंग में नियमों की अनदेखी एवं अवैध पत्थर उत्खनन को लेकर उपायुक्त सख्त

# पत्थर खदान के संचालक नियमों का पालन करना सुनिश्चित करें

**खबर मन्त्र संवाददाता**



चतरा। टण्डवा क्षेत्र में कोयला लदे वाहनों की तेज रफ्तार के कारण लगातार हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए उपायुक्त श्री रमेश घोलप ने कड़ा कदम उठाते हुए अवैध उत्खन्न, परिवहन, भंडारण की सतत जांच, लगातार छापेमारी अभियान चलाने के लिए विशेष टास्क फोर्स का गठन किया है। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन मालिक, वाहन चालक, ट्रासंपोर्टर एवं संबंधित एजेंसी की लापरवाही के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उपायुक्त ने पिछले एक वर्ष में हुए सड़क दुर्घटना का एवं कृत कारवाई का विस्तृत रिर्पोट एसडीओ, डीएमओ और एसडीपीओ को दो दिन में उपलब्ध कराने का आदेश दिया है। अवैध पत्थर खनन को लेकर भी अब सख़्त कार्रवाई का संकेत उपायुक्त श्री रमेश घोलप के दिया है। विगत सप्ताह में डीसी के निदेर्शानुसार 31 मई 2024 को हंटरगंज थाना क्षेत्र में डीटीओ, डीएमओ, खान निरीक्षक द्वारा जांच अभियान चलाया गया। जांच के क्रम में यह पाया गया कि 03 खनिज लोड वाहन के चालान में अंकित खनिज से अधिक मात्रा में खनिज का परिवहन किया जा रहा था। उसपर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जांच के क्रम में चालान द्वारा निर्गत पाया गया। जिसमें वास्तविक मात्रा से कम मात्रा अंकित कर राजस्व की चोरी की जा रही थी। झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली-2004 के नियम-44 के तहत अंचल हंटरगंज, थाना वशिष्टनगर, थाना नं0-149, मौजा करमाही, खाता संख्या-07, प्लॉट संख्या-12, रकबा-4.26 एकड़ क्षेत्र का धारित प्रशाखीय मापी हेतु टीम का गठन किया गया हैं। गठित टीम को यह निर्देश दिया गया कि उपरोक्त खनन पट्टा क्षेत्र के नियमानुसार प्रशाखीय मापी कर जांच प्रतिवेदन समर्पित करेंगे। किसी अनियमितता पर सख़्त कानूनी एवं दंडात्मक कार्रवाई होगी।

**छापेमारी अभियान का हर पंद्रह दिन पर होगी समीक्षा :** विशेष रूप से गठित टास्क फोर्स को निर्देश दिया गया कि अपने स्तर से अपने क्षेत्राधिकार के अनुरूप स्वयं भी व आपसी समन्वय स्थापित करते हुए प्रतिदिन अवैध उत्खन्न, परिवहन व भंडारण आदि की व्यापक छापेमारी अभियान चलाकर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाय। साथ ही जांच प्रतिवेदन हर 15 दिनों पर समर्पित करने का निर्देश दिया। क्षउपायुक्त ने अनुमण्डल पदाधिकारी, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी एवं जिला खनन पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में किसी भी सुरत में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण न हो यह सुनिश्चित करें। साथ ही कहा अवैध पत्थर खदान के विरूद्ध नियम संगत कार्रवाई करें ।

### डीसी ने जनता दरबार में आमजनों की समस्याएं सुनी

चतरा। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप द्वारा जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी गई। उक्त जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, आवास समेत अन्य मामला शामिल है। उपायुक्त ने एक एक कर मिलने आए सभी आमजनों के समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया।

## मनरेगा कर्मी की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** 31 मई को भ्रष्टाचार के विरुद्ध एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम के द्वारा लावालौंग के लमटा पंचायत के मनरेगा जेई दशरथ दास को दलाल के साथ उगाही के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। मनरेगा कर्मियों का आरोप है कि झूठे आरोप और एसीबी के द्वारा बिना साक्ष्य के की गई कार्रवाई का विरोध किया। मनरेगा कर्मियों ने विकास भवन के समीप एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया और मांग की कि दलालों के द्वारा की जा रही उगाही पर जिला प्रशासन नजर बनाए रखें ताकि वे सुरक्षित कार्य कर सकें। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर इस मामले पर अग्रतर कार्रवाई नहीं की गई तो वे सड़क से सदन तक आंदोलन करेंगे।

स्पीड न्यूज



## चुनाव में हैट्रिक लगाने पर बिद्युत को दी बधाई

**जमशेदपुर।** भाजपा नेता देबाशीष झा ने पीएम मोदी को बधाई दी। कहा कि उनके नेतृत्व में मजबूत सरकार बनेगी और आने वाले समय में विकास की तरफ और आगे अग्रसर रहेंगे। उन्होंने जमशेदपुर के भाजपा प्रात्यशी विद्युत वरण महतो को भी भारी मतों से विजयी होने पर बधाई और शुभकामनाएं दी।

## तीसरा कार्यकाल भी रहेगा शानदार : डॉ जटाशंकर



**जमशेदपुर।** भाजपा झारखंड प्रदेश के प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ जटा शंकर पांडेय लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन का तीसरी बार नेता चुने जाने पर बहुत बहुत बधाई तथा शुभकामनाएं दी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि तीसरा कार्यकाल में भी शानदार प्रदर्शन रहेगा।

## जोजोबेड़ा यार्ड में एड्स जागरूकता कार्यक्रम



**जमशेदपुर।** प्लान इंडिया एवं विश्व जन सेवा ट्रस्ट ने शुक्रवार को जोजोबेरा यार्ड मे एचआईवी ऐड्स जागरुकता कार्यक्रम एवं हेल्थ कैंप लगाया। कैंप में चालकों को एचआईवी ऐड्स जैसी बीमारी से बचने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही चिकित्सकों ने चालकों की एचआईवी जांच की और नि:शुल्क कंडोम बांटे। कार्यक्रम में कंचन कुमार, डॉ श्याम नारायण कुशवाहा, डॉ मनीष झा, काउंसलर आनंद कुमार,मनोज कुमार और हीरालाल ने सहयोग दिया।

## चौका में ट्रैक्टर-बाइक की टक्कर में दो घायल

**चांडिल।** चौका थाना क्षेत्र के पातकुम सड़क पर चांदुडीह के पास एक अनियंत्रित ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक घायल हो गये। दोनों घायलों की पहचान बांदु के सुभाष पोद्दार एवं समीर मंडल के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने दोनों घायल युवक को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया।

## शहीद गणेश हांसदा के चौथे शहादत दिवस पर रक्तदान शिविर 16 को



**जमशेदपुर।** वर्ष 2020 में चीनी सैनिकों के साथ गलवान घाटी में शहीद हुए बहरागोड़ा प्रखंड के कोसाफलिया के लाल वीर शहीद गणेश हांसदा का चौथा शहादत दिवस 16 जून 2024 रविवार को मनाया जायेगा। इस दिन बांसदा प्रावि प्रांगण में एक महारक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। यह शिविर प्रात: 9 बजे से अपराह्न 4 बजे तक चलेगा। शहीद के बड़े भाई दिनेश हांसदा एवं 74वीं बार रक्तदान कर चुके राजेश मार्डी ने यह जानकारी दी है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# सांस्कृतिक संध्या के साथ गोपाल मैदान में ब्राह्मण महाजुटान नौ को

- भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव समिति के कार्यक्रम में इंदु सोनाली और चंदन तिवारी देंगे प्रस्तुति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते कमल किशोर। साथ में राकेश्वर पांडेय और नकुल तिवारी।

**जमशेदपुर।** भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के आयोजन के लिए रविवार 9 जून को जमशेदपुर के रीगल मैदान में पारिवारिक मिलन सह महाजुटान का आयोजन होगी। इसको लेकर शहर के ब्राह्मणों में विशेष उत्साह है। कार्यक्रम को लेकर व्यापक प्रचार प्रसार सहित कई चक्र में थानावार बैठकें भी आयोजित हुए हैं।

शुक्रवार को भालूबासा स्थित एक होटल में भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव समिति द्वारा पत्रकार-वार्ता का आयोजन हुआ। मीडिया को संबोधित करते समिति के संस्थापक सह आयोजन के मुख्य संयोजक सेवानिवृत्त डीएसपी कमल किशोर ने बताया कि ब्राह्मणों को पारिवारिक रूप से एकत्रित करने के लिए आराध्य भगवान श्री परशुराम के जन्मोत्सव आयोजन पर बिष्टुपुर रीगल मैदान में विराट कार्यक्रम निर्धारित है। कहा कि संध्या 4 बजे से सभा स्थल पर जमशेदपुर के ब्राह्मण परिवारों का महाजुटान होगा। कार्यक्रम की शुरुआत में धर्म रक्षिणी महासभा के 101 पुरोहितों द्वारा सामूहिक स्वस्ति वाचन एवं भगवान परशुराम जी की पुष्पांजलि सह आरती होगी।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत भोजपुरी की प्रख्यात गायिका इंदु सोनाली एवं गायक चंदन तिवारी अपनी टीम सहित भक्तिमय भजन संध्या में प्रस्तुति देंगे। उन्होंने बताया कि आयोजन के निमित्त 25 हजार ब्राह्मण परिवारों तक निमंत्रण पत्रिका पहुंचाई गयी है। सभी आंगतुकों के लिए भोजन की व्यवस्था रहेगी।

श्री दिवेंदु त्रिपाठी भगवान परशुराम पर व्याख्यान देंगे। आयोजन के सफल क्रियांवयन के लिए स्वागत समिति, भोजन समिति, व्यवस्था समिति, सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति, यातायात समिति, मीडिया प्रकोष्ठ, परिवहन समिति का गठन किया गया है। इसके अतिरिक्त 25 सदस्यीय व्यवस्था प्रमुख को भी नामित किया गया है जिनकी देखरेख में यह समिति समितियाँ कार्यक्रम के सफल संचालन को क्रियांवित करेंगे।

पत्रकार वार्ता में विशेष रूप से कमल किशोर, राकेश्वर पांडेय, मानस मिश्रा, नकुल तिवारी, मुन्ना चौबे, ओमप्रकाश उपाध्याय, श्रीनिवास तिवारी, वेदप्रकाश उपाध्याय, हरेंद्र मिश्रा, राजेश झा, रविंद्र मिश्रा, धनुर्धर त्रिपाठी, अप्पू तिवारी, आनंद जी ओझा, अधिवक्ता पवन तिवारी, विजय तिवारी, छोटन मिश्रा, अरविंद पांडेय, रविशंकर तिवारी, संजीव आचार्या सहित अन्य मौजूद रहे।

# फल वाले की बेटी बनी नीट - 2024 की नेशनल टॉपर

## आजादनगर थाना क्षेत्र की कहकशा परवीन, सामाजिक संगठन ने किया सम्मानित

- बगनशाही की कहकशा परवीन को मिले 720 में पूरे 720 अंक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



कहकशा परवीन को सम्मानित करते पुलिस अधिकारी।

**जमशेदपुर।** आजादनगर थाना क्षेत्र की रोड नंबर 7 बगनशाही की रहने वाली कहकशा परवीन ने नीट की परीक्षा में 720 में पूरे 720 अंक लाकर पूरे भारतवर्ष में आजादनगर थाना क्षेत्र ही नहीं पूरे जमशेदपुर व झारखंड का नाम रोशन किया है। अपनी उपलब्धि के बाद कहकशा ने कहा कि जब मैं डॉक्टर बन जाऊंगी तो ड्यूटी से अलावा गरीब बेसहारा लोगों का निशुल्क इलाज किया करूंगी।

कहकशा परवीन के पिता मोहम्मद अब्बास जो के फल के विक्रेता है और उनकी माता गृहणी हैं। विभिन्न सामाजिक संगठनों ने आजादनगर की इस बेटी की राष्ट्रीय उपलब्धि के लिए उनके घर जाकर बधाई दी है।

आजादनगर थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह, सीतगोड़ा थाना प्रभारी गुलाम रब्बानी खान, टाटानगर रेलवे स्टेशन के सैयद नौशाद और आजादनगर थाना पीस कमेटी के सेक्रेटरी मुख्तार आलम खान, हाजी मोहम्मद इलियास, रिजवानुज जमा, अल कबीर पॉलीटेक्निक कॉलेज के सैयद आसिफ अख्तर, हुसैनी मस्जिद के इमाम व पैगाम ए इस्लाम के फाउंडर चेयरमैन सैयद सैफुद्दीन असदक, दावत ए इस्लामी के मास्टर जमील अंसारी ने उनके घर जाकर फूलों का गुलदस्ता भेंट कर कहकशा परवीन को मिठाई खिलाई और मुबारकबाद दिया।

## एक नजर में

### लायंस क्लब भारत के सदस्यों ने किया पौधरोपण



**जमशेदपुर।** लायंस क्लब ऑफ जमशेदपुर भारत के अध्यक्ष भरत सिंह ने पौखारी गांव में पौधारोपण किया। इस पौधारोपण का उद्देश्य पौधा लगाना और लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना था। इसलिए पौधारोपण करने के बाद क्लब के अध्यक्ष एमजेएफ लायन भरत सिंह ने आम लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया जिसमें उन्हें बताया गया कि पेड़ों की अंधाधुंध कटाई करना, प्लास्टिक का थैला प्रयोग करना पर्यावरण के लिए अत्यंत घातक है। इसलिए हमें अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी देखभाल करनी चाहिए। यदि हम पौधा नहीं भी लगा पाते हैं तो आसपास मौजूद पौधों की अच्छी देखभाल करनी चाहिए ताकि वह फल फूल कर एक बड़े वृक्ष का रूप ले सके। इस दौरान श्री सिंह के साथ क्लब की उपाध्यक्ष लायन अंजुला सिंह, लायन राजेश कुमार, लायन राजेश सिंह, लायन आयुष्मान सिंह आदि सदस्य उपस्थित थे।

### दीनबंधु ट्रस्ट ने की असहाय मजदूर परिवार की मदद



**जमशेदपुर।** दीनबंधु ट्रस्ट ने जमशेदपुर बालीगुमा निवासी भवन निर्माण मजदूर गरीब परिवार के श्राद्धकर्म में सहयोग किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष उत्तम चक्रवर्ती ने बताया मित्र के माध्यम से जानकारी मिली बालीगुमा निवासी एक मजदूर परिवार के महिला सदस्य के बीमारी के इलाज में आर्थिक स्थिति खराब हो गई थी उसके बाद परिवार में एकमात्र कमाने वाला मुखिया की भी मृत्यु समुचित इलाज के अभाव में हो गयी, जो अपने पीछे तीन बच्चों को छोड़कर चले गये। ट्रस्ट के ट्रस्टी तथा पदाधिकारियों ने परिवार के घर जाकर सांत्वना दी। श्राद्धकर्म के लिए जरूरी सामान तथा श्राद्ध के लिए राशन सामग्री दी। भविष्य में भी परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया गया। उत्तम चक्रवर्ती ने परिवार को सरकारी योजना से जोड़कर लाभ दिलवाने की बात कही। इसे सफल बनाने में ट्रस्ट के अध्यक्ष उत्तम चक्रवर्ती, सुनीता पोयरा, रूबी गोराई, डॉक्टर संजीव नंदी, कंचन यादव, सुबल मंडल, विकास गुप्ता, पिंकी कौर, तरुण कुमार, रविंद्र गुप्ता आदि पदाधिकारियों का अहम योगदान रहा।

## अंतर्राष्ट्रीय छऊ नृत्य समारोह के मुख्य अतिथि होंगे सीएम चंपई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



सीएम को आमंत्रण देने पहुंचे आयोजक।

**गम्हरिया।** श्री श्री सार्वजनिक मां मनसा क्लब, बासुड़दा, गम्हरिया का एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को रांची स्थित आवास में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को बासुड़दा में आगामी 15 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय छऊ नृत्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रण पत्र सौंपा। इस अवसर पर आदिवासी कला एवं संस्कृति भवन का उद्घाटन भी मुख्यमंत्री के हाथों किया जाना है। उक्त प्रतिनिधिमंडल में मांझी बाबा पिथौ टुडू, क्लब के मुकेश सिंहदेव, सोनाराम सोरेन, मुकेश हांसदा, बलराम लोहार, रवि हांसदा, रामू टुडू, राजेश टुडू, रविंद्र कालिंदी, मंटू लोहार, बलदेव हांसदा, अजय महतो संजय पात्रो आदि शामिल थे।

## आठ से बौद्ध मंदिर मैदान में होगा दो दिवसीय विद्यापति स्मृति पर्व समारोह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते शिशिर झा, सुजीत झा व साथी।

**जमशेदपुर।** मिथिला सांस्कृतिक परिषद, जमशेदपुर के सौजन्य से द्विदिवसीय विद्यापति स्मृति पर्व समारोह 2024 का आयोजन 8 और 9 जून 2024 ( शनिवार और रविवार) को बौद्ध मंदिर मैदान, (निकट राजेंद्र विद्यालय) साकची में किया गया है। एक संवाददाता सम्मेलन में उक्त जानकारी अध्यक्ष शिशिर झा, महासचिव सुजीत झा, कोषाध्यक्ष अमर झा, प्रेस प्रभारी बबलू झा, मोहन ठाकुर, पंकज राय, रणजीत झा बागबेड़ा, शिवचंद्र झा, राजेश झा,धर्मेश झा, पंडित बिपिन झा, अनिल झा, गोपालजी चौधरी, शंकरनाथ झा, मिथिलेश झा, धीरेंद्र झा, चंद्रभाल झा, राजेंद्र कर्ण, दिलीप झा, प्रमोद मिश्र ने संयुक्त रूप से दी।

**कार्यक्रम के अतिथि :** 8 जून 2024 उद्घाटन कर्ता स्वास्थ्य एवं आपदा मंत्री बन्ना गुप्ता, जल संसाधन मंत्री मिथिलेश ठाकुर, कांग्रेस जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, समाजसेवी सह भाजपा नेता शिव शंकर सिंह, जुस्को वर्क्स यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडेय आदि भी उपस्थित रहेंगे।

### यूनियन ने सेवानिवृत पांच सदस्यों को दी विदाई



**जमशेदपुर।** शुक्रवार को टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन कार्यालय में गत माह सेवानिवृत्त हुए सभी कर्मचारियों को सम्मानित किया गया एवं विदाई दी गयी। सभी सेवानिवृत्तगणों को टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह और महामंत्री आर के सिंह जी ने शाल ओढाकर और स्मृतिचिन्ह दे कर सम्मानित किया। इस सम्मान समारोह में 5 सेवानिवृत्त कर्मचारी गण अपने परिवार के साथ शामिल हुए। जिनके नाम निम्नलिखित है: एक्सल से बबन सिंह, बोर एंड फेस ग्राइंडिंग से संजय कुमार शर्मा, फ्रेम असेम्बली से बिष्णु चरण दास, सी टी आर से अशोक कुमार, एल पी कॉल फैब्रिकेशन से मोहन कुमार सिंह। अपने संबोधन में महामंत्री श्री आर के सिंह ने कहा कि आज तक आपने जिस दायित्व के साथ अपने कंपनी टाटा मोटर्स को बुलंदियो में ले जाने का काम किया आशा करते है उसी दायित्व के साथ अब आप सभी अपने परिवार और समाज को भी आगे ले जाने का काम करेंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष श्री गुरमीत सिंह जी ने कहा कि आप सब ने अपना बहुमूल्य समय इस कंपनी को बढ़ाने में दिया है। आपके लिए यूनियन के लोग हमेशा साथ रहेंगे। कभी भी जरूरत हो तो हम सब आपके साथ खड़े रहेंगे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन हरदीप सिंह सैनी ने किया मंच संचालन प्रकाश विश्वकर्मा ने किया।

## अरका जैन विश्वविद्यालय : विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षरोपण सह विशेष व्याख्यान संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** अरका जैन विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा अभियांत्रिकी विभाग के सहयोग से विश्व पर्यावरण दिवस व्यापक वृक्षारोपण अभियान के साथ-साथ पर्यावरणीय मुद्देः लैंड रेस्टोरेशन, डेजर्टिफिकेशन, ड्रॉट रेसिलिएंस पर व्याख्यान आयोजित कर मनाया गया। इस अवसर पर निदेशक सह कुलसचिव डॉ अमित कुमार श्रीवास्तव, बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के अध्यक्ष डॉ एस एस रजी, निदेशक परिसर सह छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष डॉ अंगद तिवारी, सहायक डीन इंजीनियरिंग डॉ अश्विनी कुमार एवं एनएसएस समन्वयक पारस नाथ मिश्र, कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ मनोज पाठक ने छात्रों से पर्यावरण संरक्षण के लिए आग्रही होने की बात कही। वृक्षारोपण अभियान स्थानीय जैव विविधता को बढ़ाने, वायु गुणवत्ता में सुधार और कार्बन पदचिह्न में कमी लाने के लिए था। पर्यावरण संरक्षण में सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए अभियांत्रिकी विभाग के सम्मिलित सहयोग से मोहनपुर व मुसरीकुदर में देशी प्रजाति के 100 से अधिक पौधे लगाये गये।

## अब संसद में गूंजेगी व्यापारियों की आवाज : सुरेश सोंथालिया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल के साथ सुरेश सोंथालिया।

**जमशेदपुर।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इण्डिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय सचिव सुरेश सोंथालिया ने खुशी व्यक्त करते हुए बताया कि पीएम ने देश के 9 करोड़ व्यापारियों के हृदय सम्राट कैट के राष्ट्रीय महासचिव प्रवीण खंडेलवाल को नई दिल्ली चांदनी चौक से टिकट देकर देश के व्यापारियों का दिल जीत लिया था। बदले में देश के व्यापारियों ने जी तोड़ मेहनत कर उन्हें भारी मतों से जीत दिला कर पीएम के विश्वास को पूरा किया। प्रवीण ने अपनी राजनीतिक पारी की शानदार शुरुआत की है। पहली बार चुनाव लड़े खंडेलवाल की भारी जीत से ये साबित हो गया कि देश के 9 करोड़ व्यापारी पीएम मोदी तथा उनके साथ खड़े हैं।

# बेकार के सामानों से बन रहे कालीन, जूते और झोले

- टाटा स्टील यूआईएसएल ने की नये अपसाइक्लिंग सेंटर की शुरुआत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड ने अपने सफल रिड्यूस, रीयूज, रीसाइकिल (आरआरआर) पहल के विस्तार के रूप में कदमा के ईसीसी फ्लैट्स में अपसाइक्लिंग सेंटर का उद्घाटन किया है । पिछले साल शुरू किए गए आरआरआर सेंटर ने स्थायी अपशिष्ट प्रबंधन प्रथाओं को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। इस सफलता के आधार पर, कंपनी अब अपसाइक्लिंग सेंटर की स्थापना करके अपने प्रयासों को अगले स्तर पर ले जा रही है, जहां एकत्रित कचरे को मूल्यवान उत्पादों में बदला जाता है, जिससे समुदाय के भीतर एक परिपत्र अर्थव्यवस्था का निर्माण होता है।

**अपसाइक्लिंग सेंटर में की जाने वाली प्रमुख गतिविधियां : रोजगार और सशक्तिकरण-** कंपनी ने एकत्रित कपड़ों से बैग सिलने के लिए वित्तीय चुनौतियों का सामना कर रही एक बेरोजगार महिला को नियुक्त किया है। उसने सफलतापूर्वक हजारों पुनः प्रयोज्य बैग सिल दिये हैं, जिससे उसे एक स्थिर आय प्राप्त हुई है और साथ ही प्लास्टिक बैग के उपयोग को कम करने में योगदान मिला है।

**जूते का पुनरुद्धार :** निवासियों द्वारा दान किए गए जूतों की छोटी-मोटी मरम्मत करने के लिए एक कुशल व्यक्ति को लगाया गया है। इससे न केवल जूतों की उम्र बढ़ती है, बल्कि व्यक्ति को नियमित रोजगार भी मिलता है, जिससे स्थानीय शिल्पकला को बढ़ावा मिलता है।

**प्लास्टिक पुनर्चक्रण :** एकत्रित प्लास्टिक कचरे को आदित्यपुर में एक पुनर्चक्रणकर्ता के पास भेजा जाता है, जहां इसे पेवर ब्लॉक में बदल दिया जाता है। यह पहल प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने में मदद करती है और टिकाऊ बुनियादी ढांचे के निर्माण में सहायता करती है। इसके अतिरिक्त, कंपनी ने शीट बनाने के लिए मल्टी-लेयर्ड प्लास्टिक (एमएलपी) को संपीड़ित किया है, जिसका उपयोग अपसाइक्लिंग सेंटर में पुनः उपयोग की गई वस्तुओं के संग्रह के लिए डिब्बे बनाने में किया गया है। 200 लीटर की क्षमता वाले प्रत्येक डिब्बे में 30 किलोग्राम प्लास्टिक की खपत होती है।

### बारीडीह पांडेय मैदान में लगाये गये दर्जनों पौधे



**जमशेदपुर।** जीवन की दृष्टि से पर्यावरण मानव के लिए सर्वोच्च जरूरत है। पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य को लेकर विश्व पर्यावरण दिवस से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में वृहद वृक्षारोपण अभियान चला रही बस्ती विकास समिति, जमशेदपुर ने शुक्रवार को बारीडीह स्थित पांडेय मैदान में वृक्षारोपण किया। इस दौरान समिति के सदस्यों ने औषधीय गुणों से भरपूर दर्जनों छायादार एवं फलदार वृक्ष लगाये। वहीं, इनकी देखभाल और सुरक्षा की जिम्मेदारी स्थानीय सदस्यों को दी गयी। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष खेमलाल चौधरी ने बताया कि लौहनगरी जमशेदपुर में पर्यावरण पूरी तरह प्रदूषित हो गया है। इस दिशा में समाज को वृक्षारोपण को जन आंदोलन बनाने की तरफ ध्यान देना होगा, इसके लिए सामाजिक स्तर पर सभी की सहभागिता होना अत्यंत आवश्यक है। इसी ध्येय के साथ बस्ती विकास समिति विश्व पर्यावरण दिवस से लगातार शहर के विभिन्न क्षेत्रों में वृक्षारोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रही है।

## स्पीड न्यूज

### नल-जल योजना में भारी गड़बड़ी, लोगों ने प्रखंड कार्यालय में की तालाबंदी




**नीलांबर पीतांबरपुर, पलामू।** प्रखंड के पंचायत सांगबार में पेयजल संकट से ग्रामीण काफी परेशान है। पेयजल संकट से परेशान ग्रामीणों ने प्रखंड प्रशासन को अवगत कराने और इस संकट को यथाशीघ्र दूर करने को लेकर ग्रामीणों ने प्रखंड कार्यालय में धरना दिया। साथ ही एक घंटा तक प्रखंड कार्यालय के मेनगेट में तालाबंदी करते हुए पंचायत में बंद पड़े सभी जल मीनार और चापाकल चालू कराने की मांग करते हुए गरीब जनता को पीने का पानी क्यों नहीं बीडीओ जवाब दो आदि नारेबाजी की। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे पिंटू पांडे एवं ग्रामीणों ने प्रखंड कार्यालय और पीएचडी के नाम से ज्ञापन सौंपा। मौके पर पिंटू पांडे, शोभा देवी, नितेश शुक्ला, आलोक पांडेय, लाखो देवी, छेदी राम, कालो देवी, प्रतिमा देवी सहित सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित रहे।

### बालू लोड ट्रैक्टर गिरने से चालक की मौत



**हुसैनाबाद पलामू।** हैदरनगर थाना क्षेत्र के ग्राम संतोषडीह के समीप उत्तर कोयल नहर में गुरुवार की रात बालू लोड ट्रैक्टर गिर जाने से चालक की मौत हो गयी। उक्त ट्रैक्टर परता बालू घाट से बालू लेकर आ रहा था। रात्रि में चालक ने अचानक नियंत्रण खो दिया इससे उसकी मौत हो गयी। मृतक की पहचान परता के सूरज पासवान के रूप में हुई। सूचना मिलते ही हैदरनगर थाना प्रभारी दल बल के साथ घटना स्थल पर पंहुच कर शव को कब्जे में लिया। सूरज के माता-पिता पूर्व में गुजर चुके हैं। उसके साथ एक छोटा भाई व एक बहन हैं। जिसका वह अकेला वह पालक था।

### रिमझिम गैस एजेंसी कर्मियों ने पौधरोपण कर दिया पर्यावरण बचाने का संदेश



**मेदिनीनगर।** रिमझिम एचपी गैस एजेंसी ने पर्यावरण दिवस मनाया। एजेंसी ने काली मंदिर किशुनपुर और आरओ प्लांट परिसर किशुनपुर में पौधे लगाये। लोगों ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिए सभी को पौधो लगाने की जरूरत है। मौके पर किशुनपुर मुखिया सुमन गुप्ता, श्रीकांत गुप्ता, गैस एजेंसी के प्रोपराइटर गंगा प्रसाद, गोपाल दुबे, रवींद्र प्रसाद, प्रमोद सोनी, रवि कुमार समेत कई लोग शामिल थे।

### नावा जयपुर थाना प्रभारी ने लगाये पौधे



**पाटन पलामू।** नावा जयपुर थाना प्रभारी कमल किशोर पांडेय ने विश्व पर्यावरण दिवस पर थाना परिसर में दो दर्जन से अधिक फलदार पौधे लगाये। कहा कि पर्यावरण हमारे जीवन का एक महत्व हिस्सा है। जिन्हें हमें संरक्षण करना कर्तव्य है। आज पर्यावरण पूरी तरह से दूषित हो गया है। मौके पर थाना एसआई एसडी राम, एएसआई रविंद्र कुमार आदि थे।

### इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जनता ने दिया अपार समर्थन : अशोक पासवान



**पाटन पलामू।** छत्तरपुर विस के दलित कांग्रेस अध्यक्ष अशोक पासवान ने ने कहा कि पलामू संसदीय चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ममता भुइयां को जनता का अपार समर्थन मिला है। उन्होंने छतरपुर की जनता को मतदान करने के लिए बधाई दी है। मजदूर कांग्रेस अध्यक्ष अनिल सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी गरीबों की लड़ाई आखिरी सांस तक लड़ती रहेगी। मौके पर दलित प्रखंड अध्यक्ष संजय पासवान, वीरेंद्र चौधरी, लव सिंह, राकेश दुबे, सज्जाद अली समेत कई लोग उपस्थित थे।

### कमजोरी को ही अपनी शक्ति बनायें छात्र




**छतरपुर पलामू।** चाणक्या एकेडमी में मैट्रिक और इंटर के छात्रों का करियर काउंसलिंग सह विदाई समारोह किया गया। कार्यक्रम में युवा समाजसेवी अरविंद गुप्ता चुनमुन शामिल हुए। उन्होंने छात्रों से कहा कि छात्र अपनी कमजोरियों को अपनी शक्ति बनायें, पढ़ाई में अव्वल रहने के साथ वे अपनी अंग्रेजी को मजबूत करने के साथ पर्सनालिटी डेवेलपमेंट पर भी फोकस करें तभी उनका भविष्य स्वर्णिम हो पायेगा। कार्यक्रम में वरीय शिक्षक कमलेश प्रजापति, अजय कुमार, चितरंजन कुमार, बसन्त कुमार, चंदन कुमार ने भी छात्रों को कई टिप्स दिये।

### पहली बार सांसद बनने पर विशेष बधाई



**मेदिनीनगर।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश वर्मा ने रांची में हुए प्रदेश नेतृत्व के अभिनंदन समारोह में झारखंड से जीते भाजपा के सभी सांसदों विशेष रूप से पहली बार सांसद बनने पर बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विदित हो कि भाजपा झारखंड प्रदेश ने 18वीं लोकसभा के लिए निर्वाचित भाजपा के सभी सांसदों के लिए स्वागत और अभिनंदन समारोह किया था जिसमें प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत क्षेत्रीय संगठन महामंत्री, झारखंड प्रदेश संगठन महामंत्री, नेता विधायक दल के साथ लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त प्रदेश भर के संयोजक, प्रभारी एवं विधानसभा स्तरीय संयोजक और प्रभारी के साथ सभी जिला अध्यक्ष और जिला प्रभारी आमंत्रित थे। अविनाश वर्मा ने पहली बार सांसद बने धनबाद से ढुल्लू महतो, हजारीबाग से माननीय मनीष जायसवाल एवं चतरा संसदीय क्षेत्र से माननीय कालीचरण सिंह को हार्दिक बधाई दी। स्वागत समारोह से अभीभूत हो कर सभी सांसदों ने पार्टी और कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। जबकि मंच पर उपस्थित सभी वरिष्ठ नेताओं ने आने वाले दिनों में पूर्व से अधिक मेहनत कर झारखंड में भी सरकार बनाने का लक्ष्य तय किया।

# धार्मिक अनुष्ठान से क्षेत्र में आती है सुख शांति और समृद्धि : डॉ शशिभूषण मेहता

■ लोहड़ी में आयोजित यज्ञ के कलश यात्रा में शामिल हुए पांकी विधायक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा पलामू।** धार्मिक अनुष्ठान से क्षेत्र में सुख समृद्धि व शांति आती है। धार्मिक अनुष्ठान में श्रद्धालुओं को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए ताकि कार्य सफल हो सके। उक्त बातें पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता ने शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के लोहड़ी में आयोजित 9 दिवसीय श्री राम चरित्र मानस नवाह्न पारायण यज्ञ के कलश यात्रा कार्यक्रम के दौरान बोल रहे थे। विधायक डॉ मेहता ने मुख्य यजमान को कलश देकर कलश यात्रा की शुरुआत की।



■ कलश यात्रा बाजे गाजे के साथ यज्ञ मंडप से निकाल कर योगिया पोखरी, लोहरा पोखरी, नौरंगा होते हुए सतबरवा का नगर भ्रमण करते हुए ट्रेनिंग कॉलेज के समीप मलय नदी के तट पर झरना के समीप पहुंची। जहां मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं ने अपने-अपने कलश में जल भरा। कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश पाठक तथा संरक्षक बलराम पाठक ने बताया कि यह अनुष्ठान 7 जून से 14 जून तक चलेगा। इस दौरान रात्रि में उत्तर प्रदेश झांसी निवासी सह कथावाचक मानस माधुरी माला के द्वारा मानस पाठ का रसपान श्रद्धालुओं को कराया जायेगा। वहीं 15 जून को भक्ति जागरण तथा 16 जून को हवन तथा महाप्रसाद बांटा जायेगा। कार्यक्रम में भाजपा अजजा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह चेरो, भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष ज्योति पांडे, जिला परिषद सदस्य सुधा कुमारी मुखिया रिंकी यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय पाठक, आशीष सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि, राणा प्रताप कुशवाहा, उप प्रमुख कामख्या नारायण यादव, धीरज कुमार सिंह, कमेश यादव, महेश यादव, अशोक यादव, अजय उरांव, चंचल यादव, भास्कर पाठक, इंदु भूषण पांडेय, ब्रजकिशोर पाठक, दिलीप पाठक, व्यास सुरेंद्र पाठक भी थे।

# स्वागत : पर्यावरणविद ने लगातार तीसरी जीत पर सांसद बीडी राम को दिया पौधा

■ उजाला योजना के लाभ से वनों की कटाई पर लगेगा विराम, तभी बेकाबू गर्मी और जल संकट से भी मिलेगी लोगों को निजात : कौशल किशोर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के सुदना स्थित सांसद विष्णु दयाल राम के आवास पर गुरुवार को विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने पलामू संसदीय क्षेत्र से लगातार तीसरी बार जीत पर सांसद को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण धर्म के तहत अतिथियों की स्वागत पौधों से



श्री जायसवाल ने श्री राम से कहा कि बेकाबू गर्मी और जल संकट को टालने तथा जलवायु परिवर्तन को रोकने के उद्देश्य से पूरे देश में उज्ज्वला योजना के तहत अधिक से अधिक महिलाओं को गैस सिलेंडर दिलाई जाए। जिसमे भोजन बनाने के लिए महिलाएं जलावन के लिए वनों की कटाई नहीं करेंगी। जिससे वनों का क्षेत्रफल बढ़ने से प्रदूषण पर लगाम लगेगा। इतना ही नहीं वनों की कटाई नहीं होने से वर्षापात का भी प्रतिशत भी बढ़ेगा। जिससे बेकाबू गर्मी से भी निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि अगर सरकार सभी महिलाओं को एक गैस सिलेंडर देती है उससे समाज के लोगों को कई लाभ मिलेगा। इससे दुनियां की चार बड़ी समस्याओं का निदान सम्भव हो सकेगा। मौके पर पर छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल के साथ कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# क्रिकेट खेल के दौरान दो बच्चों में हुआ खूनी संघर्ष, तीन घायल

■ विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच रेफर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** क्रिकेट खेल रहे दो बच्चों के बीच हुई मामूली विवाद को परजनों ने खूनी संघर्ष में बदल दिया। जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में गोलू कुमार (11), सुनैना कुमारी (19) व सुषमा देवी (37) का नाम शामिल है।

सभी घायल रेहला थाना क्षेत्र अंतर्गत डंडिला कला के रहने वाले हैं। घटना गुरुवार देर रात की बताई जाती है।



जानकारी के अनुसार गुरुवार की शाम क्रिकेट खेलने के क्रम में गोलू व राजा किसी बात को लेकर आपस में भिड़ गए थे। साथ खेल रहे अन्य बच्चों ने दोनो को अलग कर घर भेज दिया। राजा कुमार अपने घर जाकर विवाद की बात परिजनों को बतायी।

जिसके बाद उसका बड़ा भाई और अन्य घर वाले बिना कुछ जाने गोलू के घर जाकर मार पीट शुरू कर दिया। जिसमें गोलू, उसकी बहन सुनैना और उसकी मां सुषमा देवी गंभीर रूप से घायल हो गयी। सभी घायलों को विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन सबकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु मेदिनीनगर एमएचसीएच रेफर कर दिया गया।

घायलों के इलाज में बीजेएमसी जिलाध्यक्ष ऋतुराज मिश्रा और भोजपुरी गायक विजय बावली ने आर्थिक मदद की। इधर, दोनों पक्षों ने रेहला थाना में एक दूसरे के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कराने हेतु आवेदन दिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## पांकी पुलिस ने कोयला और बीड़ी पत्ता लदा दो ट्रक किया जब्त

# अलग-अलग कांडों के कुल पांच अभियुक्त हुए गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी पुलिस ने दो अलग अलग मामले में कुल पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पांकी पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कोयला लदा एक ट्रक गलत रूट का इस्तेमाल कर पांकी थाना क्षेत्र से गुजर रहा है। साथ ही अवैध बीड़ी पत्ता लदा ऑटो सगालिम की ओर से आने वाली है। इस सूचना पर पांकी थाना प्रभारी उत्तम तिवारी के नेतृत्व में पांकी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। पुलिस ने पांकी-डालटनगंज मुख्य मार्ग स्थित ग्राम सरईया के समीप एक कोयला लदा ट्रक को जब्त किया। ट्रक चालक गलत नियत से रूट डायवर्ट कर पांकी थाना क्षेत्र में अवैध रूप से गुजर रहा था। जिस पर पांकी थाना में मामला दर्ज किया गया।



■ पुलिस ने मामला दर्ज कर ट्रक के मालिक सह चालक व सह चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अवैध कोयला ट्रक के अलावे बीड़ी पत्ता लदा ऑटो को जब्त किया है। इस पर भी पांकी थाना में मामला दर्ज कर तीन अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बारह चक्का ट्रक जिसमें कोयला लदा था जब्त कर लिया। साथ ही केंदू पत्ता लदा ऑटो जब्त किया। पांकी पुलिस ने नवादा के साजिद अंसारी पिता हनीफ मियां व लातेहार जिला के रोहन ग्राम निवासी सुफियान अंसारी पिता सहाबुद्दीन मियां को गिरफ्तार कर लिया है। इसके अलावे पुलिस ने नागेंद्र सिंह पिता कामेश्वर सिंह, जयराम उरांव पिता जगरनाथ उरांव व सीताराम मांझी पिता देवाश मांझी सभी तरहसी के ग्राम ललगढ़ा निवासी को गिरफ्तार किया है। छापेमारी दल में पांकी पुलिस शामिल थी।

### अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त



**पाटन पलामू।** प्रखंड के नावा जयपुर थाना पुलिस ने बालू लदा ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ले आयी है। बुधवार की रात्रि में थाना प्रभारी कमल किशोर पांडेय ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त कर लिया है। थाना प्रभारी के इस कार्रवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप मची है। कहा कि इसकी जानकारी वरीय पदाधिकारी को दी जायेगी। मालूम हो कि बालू माफियाओं का मंसूबा बढ़ता जा रहा है। नदी से बालू का परिवहन कर उंचे दामों में बेचते हैं।

# कचरवा डैम के पास बन रहे पार्क में लगे बिरसा मुंडा की प्रतिमा : मंगल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

■ प्रथम उप महापौर ने मेदिनीनगर निगम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**मेदिनीनगर।** प्रथम उप महापौर मंगल सिंह ने मेदिनीनगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर पहल करने की मांग की है। श्री सिंह ने दिये गये ज्ञापन के माध्यम से कहा कि कचरवा डैम के पास बन रहे पार्क में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित व नामांकरण कराया जाये। उन्होंने कहा कि झारखंड शुरू से ही स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में वीरों की भूमि रही है और इस स्वतंत्रता संग्राम में भगवान बिरसा मुंडा का योगदान अग्रणी रहा है जिन्हें हम धरती आबा के नाम से भी जानते हैं। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में बिरसा मुंडा की भूमिका पूरे देश को गौरवान्वित करती है। उन्होंने कहा कि कचरवा डैम के पास पार्क का निर्माण कराया जा रहा है उसमें झारखंड के गौरव भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा लगायी जाये। साथ ही पार्क का नामांकरण भी भगवान बिरसा मुंडा के नाम पर ही हो। ऐसा करने से आने वाली पीढ़ी बिरसा मुंडा के कार्यों व आदर्शों को याद करता रहेगा।



# अवैध बालू उत्खनन को लेकर चैनपुर सीओ की छापेमारी, बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

■ चैनपुर सीओ चंद्रशेखर ने बालू लदे ट्रैक्टर जब्त कर थाने को सौंपा

**चैनपुर (पलामू)।** प्रखंड में पीला सोना कहे जाने वाले बालू का खेल चरम पर है। प्रतिदिन बालू माफिया अवैध तरीके से काली कमाई कमाने में लगे रहते है। इसी क्रम में प्रखंड के हरीनामांड के तहले नदी से अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को सीओ चंद्रशेखर कुणाल द्वारा पकड़ा गया। लेकिन मौके पर से ड्राइवर फरार हो गया, ट्रैक्टर थाना को सौंप दिया गया। बताया गया कि इस संबंध में जांच कर प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। सीओ चंद्रशेखर कुणाल ने बताया कि बालू लदे ट्रैक्टर को चैनपुर थाना में पार्क करा दिया गया है, वहीं इसी क्रम में अग्रतर कारवाई के लिए जिला खनन पदाधिकारी मेदिनीनगर को सूचना दे दी गयी हैं। गौरतलब है कि बालू माफिया प्रशानिक कारवाई के बावजूद हरकत से बाज नहीं आ रहे वहीं चैनपुर थाना क्षेत्र में दर्जनो ट्रैक्टर नदी से अवैध तरीके से बालू की ढुलाई कर रहें है।



### तीसरी बार सांसद बनने पर लोगों ने दी बधाई



**चैनपुर (पलामू)।** प्रखंड बाजार के किसान मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष मनोज दास और अन्य लोगों ने सांसद विष्णु दयाल राम के आवास पर जाकर बुके देकर माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। लोकसभा चुनाव में पलामू से सांसद प्रत्याशी विष्णुदयाल राम के जीत पर किसान मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष मनोज दास ने कहा कि पलामू लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा के तीसरी बार विष्णु दयाल राम को पलामू संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं व कार्यकर्ताओं के सहयोग से यह जीत हुई है। साथ ही तीसरी बार मोदी सरकार बनने जा रही है। मोदी व पलामू सांसद विष्णु दयाल राम बधाई के पात्र हैं। मौके पर मंडल अध्यक्ष शशि भूषण पांडे, सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे, विजय गुप्ता, मनीष पांडे, आनंद सिंह, राजेश सिंह, धर्मदेव सिंह, केदार राम, मनोज मेहता, श्रवण कुमार थे।

# इलाज के अभाव में जिंदगी व मौत से जूझ रहा सोनू चौधरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

■ बिजली करंट लगने से हुआ था गंभीर रूप से घायल

■ मदद मांगने पर विधायक ने भुक्तभोगी परिवार को डांटा

**चैनपुर पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के रबदा निवासी सोनू चौधरी (28) बिजली करंट लगने के कारण इलाज के अभाव में पिछले दो वर्षों से जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। छठ पर लगे टेंट खोलते समय टेंट का पाइप 11000 वोल्ट से टच हो गया था। करंट से सोनू की जान तो बच गई पर आज भी पत्नी के भरोसे जीवन काट रहा है। शरीर का आधा हिस्सा काम करना बंद कर दिया है ऐसे में पत्नी रिंकी देवी के लिए घर की



बुरी आर्थिक स्थिति, बच्चों की परवरिश और पति का देख भाल कर पाना कांटों पर चलने से कम नहीं है। ज्ञात हो की सोनू का प्रारंभिक इलाज मेदिनीनगर सदर अस्पताल में हुआ था।

### ग्रीष्मकालीन खो-खो प्रशिक्षण शिविर आज से

**मेदिनीनगर।** आगामी राज्य स्तरीय खेल को देखते हुए आगामी 8 जून से जी एल ए कॉलेज स्टेडियम में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर लगा रहा है। इस शिविर में किसी भी उम्र के बालक/बालिका, महिला / पुरुष खिलाड़ी आकर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण राष्ट्रीय सीनियर मेडलिस्ट खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक के द्वारा निः शुल्क दिया जायेगा। प्रशिक्षण के लिए इच्छुक खिलाड़ी 8 जून से संध्या 4 बजे निर्धारित स्थान पर आकर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

# शहर में मुख्य सड़क पर रखी अवैध सामग्री पर हुई कार्रवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

■ हुसैनाबाद नगर ईओ विपुल सन्नी ने चलाया अभियान

**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के मुख्य सड़क जपला छतरपुर रोड में कई जगहों पर अवैध से बालू व छरी अन्य सामग्रियों को रखने वाले के खिलाफ नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी ने कड़ा रुख अपनाते हुए कार्रवाई की है।

आपको बता दे कि जपला-छतरपुर मुख्य सड़क में कई लोगों के मकान बनाने के लिए रॉ मैटेरियल बालू छरी ईंटा आदि अवैध तरीके से



गिराए जाते है जिससे कई बार बड़ी दुर्घटना भी घटी हैं और हमेशा यह क्षेत्र में बड़ी गाड़ियों के आवागमन से दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती थी। जिसके बाद नगर ईओ विपुल सन्नी व नगर प्रबंधक के दल ने जपला नहर मोड के समीप और नाग बाबा के पास सड़क पर रखे बालू खिलाफ कार्रवाई की।

### बाजार क्षेत्र की ट्रांसफार्मर शीघ्र बदलने की मांग



**मोहम्मदगंज पलामू।** स्टेशन रोड के मुख्य बाजार क्षेत्र के 200 केवीए के ट्रांसफॉर्मर के खराब होने से गर्मी के इस भयावह स्थिति में उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ गयी है। इसी से रेलवे और बैंकों को भी बिजली आपूर्ति होती है। सांसद प्रतिनिधि महेंद्र सिंह ने शुक्रवार को स्थिति का जायजा लेते हुए सांसद वीडी राम को ग्रामीणों से इसके संबंध में प्राप्त आवेदन से अवगत करा दिया है। साथ ही विधायक कमलेश सिंह और जिला पार्षद प्रतिनिधि अश्विनी सिंह को भी इसकी जानकारी दी है। सांसद प्रतिनिधि ने बताया कि सांसद ने यथाशीघ्र ट्रांसफॉर्मर को बदलवाने का भरोसा दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस ट्रांसफॉर्मर खराब होने से उमस भरी गर्मी में परेशानी बढ़ गयी है। अंधेरे से शाम होते ही बाजार में सन्नाटा पसर जाता है। इसी ट्रांसफॉर्मर से रिलायंस टावर, एसबीआई और अन्य बैंकों के अलावा सैकडों दुकानों के साथ ही घरेलू उपभोक्ताओं समेत रेलवे कालोनी में भी बिजली आपूर्ति होती है।

# हुसैनाबाद में किसानों की महापंचायत 19 को

## किसान हित की लड़ाई जारी रहेगी : कर्नल संजय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** किसान ब्रिगेड ने हुसैनाबाद विधानसभा सहित पूरे पलामू के किसानों के विभिन्न समस्यायों को लेकर 19 जून दिन बुधवार को किसान महापंचायत का आह्वान किया है। उक्त बातों की जानकारी किसान ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल (डॉ) संजय कुमार सिंह ने अनुमंडल पदाधिकारी पीयूष सिन्हा को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दिया।

उन्होंने कहा कि सरकार के गलत नीतियों की वजह से अभी भी किसान युवा और



**किसान महापंचायत के बारे में जानकारी देते लोग।**

महिला वर्ग आर्थिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित है और शोषित महसूस कर रहे हैं इन्हीं समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने और इसके समाधान के लिए किसान ब्रिगेड जपला अनुमंडल के कर्पूरी मैदान में हुसैनाबाद के सभी किसानों की महापंचायत करने का निर्णय लिया है। इस महापंचायत के माध्यम से हाल के सर्वे ऑनलाइन में हुए भूमि गड़बड़ी का रि-सर्वे, बिजली विभाग की मनमानी, सिंचाई की व्यवस्था, बालू की किल्लत, बेरोजगारी की समस्या, शिक्षा आदि को प्रमुखता से सरकार के सामने रखा जायेगा। किसान ब्रिगेड द्वारा पूर्व में दिये गये धरना का नतीजा है कि राज्य सरकार द्वारा भूमि संबंधी धारा सतासी का कोर्ट डाल्टनगंज से जपला शिफ्ट हो गया, नीलगाय द्वारा फसल छाती पूर्ति की राशि में बढ़ोतरी हुई है, बहुत सारे फैक्ट्री में मृत मजदूर के परिवारों को मुआवजा मिला तथा किसानों को सुखाड़ का मुआवजा इत्यादि शामिल है।

■ हम सभी महात्मा गांधी, भगत सिंह, जगदेव प्रसाद, लोहिया जी के विचारधारा पर चलते हुए सत्याग्रह से सरकार को हुसैनाबाद विस सहित पूरे पलामू पलामू के किसानों को विभिन्न समस्याओं का हल करवाने पर बाध्य करेंगे। किसान हित की लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने हुसैनाबाद प्रखंड के मजदूर, किसान और नौजवानों से 19 जून को कर्पूरी मैदान पहुंच इसे सफल बनायें।

# मां काली मंदिर और शिव चबूतरे का अब तक सौंदर्यीकरण नहीं, श्रद्धालु निराश

■ मंदिर परिसर में मिट्टी का भू भाग से पूजा अर्चना में घोर परेशानी, आस्था पर संकट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मोहम्मदगंज पलामू।** रेलवे परिसर स्थित मां काली मंदिर और शिव चबूतरे के सौंदर्यीकरण का काम चार साल में भी पूरा नहीं कराया गया है। जबकि इसे लेकर 7 अक्टूबर 2021 को धर्म प्रेमी हीरा लाल शर्मा की अगुवाई में ग्रामीणों ने एसएम डीडीयू मंडल के डीआरएम के नाम आवेदन सौंपा था। जिसमें रेलवे स्टेशन परिसर स्थित प्राचीन मां काली मंदिर व शिव चबूतरे के प्लेटफॉर्म निर्माण की जद में आने से बचाने के साथ ही इनके जीर्णोद्धार की मांग की गई थी। हालांकि इसे गंभीरता से लेते हुए बाद में आरपीएफ, आरवीएनएल व अशोका बिल्डकॉन लिमिटेड के अधिकारियों ने इसके प्रति आश्वस्त किया था। इसके बावजूद अबतक इस दिशा में कारगर कदम नहीं उठाये जाने से श्रद्धालुओं में असंतोष व्याप्त हो गया है। जबकि इस दौरान थर्ड रेल लाइन को विस्तारित करने, स्टेशन की नई बिल्डिंग और प्लेटफॉर्म निर्माण के साथ ही नन इंटरलॉकिंग प्रणाली से ट्रेनों के परिचालन का कार्य भी प्रारंभ हो गया है।



दैनिक अखबार में छपी संबंधित खबर को युवा एक्टिविस्ट एआर रहमान खान ने डीआरएम सहित अन्य अधिकारियों को ट्वीट भी किया था। मगर इसके करीब 4 साल बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। बल्कि मंदिर के आगे बेतरतीब तरीके से मिट्टी की भराई कर देने से खासकर बारिश होने पर श्रद्धालुओं को माता काली और भगवान शिव की पूजा अर्चना करने में जोखिम उठाने को विवश होना पड़ता है। श्रद्धालुओं का कहना है कि उक्त कार्यों को शुरू करने से पहले उनकी तसल्ली के लिए मंदिर और शिव चबूतरे के सौंदर्यीकरण को लेकर मैप का प्रारूप तैयार कर उन्हें अवलोकन भी कराया गया था। लेकिन काम पूरा कराने के मामले में लगातार टालमटोल किया जाता रहा है। ऐसे में श्रद्धालुओं का कहना है कि ऐसा नहीं कि काम पूरा होने के बाद इस मंदिर को उसके हाल पर यूंही न छोड़ दिया जाये। पुजारी शिवलाल प्रसाद सहित वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सत्यनारायण सिंह, रामजन्म राम, व्यावसायी जगत लाल, शंकर गुप्ता, रामजी चौरसिया, मथुरा प्रसाद, नीरज अग्रवाल, विनोद सोनी, धर्मप्रेमी नित्यानंद पाठक, राघो सोनी, छोटे लाल भी थे।

# मोदी कैबिनेट में मंत्रियों की संख्या पर मोलभाव के मूड में नहीं नीतीश

एजेंसी

**पटना।** नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बनने वाली एनडीए सरकार 3.0 में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) मंत्रियों की संख्या पर मोलभाव के मूड में नजर नहीं आ रही है। पीएम मोदी की नई कैबिनेट में मंत्रियों की संख्या से ज्यादा जेडीयू की निगाहें दूसरे जरूरी मुद्दों पर है। आने वाले समय में होने वाले राज्यसभा चुनाव में जेडीयू अपना प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए बीजेपी से मोलभाव कर सकती है। इसके अलावा बिहार के लिए केंद्र से कुछ नए प्रोजेक्ट्स को लेकर भी नीतीश जोर आजमाइश कर सकते हैं। जेडीयू नेता बिहार को विशेष राज्य का दर्जा और बड़ा फंड दिलाने जैसे मुद्दों पर भी जोर देते हुए नजर आ रहे हैं। जेडीयू के एक वरिष्ठ नेता ने नाम न छापने की शर्त पर एचटी को बताया कि नीतीश कुमार एनडीए में हैं। उन्होंने मुश्किल दौर में बीजेपी को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई है। अब यह बीजेपी के ऊपर है कि वह एक पुरानी साथी जेडीयू के साथ कैसा व्यवहार करती है। जेडीयू की अहमियत किसी से छिपी नहीं है। पिछली बार पार्टी बिना किसी मंत्री पद के भी एनडीए में रह चुकी है। जेडीयू के एक अन्य वरिष्ठ नेता ने कहा कि



पिछली कैबिनेट में आरसीपी सिंह की वजह से केंद्रीय मंत्री बनने से चूक गए पार्टी के पूर्व अध्यक्ष ललन सिंह को इस बार चांस मिल सकता है। उनके अलावा राज्यसभा सांसद संजय सिंह के भी मंत्री बनने के आसार हैं। ललन सिंह या संजय झा में से किसी एक का मोदी कैबिनेट 3.0 में मंत्री बनना तय माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह सबकुछ नीतीश कुमार पर निर्भर करता है। क्योंकि इस समय पार्टी के अध्यक्ष भी वही हैं। नीतीश की नजर राज्यसभा सीट पर भी है। आरजेडी की राज्यसभा सांसद मीसा भारती के चुनाव जीतकर लोकसभा में पहुंचने के बाद यह सीट खाली हो रही है। उनका अभी चार साल का कार्यकाल बचा हुआ है। इस सीट पर आगामी कुछ महीनों में चुनाव होंगे। इसके अलावा केंद्र की एनडीए सरकार से बिहार के लिए कुछ अहम सौदे भी किए जा सकते हैं। बता दें कि लोकसभा चुनाव 2024 में बीजेपी अपने दम पर बहुमत का आंकड़ा (272) जुटाने में असफल रही। पार्टी को देशभर में 240 सीटें मिली हैं। ऐसे में उसे सरकार गठन में एनडीए के घटक दलों पर निर्भर रहना होगा। चुनाव नतीजों के बाद नीतीश कुमार की जेडीयू और चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी किंगमेकर की भूमिका में है। बिहार में 12 सीटें जीतने वाली जेडीयू ज्यादा मोलभाव की स्थिति में तो आई लेकिन पार्टी के अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि एनडीए की स्थिरता बनाए रखने की शर्त पर पार्टी कोई भी डिमांड नहीं करेगी। नई दिल्ली स्थित संसद भवन के सेंट्रल हॉल में शुक्रवार को आयोजित एनडीए संसदीय दल की बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का भाषण भी चर्चा में रहा। सीएम नीतीश ने स्पष्ट किया कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार को उनका पूरा समर्थन है। मोदी जैसा कहेंगे, हम लोग काम करेंगे। चर्चा है कि मोदी कैबिनेट में जेडीयू से तीन-चार मंत्री बनाए जा सकते हैं।

## बिहार से बीजेपी के मंत्री घटेंगे, गिरिराज सिंह और नित्यानंद राय की कुर्सी खतरे में

एजेंसी

**पटना।** मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार एनडीए की सरकार के गठन की प्रक्रिया जारी है। इस बार मोदी कैबिनेट का स्वरूप पिछले दो कार्यकाल के मुकाबले अलग नजर आने वाला है। बीजेपी की सीटों की संख्या घटने के चलते पीएम मोदी की पार्टी की अपने सहयोगी दलों पर निर्भरता बढ़ गई है। ऐसे में बिहार से बीजेपी के केंद्रीय मंत्रियों की संख्या भी घटेगी। इसके बजाय एनडीए के अन्य घटक दल जेडीयू, लोजपा रामविलास और हम के नेताओं को कैबिनेट में ज्यादा तरजीह दी जाएगी। बीजेपी के एक वरिष्ठ नेता ने एचटी से बातचीत में कहा, केंद्रीय मंत्रिमंडल में बिहार से कितने मंत्री जगह पाएंगे, यह आने वाला वक्त बताएगा। हालांकि, यह तय है कि



बीजेपी के कई मंत्रियों को हटाया जाएगा और मौजूदा गणित के कारण इस बार कुछ नए चेहरों को जगह मिल सकती है। बता दें कि पिछली मोदी कैबिनेट में बीजेपी के बिहार से चार मंत्री थे। इनमें आरके सिंह आरा से इस बार चुनाव हार गए, तो बक्सर से अश्विनी चौबे का पार्टी ने टिकट काट दिया था। वहीं, गिरिराज सिंह बेगूसराय और नित्यानंद राय उजियारपुर से जीतकर फिर संसद पहुंचे हैं। हालांकि, इन दोनों नेताओं की भी कुर्सी खतरे में नजर आ रही है। पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बीजेपी बिहार से नए चेहरों को कैबिनेट में मौका दे सकती है। इनमें जातिगत समीकरण का भी खास ध्यान रखा जाएगा। गिरिराज सिंह और नित्यानंद राय को मोदी कैबिनेट 3.0 में जगह मिलेगी या नहीं, इस बारे में अभी पार्टी के नेता स्पष्ट नहीं कह रहे हैं। लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजों पर नजर डालें तो बिहार में बीजेपी के मुकाबले उसके सहयोगी दलों ने बेहतर प्रदर्शन रहा। बीजेपी और जेडीयू ने बराबर 12-12 सीटों पर जीत दर्ज की लेकिन नीतीश की पार्टी का स्ट्राइक रेट ज्यादा है। बीजेपी ने बिहार में जहां 5 सीटें हारीं, वहीं जेडीयू को चार पर ही मात मिली। वहीं, चिराग की पार्टी लोजपा रामविलास ने अपने कोटे की सभी सीटों पर जीत दर्ज की। जीतनराम मांझी भी अपने पार्टी से अकेले चुनाव लड़े और जीत गए। बिहार में एनडीए ने 40 में से 30 सीटों पर कब्जा जमाया। सामाजिक विश्लेषक डीएम दिवाकर का मानना है कि लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद नीतीश कुमार को एनडीए सरकार पर कंट्रोल रखने का ज्यादा मौका मिलेगा।

## संध्या चैपाल में मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने किया जनसंवाद

### कई समस्याओं का किया गया समाधान



जनसंवाद करते मंत्री।

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेराल।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने मेराल प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में संध्या चैपाल लगाकर लोगों के समस्याओं का निराकरण करने का कार्यक्रम प्रारंभ किया है। मंत्री ने गोंदा पंचायत के संध्या जन चैपाल कार्यक्रम में पहुंचकर लोगों से संवाद किया। उनके द्वारा मौके पर ही कई ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया गया। साथ ही मंत्री ने कहा कि लोगों के समस्याओं का हर संभव समाधान के लिए वे आगे भी तत्पर रहेंगे। एक दिन पूर्व पढ़ुआ पंचायत में भी संध्या चैपाल में जन संवाद कर मंत्री ने लोगों की समस्याओं का समाधान किया था। मौके पर काफी संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### पुलिस ने भारी मात्रा में शराब, हथियार व गोली के साथ चार अपराधी को गिरफ्तार किया



**सहरसा।** सदर थाना में एसडीपीओ आलोक कुमार एवं साइबर डीएसपी अजीत कुमार ने शुक्रवार को बताया कि हथियार के साथ दो एवं शराब बरामदगी मामले मे दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर टीओपी टू प्रभारी पुलिस अवर निरीक्षक सनोज वर्मा एवं संध्या गश्ती पदाधिकारी पुलिस अवर निरीक्षक रूपा कुमारी एवं सशस्त्र बल के सहयोग से बटराहा वार्ड नंबर 36 स्थित बबलू कुमार पिता लक्ष्मी साह के घर पर छापामारी किया गया तो उनके किराना दुकान एवं उनके निशानदेही पर दुकान के सामने लगे कार से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब एवं बरामद में किया गया है। साथ ही प्राथमिक अभियुक्त बबलू कुमार पिता स्वर्गीय लक्ष्मी साह एवं सुजाता कुमारी पति बबलू कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

### पटना जाने के क्रम में फारबिसगंज में सांसद पप्पू यादव का समर्थको ने किया स्वागत

**अररिया।** पूर्णिया से पटना जाने के क्रम में फारबिसगंज कॉलेज चौक के पास पूर्णिया से नव निर्वाचित सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव का शुक्रवार को उनके समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। समर्थकों ने पप्पू यादव के नाम से नारेबाजी की और माला पहनाकर एवं फूलों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। पूर्णिया के नव निर्वाचित सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव का स्वागत छात्र नेता शेख तालिब के नेतृत्व में किया गया। मौके पर सांसद पप्पू यादव ने आम जनता और समर्थकों की ओर से मिले स्नेह को लेकर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में जिस तरह से निर्दलीय प्रत्यासी के रूप में पूर्णिया के लोगो ने अपना प्यार-आशीर्वाद समर्थन देकर संसद भवन भेजने का काम किया। विश्वास दिलाते हैं कि पूर्णिया समेत कोशी-सीमांचल के शिक्षा से लेकर रोजगार स्वास्थ्य भ्रष्टाचार से जुड़े सभी मुद्दो पर आवाज उठाने के साथ-साथ गरीब युवाओ के हर मुसीबत में साथ खड़े रहेंगे।हर दबे-कुचले आम-आवाम के हक-हकूक के लिए हमेशा की तरह सड़क से लेकर संसद तक आवाज उठाने का काम करेंगे। मौके पर छात्र नेता आफताब, सरफराज, एहतेशाम, अभिषेक, कमरान, टिंकू, इब्राहिम, मुमताज, शाहरुख, सुमित, आलम, राहुल झा, दीपक दिलवर, महफूज, नईम, सुमन, समेत अन्य लोग मौजूद थें।

## पेज एक का शेष

### राष्ट्रपति ने दिया ...

**सर्वसम्मति से नेता चुने गये मोदी :** इससे पूर्व संसद के पुराने भवन के सेंट्रल हॉल में हुए एनडीए सांसदों की बैठक में नरेंद्र मोदी को एनडीए संसदीय दल का सर्वसम्मति से नेता चुन लिया गया। नेता चयन के बाद एनडीए ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भाजपा संसदीय दल, एनडीए संसदीय दल और लोकसभा के नेता के रूप में नरेंद्र मोदी को चुनने का प्रस्ताव एनडीए सांसदों की बैठक में रखा। प्रस्ताव को अमित शाह, नीतीश कुमार, चंद्रबाबू नायडू, जीतनराम मंझी समेत सभी ने इसका अनुमोदन किया। राजनात ने मोदी के नाम का प्रस्ताव रखते हुए कहा, सोचता हूं कि इसके लिए नरेंद्र मोदी का नाम सर्वोतम है। उनके इतना कहते ही पूरा सदन मोदी-मोदी के नाम और तालियों से गूंज उठा।

**यह पल मुझे भवुक करने वाला :** एनडीए के सांसदों को संबोधित करते हुए नरेंद्र मोदी ने सभी का आभार व्यक्त किया और कहा- सभी का दिल से आभार...हर दल के कार्यकर्ताओं ने बहुत मेहनत की है। मैं उन्हें सिर झुकाकर प्रणाम करता हूं। उन्होंने कहा कि एनडीए के नेताओं ने मुझे नई जिम्मेदारी दी है। पिछली बार आपने मुझे चुना था तो मैंने एक शब्द का इस्तेमाल किया था-विश्वास...जो आज भी अटूट है. यह पल मुझे भवुक करने वाला है. इसके लिए आपका जितना धन्यवाद दूं वो कम है।

**मैं एनडीए का नेतृत्व को तैयार हूं : मोदी :** पीएम मोदी ने एनडीए के सभी घटक दलों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि सभी पार्टियों ने उन्हें फिर से एनडीए का नेता चुना है, इसके लिए उनका बहुत-बहुत धन्यवाद। मोदी ने कहा कि सभी दलों ने मुझ पर विश्वास जताया है, मैं पूरी कोशिश करूंगा कि उनकी उम्मीदों पर खरा उतर सकूं और मैं यह भूमिका स्वीकार करता हूं। बैठक के बाद मोदी ने लाल कृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी से भेंट कर आशीर्वाद लिया।

**इतिहास का सबसे सफल गठबंधन :** बैठक में मोदी ने कहा कि तमिलनाडु में भले एक भी सीट ना मिली हो लेकिन वहां हमारा वोट प्रतिशत बढ़ा है। उन्होंने कहा कि यह भारत के इतिहास का सबसे सफल गठबंधन है, हमारा उद्देश्य हमारे सभी फैसलों में आम-सहमति पाने का होगा। मोदी ने कहा, आज जब आप मुझे यह भूमिका दे रहे हैं, तो इसका मतलब है कि हमारे बीच विश्वास का पुल बहुत मजबूत है। यह रिश्ता विश्वास की मजबूत नींव पर है जो सबसे बड़ी पूंजी है। एनडीए : नया भारत, विकसित भारत, आकांक्षी भारत : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि अगर मैं एक तरफ एनडीए और भारत के लोगों की आकांक्षाओं और संकल्पों को रखूं, तो मैं कहूंगा - एनडीएः नया भारत, विकसित भारत, आकांक्षी भारत।

### सांसद गलत फोन...

उनकी ओर से भी यह खबर आ रही है कि अटल सरकार के समय में स्पीकर का पद उनकी पार्टी के पास था। खबरें हैं कि टीडीपी को आईटी मंत्रालय दिया जा सकता है, क्योंकि चंद्रबाबू नायडू जब संयुक्त आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री थे, तब उन्होंने साइबराबाद का विकास किया था। आज यह शहर आईटी के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान रखता है। शिक्षा मंत्रालय को लेकर यह खबर है कि भाजपा यह नहीं चाहेगी कि इस मंत्रालय को किसी सहयोगी दलों को दी जाये, क्योंकि पार्टी विचारधारा के आधार पर अगर कुछ बदलाव करना चाहेगी, तो उसे सुविधा होगी, अन्यथा दूसरे दलों के पास यह मंत्रालय चला जाएगा, तो उनके लिए मुश्किल होगी। राजनीतिक सूत्रों के अनुसार मोदी सरकार की प्राथमिकता मूलभूत ढांचा को विकसित करने पर रही है। लिहाजा सड़क परिवहन, युवाओं से जुड़े विभाग और एग्रीकल्चर मंत्रालय भाजपा अपने पास रख सकती है।

### मोदी कैबिनेट 3.0 में...

नीतीश कुमार का ईबीसी पर जोर रहा है और यह समुदाय उनका बड़ा वोट बैंक रहा है। अटल बिहारी वाजपेयी की अगुवाई वाली एनडीए सरकार में जदयू कोटे से चार मंत्री थे। नीतीश कुमार खुद तब कई मंत्रालयों को संभाल चुके थे। बाद में वह रेल मंत्री रहे थे। हालांकि, तब लोकसभा में जेडीयू के 21 सांसद थे। इस बार पार्टी के सिर्फ 12 सांसद ही जीतकर संसद पहुंचे हैं। दरअसल, अगले साल बिहार में विधानसभा चुनाव होने हैं। भाजपा कह चुकी है कि नीतीश की ही अहुवाई में विधानसभा चुनाव लड़ेगी। इसलिए नीतीश कुमार केंद्र में अहम मंत्रालयों के साथ-साथ राज्य को विशेष दर्जा दिलाने और देशभर में जातीय जनगणना कराने की मांग कर रहे हैं। इसके जरिये वह एक तरफ राष्ट्रीय स्तर पर पिछड़े समुदाय के बड़े नेता बनना चाहते हैं और दूसरा अधिक और मलाईदार मंत्रालय और विशेष दर्जा पाकर राज्य में कुछ नयी परियोजनाएं लाना चाहते हैं, ताकि उनकी विकास पुरुष की छवि में और निखार आ सके।

## स्पीड न्यूज

### धुरकी पुलिस ने किया अवैध बालू लोड ट्रैक्टर जप्त



जप्त ट्रैक्टर।

**धुरकी।** थाना क्षेत्र के कनहर नदी के बेवनरवा बालू घाट से बालू की चोरी कर ट्रैक्टर से लिखनीधोरा उर्फ कदवा जंगल के रास्ते ले जा रहे दो बालू ट्रैक्टर को धुरकी पुलिस ने जप्त किया है। जिस संबंध में अग्रेतर कार्रवाई के लिए जिला खनन पदाधिकारी गढ़वा को पत्राचार किया जा रहा है। इस कार्रवाई से आसपास के बालू माफिया में हड़कंप है। इस संबंध में धुरकी थाना प्रभारी ने कहा कि अवैध बालू की ढुलाई किसी भी हाल में नहीं होने दिया जाएगा। पुलिस लगातार छापामारी जारी रखेगी। ज्ञात हो कि एक दिन पूर्व भी धुरकी पुलिस ने अवैध बालू लोड ट्रैक्टर को पकड़ कर कार्रवाई की थी।

### करंट लगने से गर्भवती महिला की मौत



**अररिया।** सिमराहा ओपी थाना क्षेत्र के औराही पश्चिम पंचायत धमदाहा वार्ड संख्या 14 निवासी गर्भवती महिला गुंजन देवी पति जयप्रकाश मंडल की करंट लगने से मौत हो गई। गुंजन देवी खेत खलियान की ओर अपने फसल को देखने के लिए गई हुई थी। वहां सिंचाई के लिए मोटर का बिजली का तार उसी ओर से अपने खेत तक ले गया था।तार के कई स्थानों पर कटे होने के कारण गुंजन देवी उसके चपेट में आ गई और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गये। परिवार सहित पूरे गांव में घटना से सभी स्तब्ध हो गए और पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया। घटना की सूचना मिलने के बाद भाजपा पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दिलीप पटेल भी मौके पर पहुंचे और शोक संतप्त परिवार वालों का ढांढस बंधाया। भाजपा नेता ने परिजनों को सकारात्मक पहल कर समुचित मुआवजा दिलाए जाने का आश्वासन दिया।

## पीएलवी ने राहगीरों को पिलाया ठंडा पानी



पानी पिलाते पीएलवी।

**गढ़वा।** माननीय उच्च न्यायालय झालसा रांची के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार अध्यक्ष राजेश शरण सिंह एवं सचिव रवि चैधरी के आदेशानुसार शहर के रंका मोड़ स्थित संकट मोचन के समीप स्टॉल लगाकर राहगीरों के ठंडा पानी पिलाया गया। इस दौरान लगभग 450 लोगों के बीच ओआरएस मिलाकर पानी का वितरण किया गया। मौके पर पीएलवी मुरली श्याम तिवारी एवं कृष्णानंद दुबे ने हीट वेव को देखते हुए बताया कि ओआरएस का घोल पीते रहें। ज्यादा जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकले, पेट खाली नहीं रखें, कपड़े से शरीर को ढक के रखें, अगर किसी तरह की परेषानी आ रही है तो तुरंत डॉक्टर से मिले। साथ ही उन्होंने बताया कि जिन लोगों को ब्लॉक, अंचल में नामांतरण हो या सीमांकन हो तथा थाना एवं जिला से कोई कार्य लंबित है, वे अपना आवेदन चलंत लोक अदालत या जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा सचिव को दें। आवेदन पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। साथ ही निःशुल्क कानूनी सहायता दिलाने के लिए हर संभव मदद किया जाएगा। मौके पर पीएलवी संगीता सिन्हा, कल्पना देवी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## भूमि दाता की मौत पर शोक सभा



मौन रखते लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र के इकलौता महाविद्यालय शिवेशर चंद्रवंशी महाविद्यालय के भूमि दाता सह नगर पंचायत के वार्ड नंबर 4 के मझिआंव खुर्द निवासी राजग्रुही राम लगभग 80 वर्ष की मौत 6 जून की शाम में हो गई। इसकी सूचना मिलते ही 7 जून दिन शुक्रवार को शिवेशवर चंद्रवंशी इंटर कॉलेज परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें शिवेशवर चंद्रवंशी यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी के नेतृत्व में शोकसभा आयोजित कर मृतक की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर भगवान से प्रार्थना की गई। शोक सभा के बाद कॉलेज शुक्रवार को छुट्टी कर दिया गया। भूमि दाता के नये आवास पृथ्वी चक जाकर कुलाधिपति सहित अन्य के द्वारा पुष्पांजलि अर्पित किया गया, तथा मृतक के पुत्र बृजमोहन राम एवं श्यामलाल राम को कुलाधिपति के द्वारा आर्थिक सहयोग किया गया तथा आगे भी सहयोग करने की बात कही। उन्होंने बताया कि राजग्रूही राम एक काफी अच्छे एवं कड़क दानवीर व्यक्ति थे, जिन्होंने बिना परवाह किए ही कॉलेज के लिए भूमि दान किया। अंतिम संस्कार स्थानीय कोयल नदी श्मशान घाट पर कर दिया गया। मौके पर कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, विश्वविद्यालय के सिंडिकेट सदस्य सह विधायक प्रतिनिधि संजय कुमार सिंह, डिग्री कांलेज के प्राचार्य संजीत कुमार, इंटर कालेज के प्राचार्य मिथलेश प्रसाद सिंह, भाजपा नेता दिवाकर दुबे, नपं मंडल अध्यक्ष पवन कुमार, प्रो. राम विनय मेहता, ओम प्रकाश गुप्ता, महेंद्र प्रजापति, प्रेम कुमार दीक्षित, आफताब आलम, राजू कुमार राम, रविन्द्र मेहता, रेनू कुमारी, सुमन कुमारी, राम सकल यादव, अखिलेश विश्वकर्मा, विरेंद्र सिंह कुशवाहा, लक्ष्मीकांत, बबलू चंद्रवंशी, कृष्णा ठाकुर, मनोज सिन्हा आदि उपस्थित थे।

## गढ़वा के खिलाड़ियों में है ओलम्पिक खेलने की प्रतिभा : अलख

### टेबल टेनिस की बॉल को अपने नन्हे हाथों से थिरकाने की ली ट्रेनिंग

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढवा।** हर पतंग को एक दिन कचरे के डब्बे में जाना होता है, उसके पहले आसमान छूकर दिखाना होता है इस युक्ति को चरितार्थ कर रहे हैं गढ़वा के छोटे बच्चे। देह चिर देने वाली लू और 43-44 डिग्री की भीषण गर्मी का प्रवाह किये बिना ये बच्चे न सिर्फ घर से बाहर निकले बल्कि एक तल्ले की पक्के मकान के अंदर बिना पंखा एवं कूलर के 6-6 घण्टे पसीना बहाते रहे। ये बच्चे जिला मुख्यालय स्थित वन विभाग के सभागार में गढ़वा जिला टेबल टेनिस एसोशिएशन के तत्वावधान में आयोजित छह दिवसीय समर कैम्प में प्रशिक्षण लेने आये थे। बता दें कि टेबल टेनिस का खेल शायद ही किसी छोटे जिले में खेला जाता होगा। लेकिन गढ़वा के खिलाड़ियों ने बीते चार-पांच वर्षों में इस खेल को न सिर्फ आत्मसात किया है बल्कि वे अपनी खेल कुशलता के बदौलत राष्ट्रीय स्तर के



टेबल टेनिस के समर कैम्प में शामिल खिलाड़ी।

प्रतियोगिता में भी निरन्तर भाग ले रहे हैं। अब तक जिले के 18 खिलाड़ी टेबल टेनिस का नेशनल प्रतियोगिता खेल चुके हैं जिन्हें सरकार स्कालरशिप भी दे रही है। झारखण्ड राज्य में गढवा की टीम लगातार सेकंड टॉपर का स्थान प्राप्त करती आ रही है। समर कैम्प में शामिल खिलाड़ी हजारीबाग में आयोजित क्वॉलिफाइंग प्रतियोगिता में भाग लेंगे। उसमें चयनित खिलाड़ियों को गढ़वा में ही आयोजित होने वाले इस वर्ष के स्टेट चैंपियनशिप में खेलने का मौका दिया जाएगा।

समर कैम्प का उद्घाटन दो जून को किया गया था जिसका समापन सात जून को किया गया। समापन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि गढ़वा वन प्रमंडल पदाधिकारी (डीएफओ) दिलीप कुमार यादव ने कहा कि इतने छोटे उम्र के बच्चे नेशनल खेल रहे हैं, यह गढ़वा के लिए गर्व की बात है। वह जब तक गढ़वा में रहेंगे वन विभाग का यह हॉल टेबल टेनिस खिलाड़ियों के लिए समर्पित रहेगा। खिलाड़ियों को वह कुछ और सहयोग के लिए सोंच रहे हैं ताकि नेशनल गेम में उनके लिए उपकरण बाधा न बने। समापन कार्यक्रम में एसोशिएशन के संरक्षक अलखनाथ पांडेय ने भी खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया। कहा कि यहां के टेबल टेनिस खिलाड़ियों में ओलॉम्पिक खेलने की प्रतिभा है। एसोशिएशन उन प्रतिभाओं को निखारने का बड़ा काम कर रहा है। जल्द ही गढ़वा टेबल टेनिस के लिए पूरे विश्व में जाना जाएगा। इस मौके पर खिलाड़ियों को टी-शर्ट प्रदान कर सम्मानित किया गया। मौके पर एसोशिएशन के अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, उपाध्यक्ष नन्दकुमार गुप्ता, धनंजय सिंह, सुशील केशरी, संजय सोनी, चन्द्रभूषण सिन्हा, सचिव आनन्द सिंह, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे सहित कई अभिभावक एवं खेल शिक्षक भी उपस्थित थे। समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता मदन प्रसाद केशरी, संचालन कमलेश दुबे एवं धन्यवाद ज्ञापन सुशील केशरी ने किया।

स्पीड न्यूज

## नेपाल ने बांग्लादेशी सांसद के हत्यारोपी को भारत को सौंपा

कोलकाता। नेपाल ने कोलकाता में बांग्लादेशी सांसद अनवारुल अजीम अनार की नृशंस हत्या के मुख्य आरोपी में से एक बांग्लादेशी नागरिक को भारत को प्रत्यर्पित किया है। शुक्रवार को पश्चिम बंगाल सीआईडी ने यह जानकारी दी। सोमवार सुबह नेपाल की इंटरपोल शाखा ने मोहम्मद सियाम हुसैन को भारतीय अधिकारियों को सौंप दिया। सांसद की हत्या के बाद नेपाल भागे हुसैन को पिछले गुरुवार को नेपाल के सीमावर्ती इलाके से गिरफ्तार किया गया था।

## गाजियाबाद में तेजस के दो डिब्बे बेपटरी

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को तेजस एक्सप्रेस के दो डिब्बे पटरी से उतर गए। ट्रेन को आनन-फानन में रोका गया और गाजियाबाद रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म-4 पर इसको मरम्मत के बाद गंतव्य की ओर रवाना किया गया। रेलवे ने जांच के आदेश दिए हैं। अधिकारियों के मुताबिक गाजियाबाद स्टेशन पर पहुंचने से पहले ही ट्रेन के दो डिब्बे पटरी से उतर गए। गति कम होने के कारण बड़ा हादसा टल गया। मौके पर पहुंचे अधिकारी घटना के बारे में छानबीन कर रहे हैं। यह भी पता लगाया जा रहा है कि कहीं इस घटना के पीछे कोई साजिश तो नहीं है।

## यूक्रेन का रूस की तेल रिफाइनरी पर हमला

कीव। यूक्रेनी ड्रोन ने रूसी सीमा क्षेत्रों में एक तेल रिफाइनरी और एक ईंधन डिपो पर हमला किया है। साथ ही यूक्रेन ने यह भी दावा किया कि उसने मंगलवार रात रूस द्वारा यूक्रेन के क्षेत्रों को निशाना बनाने वाले 18 ड्रोन में से 17 को मार गिराया है। यूक्रेन रूस के हमलों को रोकने के लिए इन दिनों पश्चिमी देशों से समर्थन मांग रहा है। रोस्तोव के गवर्नर वासिली गोलूबेव ने कहा कि बुधवार रात भर हुए ड्रोन हमले में रूस के रोस्तोव क्षेत्र में नोवोशाख्तिंस्क रिफाइनरी पर हमला हुआ और आग लग गई। यूक्रेनी हमले से नुकसान का तत्काल आकलन नहीं हो सका है।

## रूस में चार भारतीय मेडिकल छात्र नदी में डूबे

**मास्को।** रूस में सेंट पीटर्सबर्ग के पास एक तेज बहाव वाली नदी में डूबने से चार भारतीय मेडिकल छात्रों की मौत हो गई। मरने वाले सभी छात्र हर्षल अनंतराव देसाले, जिशान अशपाक पिंजारी, जिया फिरोज पिंजारी और मलिक गुलामगौस मोहम्मद याकूब महाराष्ट्र के जलगांव के रहने वाले थे। वे नोवगोरोड स्टेट यूनिवर्सिटी में पढ़ते थे।

## मुंबई में अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 15 से

नयी दिल्ली। मुंबई में अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 15 जून से शुरू होगा। इस बार यह आयोजन मुंबई सहित दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई और पुणे में भी समानांतर रूप से आयोजित होगा, जिसमें अलग अलग भाषाओं की फिल्में दिखाई जाएंगी। यह आयोजन 21 जून, तक चलेगा। इसमें 110 बेहतरीन फिल्में दिखाई जाएंगी, जिसमें 25 अंतरराष्ट्रीय फिल्में हैं और 77 राष्ट्रीय फिल्में हैं।

## देश के 250 से अधिक सिनेमाघरों में रिलीज हुयी 'रंग दे बसंती'

**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव की फिल्म रंग दे बसंती शुक्रवार को 250 से अधिक सिनेमाघरों में रिलीज हो गयी। निर्माता रौशन सिंह और आर सिंह ने इस फिल्म को इतने बड़े स्तर पर रिलीज कर इतिहास रच दिया है। ओड़िशा, राजस्थान, हरियाणा, अहमदाबाद, बंगाल छत्तीसगढ़,हैदराबाद,चेन्नई और मध्य प्रदेश जैसे जगह पर भी फिल्म न सिर्फ रिलीज हुई है बल्कि दर्शकों ने इसे शानदार शुरूआत भी दी है।



## एनडीए के नेता चुने जाने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने आडवाणी और जोशी से लिया आशीर्वाद

**नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजग का सर्वसम्मित से नेता चुने जाने के बाद शुक्रवार को भाजपा के वयोवृद्ध नेता लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी से मिलकर आशीर्वाद लिया। मोदी ने श्री आडवाणी को पुष्पगुच्छ देकर उनका आशीर्वाद लिया और उनकी कुशलक्षेम पूछी। इसके बाद वह श्री जोशी से मिलने उनके आवास पर गये और उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने श्री जोशी को पुष्पगुच्छ प्रदान किया और आशीर्वाद लिया। श्री जोशी ने श्री मोदी को अंगवस्त्र पहनाया। मोदी ने उनके साथ कुछ देर बातचीत की तथा उनका हाल चाल पूछा।**

# कुछ इधर-उधर से जीत गया है अगली बार सब हारेगा : नीतीश

**जदयू अध्यक्ष ने भरोसा दिलाया कि सब दिन पीएम नरेंद्र मोदी और एनडीए के साथ रहेंगे**

**नयी दिल्ली।** बिहार के मुख्यमंत्री और जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने शुक्रवार को अपनी पार्टी की ओर से प्रधानमंत्री पद के लिए नरेंद्र मोदी को समर्थन देने का एलान किया। नीतीश कुमार ने भरोसा दिलाया कि वे सब दिन पीएम नरेंद्र मोदी और एनडीए के साथ रहेंगे। नीतीश ने कहा कि 10 साल से पीएम हैं और फिर पीएम होने जा रहे हैं। हमलोग पूरे तौर पर सब दिन इनके साथ रहेंगे। उन्होंने कहा कि कुछ इधर-उधर से जीत गया है अगली बार वो सब हारेगा। बिना मतलब का बात बोल-बोलकर क्या किया है, उनलोगों ने आज तक कोई काम नहीं किया है, देश की कोई सेवा नहीं की है। इस मौका के बाद आगे उनलोगों के लिए कोई गुंजाइश नहीं रहेगा। बिहार और देश और बहुत आगे बढ़ेगा। सबलोग ठीक हैं सबलोग मिलकर साथ चलेंगे। हम पूरा आपके साथ रहेंगे। मेरा आग्रह यही है कि जल्दी से जल्दी आपका काम शुरू हो जाए। आज ही शपथ हो जाता तो अच्छा होता। आपको जब इच्छा हो, जब भी हो जितना तेजी से काम हो उतना अच्छा होगा। आपके नेतृत्व में सबलोग काम करेंगे, हम सबलोग इनके साथ रहेंगे एकसाथ होकर जो कुछ भी करेंगे इनकी बात को मानकर आगे चलेंगे। जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने एनडीए संसदीय दल की मीटिंग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पांव छूकर फिर से सम्मान जताया है।

# इवीएम की अर्थी निकालने वालों के मुंह पर लगा ताला

## चार जून के पहले इवीएम को लगातार गाली दे रहा था इंडी गठबंधन : मोदी

**एजेंसी**

**चुनाव के समय हर तीसरे दिन आयोग के काम में बाधा आया**

**एक चाय वाला कैसे पीएम बना, कुछ तो गड़बड़ की होगी**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को एनडीए की संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए विपक्षी दलों पर जोरदार निशाना साधा। प्रधानमंत्री ने कहा कि 4 जून को चुनाव के नतीजे आ रहे थे, मैं अपने कुछ काम में व्यस्त था। बाद में मुझे फोन आने लगे। मैंने किसी को पूछा कि आंकड़े तो ठीक हैं। मुझे ये बताओ कि ईवीएम जिंदा है या मर गया। 4 जून के पहले ये लोग (इंडी गठबंधन) इवीएम को लगातार गाली दे रहे थे और ये लोग तय करके बैठे थे कि भारत के लोकतंत्र की प्रक्रिया के प्रति लोगों का विश्वास ही उठ जाए। मुझे तो लगता था कि इस बार ये लोग इवीएम की अर्थी जुलूस निकालेंगे, लेकिन 4 जून की शाम आते-आते उनके मुंह पर ताले लग गए, इवीएम ने उनको चुप कर दिया। ये भारत के लोकतंत्र की ताकत है। ये भारत की निष्पक्षता की ताकत है। मैं



आशा करता हूं कि अगले 5 साल इवीएम नहीं सुनाई देगा।

मोदी ने कहा कि मैंने चुनाव के समय पहली बार देखा है, शायद हर तीसरे दिन चुनाव आयोग के काम में रुकावट आए। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट के दरवाजे खटखटाए गए। इस काम में एक ही टोली थी। सुप्रीम कोर्ट का उपयोग करते हुए कैसे रुकावट डाले, इसका निरंतर प्रयास करते रहे और चुनाव आयोग की ताकत का एक बड़ा हिस्सा अदालतों में वो चुनाव के पीक आवर्स में यानी कितनी निराशा लेकर के यह लोग मैदान में आए थे कि उन्होंने पूरा हमला उस इंस्टीट्यूट पर लगा दो, ताकि चुनाव का कोई भी परिणाम आए ताकि हम भारत को भी दुनिया के सामने बदनाम कर लें। इस षड्यंत्र का हिस्सा था। लेकिन, देश इन लोगों को कभी भी माफ नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन वाले ईवीएम का विरोध करते हैं, मैं इसे सिर्फ चुनाव के रूप में नहीं देखता हूं। मैं मानता हूं ये लोग मन से पिछली शताब्दी की सोच वाले लोग हैं। वह टेक्नोलॉजी को महत्व नहीं देते हैं और न इसे स्वीकार करने के लिए तैयार हैं। ऐसा नहीं है कि ये सिर्फ ईवीएम में ही नहीं दिखाई दिया है, यूपीआई में दिखा। हमने कहा कि हिंदुस्तान के लोग डिजिटल ट्रांजैक्शन करेंगे। फिनटेक की दुनिया में आज हिंदुस्तान का नाम हो गया। ये मानने को तैयार नहीं हैं। आधार आज देश की एक पहचान बना है। कई देश कहते हैं कि हमें भी आधार की पद्धति से आगे बढ़ना है, आप कैसे मदद कर सकते हैं। उस आधार को लेकर बार-बार सुप्रीम कोर्ट में जाकर परेशानी पैदा की। इंडी गठबंधन के लोग प्रगति, आधुनिकता, टेकनोलॉजी के विरोधी हैं। उन्होंने आगे जिक्र किया कि मैं दुनिया में ढोल पीट रहा हूं कि हम मदर ऑफ डेमोक्रेसी हैं और ये दुनिया में जाकर बता रहे हैं कि डेमोक्रेसी नहीं है, मोदी आकर बैठ गए हैं, एक चाय वाला यहां पर कैसे पहुंच गया। कुछ तो गड़बड़ की होगी। इनका चुनाव प्रक्रिया के प्रति भारत के लोगों पर अविश्वास पैदा करने का षड्यंत्र है। मैं मानता हूं कि अब दुनिया भी भारत के लोकतंत्र की विविधता, विशालता, व्यापकता और गहनता सबको जानने और समझने के लिए आकर्षित होगी। ऐसे में इस बार के चुनाव के नतीजे देख रहा हूं।



**राष्ट्रपति को समर्थन पत्र सौंपते बिहार के सीएम नीतीश कुमार, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, टीडीपी अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू, महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ सिंदे व सुदेश कुमार महतो।**

# विश्व में तीसरी बड़ी इकॉनामी बननेवाला है भारत : नायडू

**टीडीपी सुप्रीमो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास और विकसित भारत के दृष्टिकोण का किया समर्थन**

**नयी दिल्ली।** तेलगु देशम पार्टी (टीडीपी ) नेता चंद्रबाबू नायडु ने संसदीय दल के नेता के तौर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम का गर्मजोशी से अनुमोदन किया। शुक्रवार को संसद भवन की पुरानी इमारत के संविधान सदन में अपने अभिभाषण के दौरान चंद्रबाबू नायडु ने कहा कि जिस दृष्टिकोण और उत्साह के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन वर्षों में काम किया है उसके मुताबिक वे देश के लिए सही समय पर सही नेता नेता हैं। लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन को बहुमत मिलने के बाद शुक्रवार को दिल्ली में संसदीय दल की बैठक हुई और इसमें सभी ने नरेन्द्र मोदी के नाम पर मुहर लगाई। इस बीच टीडीपी के नेता चंद्रबाबू नायडु ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम का अनुमोदन करते हुए उन्हें पूरा समर्थन की बात कही। उन्होंने मोदी सरकार के बीते 10 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों को गिनाते हुए बड़ा दावा किया। चंद्रबाबू नायडु ने कहा कि देश दुनिया में तीसरी बड़ी इकॉनामी बननेवाला है। चंद्रबाबू नायडु ने अपने अभिभाषण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास और विकसित भारत के दृष्टिकोण का समर्थन करते हुए तीसरी बार बन रही एनडीए के सरकार को देश के लिए बेहतर अवसर बताया। उन्होंने कहा कि यह भारत के विकास के लिए यह बेहतर अवसर है इस तरह का अवसर कभी नहीं मिलेगा। चंद्रबाबू नायडु ने कहा कि टीडीपी की ओर से प्रधानमंत्री पद के लिए नरेन्द्र मोदी का नाम का अनुमोदन करते हुए उन्हें गर्व हो रहा है। इसके साथ उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए के सामूहिक सहयोग से देश में कोई गरीबी नहीं रह जाएगी।

# कांग्रेस ने आप का छोड़ा साथ

**एजेंसी**

**दिल्ली में आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन केवल लोकसभा चुनाव तक था : पवन खेड़ा**

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के बाद अब कांग्रेस ने भी आप-कांग्रेस गठबंधन तोड़ने की औपचारिक बात कही है। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दोनों ने दिल्ली समेत कुल तीन राज्यों में गठबंधन के अंतर्गत लोकसभा चुनाव लड़ा था। कांग्रेस का कहना है कि आम आदमी पार्टी अब इंडिया गठबंधन में रहना चाहती है या नहीं, इसका जवाब आम आदमी पार्टी ही दे सकती है। कांग्रेस का कहना है कि आम आदमी पार्टी के साथ उनका गठबंधन केवल लोकसभा चुनाव तक के लिए था। कांग्रेस के ऐलान से स्पष्ट हो गया है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ते नजर आएंगे। गठबंधन के विषय पर शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि जब दिल्ली में आम आदमी पार्टी के साथ कांग्रेस का गठबंधन बना था, हमने तभी कह दिया था कि यह गठबंधन केवल लोकसभा





चुनाव तक के लिए है। गौरतलब है कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस का गठबंधन होने के बावजूद दोनों पार्टी सभी सातों सीटों पर चुनाव हार गई। दिल्ली की सभी सीटों पर न केवल भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव जीतने में सफल रही बल्कि उसके उम्मीदवारों को 50 प्रतिशत से अधिक वोट भी हासिल हुए हैं।

### अभी तो हुआ था निकाह तलाक भी हो गया : भाजपा

बीजेपी नेता शहजाद पूनावाला ने कहा कि अभी-अभी तो दिल्ली में आप-कांग्रेस का निकाह हुआ था और अभी तलाक भी हो गया। आम आदमी पार्टी के नेता कह रहे हैं कि अब दिल्ली में इंडिया गठबंधन नहीं रहेगा। यह बात ऐसे वक्त में कह रहे हैं, जब हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में उन्हें जीरो सीट मिली है। लोकसभा चुनाव में मुंह की खाने के बाद अब गोपाल राय कह रहे हैं कि यह रिश्ता यहीं खत्म हुआ। अब दिल्ली विधानसभा चुनाव में दोनों के बीच कोई रिश्ता नहीं है। बीजेपी नेता ने कहा कि वैसे भी यह मतलब का ही गठबंधन था। दिल्ली में दोस्ती कर रहे थे और पंजाब में कुश्ती। वहीं चंडीगढ़ में मस्ती कर रहे थे। इट वाज द फ्रेंडशिप ऑफ बेनिफिट, जिसका मतलब है कि बेनिफिट खत्म तो फ्रेंडशिप खत्म। वैसे भी कुछ दिनों पहले जो निकाह फरमाया था, वो अब तीन तलाक में खत्म हो गया।

## सोन ने इएसआइसी के महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार संभाला



**नयी दिल्ली।** श्रम और रोजगार मंत्रालय में श्रम कल्याण के अतिरिक्त सचिव और महानिदेशक के रूप में कार्यरत कमल किशोर सोन कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार संभाल लिया है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कमल किशोर सोन झारखंड कैडर के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी हैं। सोन का झारखंड राज्य में भूमि राजस्व प्रबंधन और जिला प्रशासन, कृषि और पारस्परिक सहायता, स्वास्थ्य, भवन निर्माण, परिवहन, वित्त, ऊर्जा, जल संसाधन, सामाजिक न्याय और हस्तांतरण सहित विभिन्न विभागों के शासन और प्रबंधन में व्यापक अनुभव है।

## कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन का नया पोस्टर रिलीज



**मुंबई।** बहुप्रतीक्षित फिल्म कल्कि 2898 एडी के निर्माताओं ने महानायक अमिताभ बच्चन का अश्वत्थामा के रूप में एक नया पोस्टर रिलीज किया है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। कल्कि 2898 एडी का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर 10 जून को रिलीज होने के लिए तैयार है। इससे पूर्व कल्कि 2898 एडी के निर्माताओं ने महानायक अमिताभ बच्चन का अश्वत्थामा के रूप में एक नया पोस्टर रिलीज किया है। पोस्टर में अमिताभ अपने अस्त्र को पकड़े हुए और माथे पर एक दिव्य मणि पहने हुए, आकर्षक और युद्ध के लिए तैयार दिख रहे हैं। वह युद्ध के मैदान के बीच में खड़े हैं और उनके पीछे एक आदमकद वाहन है, जिसके साथ कुछ लोग जमीन पर गिरे हुए हैं।

# महाराष्ट्र में सियासी उलटफेर की आहट

**एजेंसी**

**▸▸ शिंदे समूह की शिवसेना के छह विधायक उद्धव ठाकरे और राकांपा अजीत पवार गुट के करीब 16 विधायक शरद पवार के संपर्क में**

**मुंबई।** महाराष्ट्र में लोकसभा नतीजे के बाद बदल सकता है सियासी समीकरण। शिंदे समूह की शिवसेना के 6 विधायक उद्धव ठाकरे और राकांपा अजीत पवार गुट के करीब 16 विधायक शरद पवार के संपर्क में हैं। निर्दलीय विधायक बच्चू कडू भी वर्तमान शिंदे सरकार से नाराज बताये जा रहे हैं।

उन्होंने 10 निर्दलीय विधायकों के साथ शिंदे सरकार का समर्थन किया था। लोकसभा चुनाव नतीजों के बाद गुरुवार को राकांपा अजीत पवार गुट की ओर विधायकों की बैठक बुलाई गई, जिसमें 5 विधायक अनुपस्थित थे। इसी के बाद राकांपा शरद पवार गुट के विधायक रोहित पवार ने दावा किया कि अजीत पवार गुट के करीब 16 विधायक शरद पवार के संपर्क में हैं। इन सभी विधायकों की घरवापसी के बारे में विचार विमर्श जारी है। हालांकि, राकांपा अजीत पवार के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे ने इसका खंडन करते हुए कहा कि कोई भी विधायक शरद पवार की पार्टी नें नहीं जाएगा, लेकिन फिर भी अंदरूनी जोड़-तोड़ जारी रहने की जोरदार चर्चा है। इसी तरह शिवसेना शिंदे समूह के कई विधायक एकनाथ शिंदे की बैठक में कल हुई बैठक से अनुपस्थित थे। इसके बाद चर्चा है कि शिंदे समूह के करीब छह विधायक उद्धव ठाकरे की शिवसेना में वापस आने को तैयार हैं। हालांकि, शिवसेना शिंदे समूह के प्रवक्ता ने कहा कि ऐसी कोई बात नहीं है। लोकसभा चुनाव में हमारे सात उम्मीदवार जीते हैं, जिनमें किसी भी तरह का असंतोष नहीं है। शिवसेना उपनेता सुषमा अंधारे ने कहा कि शिंदे समूह के कई विधायक बहुत पहले से ही उद्धव ठाकरे की शिवसेना में लौटना चाहते हैं, लेकिन पार्टी में निष्ठावान कार्यकताओं को इन विधायकों की घर वापसी पसंद नहीं है।

Er. Partha Pal



B.Tech (Civil), Chartered Engineer AM184847-2
LICENSE: MADA/ENG/0002/2019 DMC/ENG/0021/2016
Address : LIG-283, Housing Colony, Dhanbad - 826001 (Jharkhand)
mobile no: **98351 29422**
**e-mail: palpartha078@gmail.com**
Work for Building Plan Estimate Valuation Residential (Vastu Kala) & Commercial Bldg. Lay Out • Structural Design Lay Out (3D view) Dealings in 'Land Property'
Licence engineer in DMC, CHIRKUNDA NAGAR PANCHYAT AND CHAS NAGAR NIGAM
हमारे यहां भवन के नक्शा से जुड़े सभी प्रकार के कार्य किए जाते है।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !